www.epaper.azadsipahi.in

16 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 354



खुद को जंगलराज की आंच से बाहर निकालना चाहते हैं तेजस्वी






## घाटशिला उपचुनाव

# सोरेन आमने-सामने

## झामुमो ने सोमेश सोरेन और भाजपा ने बाबूलाल सोरेन को बनाया प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** घाटशिला उपचुनाव के लिए दोनों प्रमुख दल झामुमो और भाजपा ने बुधवार को अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये। झामुमो की ओर से पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन और भाजपा की ओर से पूव मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन चुनाव मैदान में होंगे। बताते चलें कि रामदास सोरेन के निधन के कारण घाटशिला सीट खाली हुई है। यहां 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 नवंबर को परिणाम आयेगा।




### पिता की विरासत को आगे बढ़ायेंगे सोमेश

कोल्हान की घाटशिला विधानसभा सीट दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को झामुमो से टिकट मिला। झामुमो की केंद्रीय समिति की बैठक में बुधवार को उन्हें टिकट देने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। झारखंड में अब तक हुए उपचुनावों में झामुमो ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। इस बार पार्टी उसी सिलसिले को बरकरार रखने की तैयारी में है। सोमेश सोरेन पिता की विरास संभालने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं।

### पार्टी ने फिर से बाबूलाल सोरेन पर जताया भरोसा

घाटशिला उपचुनाव में बाबूलाल सोरेन भाजपा के प्रत्याशी होंगे। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने उनके नाम की घोषणा कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन दूसरी बार भाजपा के टिकट से घाटशिला में चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले बीते विधानसभा चुनाव में बाबूलाल सोरेन को हार मिली थी, लेकिन पार्टी ने फिर भी उन पर भरोसा जताया है। पार्टी को उम्मीद है कि बाबूलाल सोरेन घाटशिला में जीत दर्ज करेंगे। कार्यकर्ता उनके समर्थन में प्रचार करने के लिए उत्साहित हैं।

## लक्ष्य साफ, एनडीए को हराना है: हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झामुमो की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान ही पार्टी की ओर से घाटशिला उपचुनाव के लिए सोमेश सोरेन को उम्मीदवार घोषित किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें पार्टी का सिंबल और टिकट सौंपते हुए विजय का आशीर्वाद दिया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव और बिहार विधानसभा चुनाव दोनों ही जगह झामुमो पूरी मजबूती से मैदान में उतरेगा। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि एनडीए को हराना और जनता की आवाज को मजबूत बनाना। उन्होंने कहा कि बिहार में सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है। जल्द ही निर्णय ले लिया जायेगा। बैठक में विधायक कल्पना सोरेन, केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय, प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, सभी विधायक, सांसद तथा वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।



# बिहार चुनाव: जदयू की पहली लिस्ट जारी, 57 उम्मीदवार घोषित

### नीतीश ने चिराग की पांच सीटों पर उतारे उम्मीदवार, चार विधायकों के टिकट काटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए जदयू ने बुधवार को अपने 57 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में जदयू ने तीन बाहुबलियों को टिकट दिया है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धुमल सिंह, कुचाएकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतरा है। लिस्ट में एक भी मुस्लिम नाम नहीं है। 10 अनुसूचित जातियों के उम्मीदवारों को उतार गयाा है। सूची में छह मंत्री भी हैं। चार महिलाओं को भी टिकट मिला है। वहीं, जदयू की पहली सूची में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। चार विधायकों का टिकट कटा है। बताते चलें कि विधानसभा चुनाव में जदयू 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राज्य में 6 और 11 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। जबकि परिणाम 14 नंवबर को आयेगा।

**चिराग के दावे वाली 5 सीटों पर उतारे उम्मीदवार:** जदयू ने चिराग के दावे वाली पांच सीटों सोनबरसा, अलौली, राजगीर, एकमा और मोरबा पर भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस तरह चिराग पासवान को मिली पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उससे लगा रहा है कि नीतीश कुमार ने सीट शेयरिंग पर एनडीए के फॉर्मूले को बिगाड़ दिया है। बता दें कि पासवान की एलजेपी (आर) को 29 सीटें मिली है। इसमें से पांच पर अब जदयू के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

**सम्राट के लिए छोड़ी अपनी सीटिंग सीट :** नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के लिए अपनी सिटिंग सीट छोड़ दी है। पिछली बार तारापुर जदयू के खाते में थी। इस बार यहां से भाजपा कोटे से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी लड़ेंगे। वहीं परबत्ता सीट भी जदयू ने गठबंधन के लिए छोड़ी है। 2020 में परबत्ता जदयू के खाते में थी।

**एलजेपी (आर) की पहली लिस्ट में 14 उम्मीदवार:** चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (आर) ने बुधवार को अपने 14 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पूर्वी चंपारण के गोविंदगंज से राजू तिवारी, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, सीवान के दरौली से विष्णु देव परासर, सारण के गरखा से सीमांत मृणाल, बेगूसराय के साहिबपुर कमाल से सुरेन्द्र कुमार को टिकट मिला है। सीमांत मृणाल उर्फ प्रिंस चिराग पासवान के भांजे हैं। वहीं, 14 उम्मीदवारों में दो महिलाओं को भी टिकट दिया गया है। पार्टी ने अफ्पने कोटे के 29 में 14 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। शेष 15 उम्मीदवारों की घोषणा जल्द होगी। सूत्रों के अनुसार महुआ और चकाई विधानसभा सीट को लेकर पेंच फंसा है।

### भाजपा ने 12 नामों की दूसरी लिस्ट जारी की



**पटना (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने बुधवार को 12 नामों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में दो नामचीन चेहरों को जगह मिली है। लोक गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर से टिकट दिया है। मैथिली ठाकुर एक दिन पहले 14 अक्टूबर को ही भाजपा में शामिल हुईं थीं। वहीं, बक्सर से पूर्व आपीएस आनंद मिश्रा को उतारा गया है। आनंद मिश्रा 19 अगस्त को भाजपा में शामिल हुए थे। बतातें चलें कि भाजपा ने मंगलवार को 71 सीटों पर उम्मीदवार को घोषणा की थी। अब तक कुल 83 उम्मीदवारों का ऐलान हो चुका है। पार्टी 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 18 सीटों पर कैंडिडेट की घोषणा बाकी है।






## जर्जर उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत सुधरने के आसार

### बीडीओ ने भवन का कराया निरीक्षण

### 'आजाद सिपाही' में छपी खबर का असर


उद्घाटन की राह तकते-तकते खंडहर बने रातू प्रखंड में तीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन

■ बनापीढ़ी, जाड़ी और हुरहुरु में 12 साल पहले बनाये गये थे भवन
■ प्रत्येक भवन पर 22 लाख रुपये की लागत आयी थी
■ डॉक्टर और पारा मेडिकल कर्मी धुमकुड़िया भवन में मरीजों का इलाज करते हैं

वर्ष 2013-14 में बने थे भवन

घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया

उप स्वास्थ्य केंद्र की जानकारी नहीं: सीएचसी प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू प्रखंड के जर्जर उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत सुधरने की उम्मीद जगी है। रातु प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने जर्जर उप स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया। बताते चलें कि दो दिन पहले 'आजाद सिपाही' अखबार ने इससे संबंधित खबर (उद्घाटन की राह ताकते-ताकते खंडहर बना रातू प्रखंड में तीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन) छापा था। इस खबर के बाद प्रशासन ने जांच प्रक्रिया शुरू की है। बीडीओ के आदेश पर टीम ने हुरहुरी, बनापीडी और जाड़ी गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच की। टीम में जेइ अविनाश कुमार, सैफुल्लाह अंसारी, संजय मुंडा, पंचायत सेवक के अलावा एएनएम भी शामिल थे।

हुरहुरी के उप स्वास्थ्य केंद्र का दरवाजा खोलने पर वहां सैकड़ो की संख्या में सिगरेट के खाली पैकेट, नशा करने का अन्य सामान और ताश के पत्ते बिखरे पड़े मिले। जांचकर्ताओं ने बताया कि केंद्र के पीछे की खिड़की और ग्रिल टूटे हुए थे। संभवतः इसी से स्वास्थ्य केंद्र में घुसकर लोग आते थे। उन्होंने बताया कि भवन तैयार होने के बाद विभाग को हैंड ओवर नहीं किया गया है। इसी तरह अन्य भवनों के दरवाजे, ग्रिल और खिड़की टूटे हुए थे। इसके अलावा पानी के लिए लगे पंप और पाइप भी चोरी हो गये हैं। दरवाजा खिड़की लगाया नही गया है। जांच करने वाले अधिकारी जल्द ही बीडीओ को रिपोर्ट सोपेंगे। इस संबंध में बात करने के लिए बीडीओ शैलेंद्र कुमार चौरसिया से बात करने की कोशिश की गयी, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# गोलियों से तड़तड़ायी राजधानी

## दिनदहाड़े कटहल मोड़ पर कारोबारी को मारी गयी आधा दर्जन गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**नगड़ी।** राजधानी के कटहल मोड़ में अपराधियों ने एक कारोबारी को दिनदहाड़े कई गोलियां मारी। अपराधियों की गोलीबारी में घायल कारोबारी राधेश्याम साहू को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उनकी हालत गंभीर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राधेश्याम साहू हर दिन की तरह अपनी दुकान शांभवी इंटरप्राइजेज के पास खड़े थे। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। दिनदहाड़े फायरिंग होने की वजह से थोड़ी देर के लिए कटहल मोड़ के पास हड़कंप मच गया। राधेश्याम साहू को गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। राधेश्याम साहू कटहल मोड़ में छड़ और सीमेंट का कारोबार करते हैं।



### कई थानों की टीम पहुंची

दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की सूचना मिलते ही रांची के ग्रामीण एसपी, रातू थाना प्रभारी, नगड़ी थाना प्रभारी और पुंदाग ओपी प्रभारी भी मौके पर पहुचे। पुलिस की टीम ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। मौके पर एफएसएल की टीम से भी जांच करवाई गयी है। पुलिस की टीम को कुछ सीसीटीवी फुटेज भी हाथ लगा है, जिसमें अपराधी नजर आये हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

### अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जांच जारी

रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि कारोबारी को गोली अज्ञात अपराधियों के द्वारा मारी गयी है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार तहकीकात की जा रही है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। वहीं राधेश्याम के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।













आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# खुद को साबित और स्थापित करने के लिए दोनों प्रत्याशियों के लिए मौका है घाटशिला उपचुनाव

## ■ चुनाव को कहीं से भी हलके में नहीं ले रहा झामुमो, भाजपा के लिए अवसर है यह चुनाव, मिल सकती है ऊर्जा

## ■ राजनीतिक विरासत को विस्तार देगा घाटशिला उपचुनाव का परिणाम

अरुण सिंह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए प्रमुख प्रतिद्वंदी पार्टियां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने-अपने प्रत्याशी के नाम की विधिवत घोषणा कर दी हैं। झामुमो से सोमेश चंद्र सोरेन और भाजपा से बाबूलाल सोरेन उम्मीदवार बनाये गये हैं। बाबूलाल सोरेन वर्ष 2024 में घाटशिला सीट पर अपनी किस्मत आजमाने उतरे थे। पिछले चुनाव में बाबूलाल सोरेन ने भाजपा के वोटों में लगभग 20 हजार का जबरदस्त इजाफा किया था और लगभग 76 हजार वोट हासिल करने में सफलता हासिल की थी, लेकिन तत्कालीन विधायक झामुमो प्रत्याशी रामदास सोरेन के पक्ष में लगभग 98 हजार वोट पड़े थे और पार्टी की ओर से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद बाबूलाल सोरेन को हार का मुंह देखना पड़ा था। अब पार्टी ने पुनः बाबूलाल सोरेन पर भरोसा जताया है। बाबूलाल सोरेन दूसरी बार चुनावी अखाड़े में उतरे हैं, जबकि सोमेश चंद्र सोरेन पहली बार चुनाव मैदान में हैं। पूर्व मंत्री रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई इस सीट पर हो रहे उपचुनाव में झामुमो के केंद्रीय नेतृत्व ने स्व. रामदास सोरेन के बड़े पुत्र सोमेश सोरेन को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन पर फिर से दांव खेला है। दोनों ही उम्मीदवार राजनीति के दिग्गजों के पुत्र हैं। दोनों ही प्रत्याशी अपनी राजनीतिक विरासत के साथ चुनावी जंग में आमने-सामने हैं।

### पासा किस ओर जाकर ठहरेगा कहना जल्दबाजी

झाममो सुप्रीमो हेमंत सोरेन किसी भी कीमत पर इस सीट को खोना नहीं चाहेंगे। इसी तरह चंपई सोरेन भी अपनी पूरी ताकत झोंकेंगे और चुनावी राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। दोनों प्रत्याशी घाटशिला के एक-एक गांव, एक-एक टोला की खाक छानने में लग गये हैं।

बाबूलाल सोरेन का राजनीतिक भविष्य इस चुनाव के परिणाम से तय होगा, क्योंकि भाजपा ने दुबारा उन्हें मौका दे दिया है। इस बार उनके लिए आर-पार वाली स्थिति है। झामुमो भी अच्छी तरह से जनता है कि बाबूलाल सोरेन के पीछे उनके राजनीतिक दिग्गज पिता चंपई सोरेन के साथ-साथ भाजपा का पूरा लाव-लश्कर तैनात है। दोनों प्रमुख पार्टियां कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। राजनीति में संभावना होती हैं कि चुनावी फिजा समय के हिसाब से बदलता रहता है। पासा किस ओर जाकर ठहरेगा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।




आजाद सिपाही खास

### दिग्गजों का महाजुटान होगा

घाटशिला उपचुनाव को लेकर झामुमो और भाजपा में एक बात में समानता देखने को मिली है। दोनों ही पार्टियों ने 15 अक्टूबर को अपने-अपने उम्मीदवार के नाम घोषित किये हैं। इतना ही नहीं, दो ही मुख्य प्रतिद्वंदी 17 अक्टूबर को अपना चुनावी नामांकन पर्चा दाखिल करने की तैयारी में हैं। सोमेश सोरेन के नामांकन सभा में स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन मौजूद रहेंगे। झामुमो और सहयोगी दलों के मंत्री, विधायक भी शुक्रवार को सर्कस मैदान दाहीगोड़ा के मंच पर दिखलायी पड़ेंगे। मुख्यमंत्री को रांची से सभा स्थल घाटशिला तक लाने वाले हेलीकाप्टर के लिए चुनाव आयोग से 10 से 2 बजे तक का परमिशन लिया जा चुका है। बुधवार को टेक्निकल टीम एवं सुरक्षा कर्मी सभा स्थल एक हेलीपैड का निरीक्षण कर चुके हैं। दूसरी ओर, भाजपा का नामांकन सभा मऊभंडार स्थित फुटबॉल मैदान में होगा। प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के साथ मंच पर पार्टी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही समेत कई अन्य प्रमुख चेहरे दिखायी देंगे।

नामांकन सभा को जानदार-शानदार और यादगार बनाने में दोनों ही पार्टी के कर्ता-धर्ता जुटे हुए हैं। नामांकन सभा में कौन दल कितनी भीड़ जुटा पाता है, अभी इसको लेकर तैयारी जारी है। गुड़ाबांदा, धालभूमगढ़, मुसाबनी, जादूगोड़ा, गालूडीह आदि के स्थानीय नेताओं को बस और अन्य गाड़ियों में समर्थकों को सभा स्थल तक लाने के लिए जिम्मेदारी दी गयी है।

### मुकाबला बराबरी का

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर भाजपा और झामुमो दोनों ही दल काफी गंभीरता दिखला रहे हैं। प्रारंभिक दौर में मुकाबला लगभग बराबरी का है। लेकिन समय के साथ स्थिति-परिस्थिति में बदलाव होना निश्चित है। झामुमो और भाजपा दोनों के ही चुनावी रणनीतिकारों को अपनी काबिलियत पर भरोसा है। लेकिन ऊंट किस करवट बैठेगा, कहना मुश्किल है। यह सीट पिछले दो बार से झामुमो के कब्जे में है। बावजूद इसके झामुमो इस चुनाव को हलके में बिल्कुल भी नहीं ले रहा है। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग में स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीन सप्ताह पहले ही बोल चुके हैं कि चंपई सोरेन को झामुमो के बारे में सब कुछ पता है। उन्हें यहां तक जानकारी है कि झामुमो में कितनी खिड़की और कितने दरवाजे हैं और उसे भेदने का हर संभव प्रयास चाचा चंपई करना चाहेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी गलतफहमी में ना रहें और क्षेत्र में मतदाताओं को राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में बतायें। जाहिर है कि जब खुद सीएम हेमंत इस कदर सीरियस हैं तो घाटशिला उपचुनाव इस बार रोचक जरूर होगा। दूसरी ओर, भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पिछले चुनाव में जो कुछ कसर रह गयी थी, जो गलतियां जाने-अनजाने हुई थी, इस बार वैसा कुछ भी नहीं होगा। इस बार मतदाता घाटशिला सीट पर भाजपा को विजयी बनाकर राज्य सरकार को संदेश जरूर देंगे। वहीं, झामुमो अपने मजबूत संगठन, कैडर की जमीनी पकड़, मंईयां सम्मान योजना और स्व रामदास सोरेन के असमय निधन से उपजे सहानुभूति लहर के सहारे घाटशिला सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखने की योजना पर काम कर रहा है। बता दें कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में कुल 56 पंचायत की 51 हजार महिलाओं को राज्य सरकार से मंईया सम्मान योजना के तहत ढाई हजार रुपये की मदद राशि मिलती है। इस राशि से उन महिलाओं का जीवन सरल हुआ है। इसका लाभ झामुमो को मिलता दिख रहा है।

# खुद को जंगलराज की आंच से बाहर निकालना चाहते हैं तेजस्वी

## ■ राजद को रिवाइव करने के चक्कर में पहली बार खुले रूप से पिता के फैसले को बदला

## ■ पिता लालू यादव ने बांट दिये थे सिंबल, पुत्र तेजस्वी ने देर रात वापस मंगाया

## ■ कांग्रेस को किसी भी तरह नाराज नहीं करना चाहते हैं लालू के लाल

**बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गर्म है। सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दिया जा चुका है और प्रत्याशियों के नाम भी घोषित किये जा रहे हैं। इसके विपरीत महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन भरने का समय अब महज दो दिन शेष है, लेकिन महागठबंधन में न सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दिया गया है और न ही प्रत्याशियों की सूची ही जारी की गयी है। ऐसे में महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय जनता दल के भीतर उठा विवाद अब राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। राजद के भीतर हुए एक घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि लालू यादव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इस घटनाक्रम के पीछे चुनाव से जुड़ा एक वाकया है। सोमवार 13 अक्टूबर को दिल्ली से लौटने के बाद लालू यादव ने पार्टी के कुछ नेताओं को बुलाया और उन्हें चुनाव के लिए पार्टी का सिंबल दे दिया। उसी रात तेजस्वी यादव को इसकी सूचना मिली, तो वह अपने पिता के पास पहुंचे और सिंबल देने का विरोध किया। इसके बाद तेजस्वी ने उन सभी नेताओं से संपर्क किया और रात को ही उनसे सिंबल वापस मंगा लिया। ऐसा पहली बार हुआ कि लालू यादव के किसी फैसले को बदला गया है और वह भी तेजस्वी के द्वारा। इस घटनाक्रम के बाद राजद और खास कर लालू परिवार के बीच चल रहे तनातनी के माहौल को महागठबंधन की चुनावी संभावनाओं से जोड़ कर देखा जाने लगा है। ऐसा कहा जा रहा है कि अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के दाग से परेशान तेजस्वी किसी भी कीमत पर इसे साफ कर चुनाव मैदान में उतरना चाहते हैं। साथ ही वह कांग्रेस की नाराजगी भी मोल लेना नहीं चाहते। क्या है यह पूरा मामला और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संवाददाता सुनील सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

बिहार में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है और छह नवंबर को होनेवाले पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का समय अब महज दो दिन बचा है। दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का समय 20 अक्टूबर तक है। चुनाव के मद्देनजर बिहार का सियासी माहौल बेहद गर्म है। सीट शेयरिंग और प्रत्याशी चयन से लेकर प्रचार अभियान तक को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सत्तारूढ़ एनडीए ने इन मोर्चों पर बढ़त बना ली है, जबकि उसे चुनौती देनेवाले महागठबंधन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बिहार में महागठबंधन का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय जनता दल के भीतर ही तनातनी की चर्चा है। इतना ही नहीं, पार्टी के सर्वेसर्वा, यानी लालू परिवार में भी टिकट बंटवारे को लेकर अनबन सतह पर आ चुकी है। वैसे लालू परिवार के भीतर अनबन कोई नयी बात नहीं है, लेकिन ऐन चुनाव के वक्त लालू यादव के किसी फैसले को तेजस्वी यादव द्वारा पलट देना सामान्य बात नहीं है। तेजस्वी से पहले लालू के बड़े पुत्र तेजप्रताप यादव बगावत कर चुके हैं और लालू उन्हें परिवार के साथ पार्टी से भी निष्कासित कर चुके हैं। इसके बाद हाल ही में लालू यादव को किडनी देनेवाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य की बगावत की खबरें भी आयी थीं। लेकिन इस बार मामला बगावत से आगे जा चुका है और ऐसा पहली बार हुआ है कि लालू यादव के किसी फैसले को तेजस्वी ने खुले तौर पर बदल दिया है।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल यह पूरा मामला सोमवार को उस समय हुआ, जब राजद अध्यक्ष लालू यादव दिल्ली से लौटे। उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी के आवास पर जमा पार्टी नेताओं में से कुछ को अपने पास बुलाया और उन्हें पार्टी का सिंबल दे दिया। तब तक तेजस्वी दिल्ली में ही थे। दिल्ली में तेजस्वी महागठबंधन की सीट शेयरिंग के लिए होनेवाली बैठक का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें लालू यादव द्वारा सिंबल बांटने की जानकारी मिली। तेजस्वी तत्काल पटना आ गये और हवाई अड्डे से सीधे अपनी मां के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने अपने पिता से बात की और सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दिये बिना सिंबल बांटने को गलत बताया। तेजस्वी यहीं नहीं रुके। उन्होंने सभी लोगों को तत्काल सिंबल लौटाने का निर्देश दिया। सिंबल लेकर गये लोग देर रात दो बजे तक पटना लौटे और उन्होंने तेजस्वी के पास सिंबल जमा कर दिया। बताया जाता है कि सीट शेयरिंग के बिना सिंबल बांटने से तेजस्वी खासे नाराज थे। उनकी अपने पिता लालू यादव से इस मुद्दे पर गर्मागर्म बहस भी हुई। तेजस्वी ने अपने पिता से कहा कि पार्टी उम्मीदवारों को टिकट दिये जाने की खबरें विपक्ष के गठबंधन इंडिया के सहयोगी दलों को गलत संदेश दे सकती हैं, क्योंकि सीट बंटवारे पर सहमति अभी नहीं बनी है।

### इन लोगों को लालू ने दिया था सिंबल

राजद का चुनाव चिह्न प्राप्त करने वालों में प्रमुख नाम संजीव कुमार (परबत्ता) का था, जिन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जदयू का दामन छोड़ा है। नरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बोगो को भी चुनाव चिह्न मिला था, जो मटिहानी से कई बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा राजद के कई मौजूदा विधायक, भाई वीरेंद्र, चंद्रशेखर यादव (मधेपुरा) और इस्राइल मंसूरी (कांटी) भी लालू के आवास से पार्टी सिंबल लेकर बाहर निकले थे।

### घटनाक्रम के बाद शुरू हुई अनबन की चर्चा

मंगलवार को राजनीतिक हलकों में इस घटनाक्रम की खूब चर्चा हुई। सिंबल वापस करने पहुंचे राजद नेताओं के वीडियो वायरल हुए। पार्टी को समझ में नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभाले। पार्टी के कुछ नेताओं का कहना था कि राजद संसदीय बोर्ड में प्रत्याशी चयन के लिए लालू प्रसाद को अधिकृत किया था। लालू यादव ने अपने इसी अधिकार का प्रयोग कर कुछ उम्मीदवारों को सिंबल बांट दिये थे। राजद के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब किसी ने लालू यादव के फैसले को चुनौती दी और उसे बदलना भी पड़ा।

### अभूतपूर्व है घटनाक्रम

बिहार के राजनीतिक विशेषज्ञ भी इस घटनाक्रम से आश्चर्यचकित हैं। उनका मानना है कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनने की तमन्ना में हद से ज्यादा झुक गये हैं। उन्हें डर है कि अगर कांग्रेस अलग हो गयी, तो उनके सपने का क्या होगा। इतना ही नहीं, तेजस्वी अपने दामन पर लगे भ्रष्टाचार के दाग को भी पूरी तरह धोने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़े।

### यह लालू यादव का पुराना स्टाइल

इसके पहले भी लालू यादव ने कांग्रेस की मांग को दरकिनार कर अपने मन से प्रत्याशी तय किये थे और सिंबल बांटे थे। लालू यादव ने बिहार चुनाव में कभी भी कांग्रेस की परवाह नहीं की। जैसा कि 2021 के दो विधानसभा उप चुनावों में हुआ था। तारापुर और कुशेश्वर स्थान में उप चुनाव को लेकर राजद की कांग्रेस से ठन गयी थी। कांग्रेस दोनों सीटों को अपनी परंपरागत सीट मानती थी। उसने दोनों सीटों पर दावा ठोक दिया, जबकि लालू यादव का कहना था कि कांग्रेस कमजोर है, उसे इन सीटें को देने का मतलब है पहले से हार स्वीकार कर लेना। उन्होंने कहा था, क्या हारने के लिए कांग्रेस को ये सीटें दें दे? इस खटपट के बीच लालू यादव ने अपने मन से ही उम्मीदवार घोषित कर सिंबल बांट दिये। उन्होंने कांग्रेस से एक बार भी नहीं पूछा। कांग्रेस भड़क गयी। दोनों का गठबंधन टूट गया। इसके अगले ही दिन कांग्रेस ने भी इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। लालू यादव ने उस उप चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया था। वे करीब तीन साल बाद पटना लौटे थे और छह साल बाद पहली बार किसी चुनाव प्रचार में जाने का फैसला किया था। तब किसी ने भी लालू यादव के इस फैसले का विरोध नहीं किया था। किसी में विरोध करने की हैसियत भी नहीं थी। तब राजद में कोई ऐसा नेता नहीं था, जिसके दिल में कांग्रेस के लिए सॉफ्ट कॉर्नर हो। उस उप चुनाव में राजद जीत तो नहीं सका, लेकिन उसने कांग्रेस को उसकी हैसियत बता दी। कांग्रेस की दोनों सीटों पर जमानत जब्त हो गयी थी।

### 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को झटका दिया था लालू ने

2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस निखिल कुमार के लिए औरंगाबाद सीट चाहती थी, लेकिन लालू यादव इस सीट पर खुद प्रत्याशी उतारना चाहते थे। पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह के पुत्र निखिल कुमार इस सीट से 2004 में कांग्रेस के टिकट पर जीत भी चुके थे। जब लालू यादव ने औरंगाबाद से अभय कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बना दिया, तो निखिल कुमार ने गठबंधन धर्म के उल्लंघन का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था, सीट बंटवारे को अंतिम रूप दिये बिना ही इस सीट पर टिकट बांट दिया गया। उस समय भी सीट बंटवारे के बिना ही लालू यादव ने औरंगाबाद से उम्मीदवार तय कर दिया था। लालू यादव का यह फैसला सही साबित हुआ। अभय कुशवाहा ने भाजपा से यह सीट छीन कर राजद की झोली में डाल दी थी।

### कांग्रेस के नाराज होने का डर

कहा जाता है कि जब लालू यादव ने प्रत्याशियों को सिंबल बांटे, तो इस खबर से तेजस्वी नाराज हो गये। उन्होंने तर्क दिया कि सिंबल के साथ प्रत्याशियों की तस्वीरें या वीडियो देख कर सहयोगी दल नाराज हो जायेंगे। चूंकि अभी सीटों का समझौता नहीं हुआ है, इसलिए ऐसा करना ठीक नहीं होगा। तेजस्वी को खास कर कांग्रेस के नाराज होने का डर सता रहा था, जिसे वह किसी भी कीमत पर अलग नहीं कर सकते।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °c | 19.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.23 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.46 बजे | |



## रायडीह कस्तूरबा की छात्राओं ने उपायुक्त से की शिकायत

# शिक्षिकाएं कपड़े धुलवाती हैं और बांस करील तोड़ने ले जाती हैं जंगल

**एक शिक्षिका के पति रात में आकर छात्रावास में रहते हैं**

आफताब अंजुम

**गुमला/रायडीह।** रायडीह स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने उपायुक्त के पास एक शिकायती पत्र भेजा है। इसमें स्कूल की शिक्षिकाओं के खिलाफ गंभीर आराप लगाये गये हैं। पत्र में कहा गया है कि शिक्षिकाएं हॉस्टल में रहनेवाली छात्राओं से कपड़े धुलवाती हैं।

एक शिक्षिका के पति रात में छात्रावास में ही रहते हैं। इसके अलावा छात्राओं को बांस करील तोड़ने के लिए जंगल ले जाया जाता है। छात्राओं को सही तरीके का भोजन नहीं दिया जाता है और शिक्षिकाएं खाद्य सामग्री अपने घर ले जाती हैं।



छात्राओं ने पूरे मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छात्राओं ने बताया कि उनके साथ शिक्षिकाओं का बर्ताव भी अच्छा नहीं है।

**मुखिया के माध्यम से शिकायत उपायुक्त तक पहुंची :** छात्राओं ने सबसे पहले नवागढ़ मुखिया किरण बिलुंग से शिकायत की थी। मुखिया के माध्यम से यह शिकायत उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के पास पहुंची। उपायुक्त ने इस बात की जानकारी गुमला डीइओ कविता खलखो को दी। सूचना मिलते ही डीइओ, एपीओ शुभकामना प्रसाद, दिलदार सिंह, बीपीओ अभिजीत सेनगुप्ता और मुखिया किरण बिलुंग बुधवार को स्कूल पहुंचीं। टीम छात्राओं से बातचीत की। इस दौरान छात्राओं ने शिक्षिकाओं पर गंभीर आरोप लगाये।

**पूर्व से ही उक्त शिक्षिका का है इस प्रकार का रिकार्ड :** वर्ष 2023 के सितंबर माह में जारी प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली 9वीं क्लास की 14 वर्षीय छात्रा करिश्मा कुमारी की मौत का मामला भी वर्तमान में रायडीह कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की उसी शिक्षिका से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि छात्रा बीमार थी लेकिन उसे सही समय पर इलाज नहीं मिला। जिससे छात्रा की मौत हो गयी थी। छात्रा की मौत के बाद लोगों ने जिप सदस्य दिलीप बड़ाइक के नेतृत्व में चैनपुर बस पड़ाव के समीप गुमला डुमरी मुख्य पथ को जाम कर दिया था। इस घटना के बाद उक्त शिक्षिका को जारी से हटा कर रायडीह में रखा गया था।

### छात्राओं ने डीइओ के समक्ष दिया बयान

डीइओ को छात्राओं ने बताया कि एक शिक्षिका छात्राओं से अपने कपड़े धुलवाती हैं। उनके पति रात में आकर छात्रवास में रहते भी हैं, जिसकी जानकारी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और गार्ड को है, पर उनके आने-जाने की इंट्री रजिस्टर में नहीं करायी जाती है। शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं से निजी कार्य भी कराया जाता है।

### नहीं मिलता है अच्छा खाना

छात्राओं ने बताया कि उन्हें सही क्वालिटी का खाना भी नहीं दिया जाता है। शिक्षिकाओं द्वारा खाद्य सामग्री को अपने घर ले जाया जाता है। एक रसोइया द्वारा विद्यालय परिसर के अंदर दुकान चलाया जाता है। छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं द्वारा मारपीट भी करने की बात सामने आयी है।

### प्रथम दृष्टया में आरोप सही प्रतीत होता है: डीइओ

बाद में डीइओ ने बताया कि छात्राओं ने लिखित शिकायत की है और शिक्षिकाओं पर गंभीर आरोप लगाया है। मामले की जांच चल रही है। छात्राओं का आरोप प्रथम दृष्टया में सही पाया गया है। जांच के बाद निश्चित रूप से आरोपी शिक्षक-शिक्षिकाओं के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**वृष** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**कन्या** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## 'आजाद सिपाही' से बातचीत में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा

# ऐतिहासिक होगा घाटशिला विस उपचुनाव का परिणाम

**भाजपा को जिताकर हेमंत सरकार को संदेश देंगे घाटशिला के मतदाता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने 'आजाद सिपाही' के साथ बातचीत के क्रम में कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव का परिणाम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि इस एक सीट का परिणाम सरकार बनाने-बिगाड़ने में भले ही कोई भूमिका अदा नहीं करे लेकिन भाजपा को जीताकर मतदाता हेमंत सरकार को संदेश देंगे कि लूट-भ्रष्टाचार की सरकार उन्हें कतई पसंद नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री



मरांडी ने मुसाबनी में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मलेन में शामिल होने जाने से पूर्व 'आजाद सिपाही' के साथ लंबी बातचीत की।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष विधानसभा के आम चुनाव में पार्टी से जो कुछ गलती हुई थी उसे ठीक करते हुए इस बार पार्टी के सभी नेता - कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से चुनाव कार्यक्रम में जुटे हुए हैं और भाजपा निश्चित तौर से घाटशिला सीट पर फतह हासिल करेगी। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री मरांडी ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत स्तरीय चुनाव का पैटर्न अलग-अलग होता है। फिलहाल तो घाटशिला में विधानसभा का उपचुनाव होना है और हमारी पार्टी पूरी मुस्तैदी से अपने प्रत्याशी को विजयी बनाने में लगी हुई है और घाटशिला सीट का परिणाम हेमंत सोरेन सरकार के लिए एक संदेश साबित होगा।

उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में माइनर एवं मेजर मिनरल्स की लूट खुलेआम हो रही है। जब मैं मुख्यमंत्री बना था तब राज्य में बालू फ्री कर दिया था। हेमंत सोरेन जब मुख्यमंत्री बने तो मुंबई और दिल्ली के व्यवसाइयों को बुलाकर उनकी सरकार ने बालू घाट सौंप दिया। श्री मरांडी ने कहा कि अब तो बालू-पत्थर के अवैध व्यवसाय में सट्टा पक्ष के कई विधायक भी शामिल हैं।

## पूर्व सांसद स्व ज्ञानरंजन की 81वीं जयंती मनायी गयी

# स्व ज्ञानरंजन ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सांसद स्व ज्ञानरंजन की 81वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनायी गयी। बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित जयंती समारोह में पूर्व मंत्री, डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक सुरेश बैठा, डॉ मीनू रंजन ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ रामेश्वर उरांव ने स्व. ज्ञानरंजन के व्यक्तित्व और उनके जुझारूपन की चर्चा करते हुए कहा कि स्व ज्ञानरंजन ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया। उनका पूरा राजनीतिक जीवन झारखंड अलग राज्य के लिए समर्पित था। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में कांग्रेस की मजबूती और झारखंडवासियों की समृद्धि के लिए लड़ाई लड़ी। विधायक सुरेश



बैठा ने कहा कि स्व ज्ञानरंजन अपने आप में एक आंदोलन थे, झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभायी। झारखंड आंदोलन में इनके योगदान को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान रंजन जी हमलोगों के मार्गदर्शक और अभिभावक स्वरूप कार्य किये। उन्होंने संगठन को जोड़कर रखा एवं मजबूती दी। जयंती समारोह की अध्यक्षता जिला इंटक संयोजक संजीव सिन्हा बब्लू, संचालन यूनुस अहमद अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन बुद्धिसागर तिर्की ने किया।

इस अवसर पर राकेश सिन्हा, आभा सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, राजन वर्मा, मुंजी सिंह, अमरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, बीएस मल्लिक, सुरेन राम, खुर्शीद हसन रूमी, फिरोज रिजवी मुन्ना, मनोज सिंह कांग्रेसी, सोमनाथ मुंडा, संजय कुमार, समीम खान, जगदीश साहू, सतेंद्र चौहान, प्रभात कुमार, रीता चौधरी, उमेश प्रसाद, राजू राम, विजय कुमार सिंह, महबूब आलम, मेरी तिर्की सरिता देवी, बलराम साहू सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक, 17 अक्टूबर को सोमेश सोरेन करेंगे नामांकन

# जीत सुनिश्चित, पिता के अधूरे कामों को पूरा करूंगा : सोमेश सोरेन




**केंद्रीय अध्यक्ष ने सभी बीएलए को चौकस रहने का दिशा निर्देश जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सोहराय भवन में बुधवार को झामुमो की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने की। इस बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ-साथ बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव और घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर विशेष चर्चा हुई। झामुमो की केंद्रीय समिति की इस बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन के अलावा सांसद और विधायक के साथ-साथ बिहार, झारखंड, असम, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। घाटशिला से पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत रामदास सोरेन की पत्नी और पुत्र भी बैठक में उपस्थित हुए। झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से मुख्यमंत्री और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने बात की। इस दौरान उन्होंने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी के लिए सोमेश चंद सोरेन के नाम की घोषणा की। वहीं बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो की भागीदारी को लेकर भी उन्होंने घोषणा की। वहीं पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 17 अक्टूबर को घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमेश सोरेन झामुमो प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। उन्होंने कहा कि घाटशिला में कोई मुकाबला नहीं है। उनके उम्मीदवार जनता का आशीर्वाद लेने के लिए उनके पास जायेंगे।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड में एसआइआर होना है। इसके लिए आज की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष ने सभी बीएलए के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिया है कि उसमें कोई गड़बड़ी नहीं हो, इसके लिए चौकस रहना है।

वहीं घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किये जाने पर सोमेश सोरेन ने सीएम हेमंत सोरेन और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 2024 में उनके पिता की जितने मतों से जीत हुई थी, उससे दोगुने मतों से इस बार उनकी जीत होगी। वहीं सोमेश सोरेन की मां ने कहा कि बेटे को टिकट मिलने से वह प्रसन्न हैं, जो आंदोलन और काम उनके पति का अधूरा रह गया है, उसे उनका बेटा पूरा करेगा। वहीं पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय विस्तारित बैठक में मुख्यमंत्री और केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए कई टिप्स दिये हैं। बूथ स्तरीय संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में पार्टी मजबूती के साथ उतरेगी। बहुत जल्द गठबंधन दलों के साथ सीट शेयरिंग पर सभी अड़चनों को दूर कर लिया जायेगा। इसके बाद पार्टी अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करेगी।

# राज्य में चल रहा धर्मांतरण का खेल : प्रतुल शाहदेव

**पुलिस मुख्यालय से मात्र 5 किलोमीटर दूर गैर कानूनी चंगाई सभा का आयोजन होना दुर्भाग्यपूर्ण**

**ग्राम सभा के विरोध के बावजूद इन सभाओं पर रोकथाम नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में निरंतर धर्मांतरण का खेल जारी है। प्रतुल ने कहा कि सरकार के प्रोजेक्ट भवन मुख्यालय और पुलिस मुख्यालय से सिर्फ 5 किलोमीटर दूर चांद गांव में गैर कानूनी तरीके से चंगाई सभा लंबे समय से चल रही है। चंगाई सभा में बड़े-बड़े चमत्कार का दावा किया जाता है और अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जाता है। इस आड़ में धर्मांतरण किया जाता है। प्रतुल ने कहा की हरदाग पंचायत के अंतर्गत चांद ग्राम के अखड़ा में ग्राम सभा ने बैठक कर इस मुद्दे पर लिखित विरोध जाहिर किया था और अविलंब चंगाई सभा को बंद करने की मांग की थी। लेकिन राज्य सरकार और पुलिस पर कोई असर नहीं हुआ। अतुल ने कहा जब आदिवासी ऐसी सभाओं पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं तो फिर सरकार सिर्फ तुष्टीकरण के कारण आंख मूंद कर बैठी है।




प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार के दोनों कार्यकाल में पूरे प्रदेश में चंगाई सभा लगातार आयोजित की जा रही है। राज्य सरकार तुष्टीकरण के कारण इन पर रोक नहीं लगवा रही है।

प्रतुल ने कहा कि अविलंब पूरे झारखंड में गैर कानूनी रूप से आयोजित हो रही चंगाई सभा पर रोक लगे जिसमें चमत्कार का दावा किया जाता है और धर्मांतरण को बढ़ावा दिया जाता है। प्रेस वार्ता में प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

### 'महा अभिषेक' शब्द को चर्च के साथ जोड़कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास

प्रतुल ने कहा कि आजकल झारखंड में एक नये चर्च की चर्चा है जिसके नाम के साथ महा अभिषेक शब्द जुड़ा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस चर्च पर भी नशा मुक्ति की आड़ में धर्मांतरण के खेल खेलने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने कहा यह बड़े आश्चर्य की बात है कि इस चर्च का नाम में महा अभिषेक जुड़ा है जिसका अर्थ होता है पवित्र जल या दूध से देवता या किसी मूर्ति का स्नान कराना। लेकिन इसाई धर्म के कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट दोनों जगह पर मूर्ति पूजन सख्त मना है। फिर यह नाम लोगों को दिगभ्रमित करने के लिए रखा गया है। कुछ समय पहले एक छोटे से चर्च ने माता मरियम को लाल पाड़ वाली साड़ी पहनाकर यहां के स्थानीय आदिवासियों को बरगलाने की कोशिश की थी।

## एनटीपीसी ने स्कूल में शौचालय का किया उद्घाटन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। सामाजिक विकास उत्तरदायित्वों के तहत स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनएमएल पकरी बरवाडीह द्वारा गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय स्कूल बड़कागांव में छात्राओं के नवनिर्मित शौचालय का आज उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जागृति महिला समिति अध्यक्ष अनीता दास ने शौचालय का उद्घाटन किया। विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में बताया गया कि यह पहल छात्राओं को स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय सुविधा प्रदान करेगी, जिससे उन्हें अध्ययन के दौरान होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर कमला राम रजक, वरिष्ठ प्रबंधक अरसद जमाल, बिदिशा पॉल और लेडीज क्लब की वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थीं। यह पहल एनएमएल पकरी बरवाडीह की आस-पास के समुदायों में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## एसपी ने अपराध गोष्ठी किया आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में पिछले माह सितंबर में किये गये कार्यों की समीक्षा की गयी। इसके बाद सभी थाना, ओपी प्रभारी, सभी शाखा, प्रशाखा प्रभारी को कई निर्देश दिये गये। आगामी पर्व धनतेरस, दिपावली और छठ पर विधि-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण आदि की तैयारियों की समीक्षा की गयी। इसमें सभी थाना, ओपी प्रभारी से उक्त पर्वों पर किये जाने वाले सभी सुरक्षात्मक उपायों का तत्काल कार्यान्वयन शुरू करने, विभिन्न थाना, ओपी में लंबित वारंट कुर्की का अतिशीघ्र निष्पादन करने, कांडो में फरार अभियुक्तों का गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। माह सितम्बर में प्रतिवेदित सभी कांडो का विस्तृत समीक्षा के बाद पिछले तीन वर्षो से अधिक अवधि से लंबित कांडो का त्वरित निष्पादन करते हुए अंतिम प्रपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक प्रभाग को पर्यवेक्षण के लिए लंबित सभी कांडों में पर्यवेक्षण टिप्पणी आगामी एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने को कहा। ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के संबंध में जिले के ट्रैफिक प्रभारी से विस्तृत जानकारी ली गयी। पुराने कांडों में आरोप पत्रित और संदिग्ध अभियुक्तों का अच्छी तरह से सभी बिन्दुओं पर सत्यापन करने का निर्देश दिये जाने के साथ हाल के दिनों में जेल से छूटे अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। अवैध कोयला, बालू, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने को निर्देश दिया गया। बिहार विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अवैध शराब के विरुद्ध सख्ती से छापेमारी कर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना, ओपी प्रभारी को दिया गया। विभिन्न कोटि के पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों के सामूहिक समस्याओं की जानकारी प्राप्त करने और उसका निराकरण को लेकर पुलिस सभा का भी आयोजन हुआ। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु, पुलिस निरीक्षक डोमचांच अंचल सभी थाना और ओपी प्रभारी उपस्थित थे।

## छठ महापर्व को लेकर डीवीसी के मुख्य महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम घंघरी में छठ पूजा महापर्व की तैयारी में छठ पूजा समिति के पदाधिकारी और सदस्य लगे हुए हैं। व्रतियों के लिए जलाशयों को तैयार करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है, जहां व्रती सूर्य देव को अर्घ्य देंगे। ग्रामीणों ने व्यापक सफाई अभियान शुरू कर दिया है। जलाशयों के कचरे की सफाई की जा रही है। समिति के सदस्य और श्रद्धालुओं से डीवीसी के मुख्य प्रबंधक सह परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता सभी व्रतियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। छठ घाट पर हमारा लक्ष्य अनुष्ठान के पहले से पहले ही सभी तैयारी पूरी कर लेना है। मौके पर समिति के सभी सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्लोबल हैंड वॉश दिवस और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनायी गयी



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। मानसरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में ग्लोबल हैंड वॉश दिवस और डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक सोनू कुमार ने किया। उन्होंने बच्चों को हैंड वॉश का सही तरीका और होने वाले लाभ बच्चों को बताया। साथ ही भारत के मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को पुष्प अर्पण करके बच्चों को इनकी साधारण जीवन और उच्च विचार के बारे में बताया। इस अवसर पर शिक्षक मुकेश कुमार, रोहित कुमार, बबलू कुमार कुशवाहा, योगेश कुमार, अमित कुमार, दुलारचंद कुमार, कौशल पांडेय, विनय कुमार सिंह, सोनू कुमार, मधुमिता कुमारी, दीपा कुमारी, मनीषा कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंशु कुमारी, अंजली कुमारी, एकता, मुस्कान प्रवीन, अर्जुन सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बच्चों के बीच प्रेरणा शाखा ने मिठाई और सामग्री का किया वितरण

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया की प्रेरणा शाखा द्वारा बुधवार को देवी मंडप रोड स्थित हरिजन टोला के आंगनबाड़ी केंद्र में दीपावली उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मिठाई, उपहार और आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। नन्हे बच्चों ने फुलझड़ियां जलाकर दीपावली की खुशी का आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि त्योहार की सच्ची खुशी तब है जब इसे समाज के जरूरतमंद लोगों के साथ मनाया जाये। उन्होंने कहा, खुशियां बांटना ही सच्ची समाज सेवा है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में सामाजिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली पर कुम्हारों द्वारा बनाये गये मिट्टी के दीप अवश्य खरीदें, जिससे उनका रोजगार और परंपरा दोनों सुरक्षित रहें। दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने प्रेरणा शाखा की सराहना करते हुए कहा कि संगठन हर महत्वपूर्ण अवसर पर सामाजिक दायित्व निभाने में आगे रहता है। मौके पर उन्होंने एक गीत नन्हे बच्चे आने वाले तकदीर है की प्रस्तुति दे कर खूब तालियां बटोरी। अग्रवाल समाज के कार्यकारिणी सदस्य अरविंद चौधरी ने कहा कि प्रेरणा शाखा अपने समर्पित सामाजिक कार्यों के कारण जानी जाती है।

# लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे चार अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

### देशी पिस्टल, कट्टा और गोली बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता




हजारीबाग/बरही। हजारीबाग में लूट, चोरी और डकैती जैसे घटनाओं पर विराम लगाने के लिए, एसपी अंजनी अंजन लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में हजारीबाग पुलिस ने चार लोगों को धर दबोचा है, जो लूट की घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। एसपी को गुप्त सूचना मिली कि हजारीबाग की ओर से दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग हथियार के साथ बरही की ओर लूट करने के इरादे जा रहे हैं। देवचंदा मोड़ के पास पुलिस बल के द्वारा वाहन चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के दौरान 2 मोटरसाइकिल आता दिखायी दिया, जो पुलिस बल का वाहन चेकिंग को देखकर देवचंदा मोड से 100 मीटर पहले ही मोटरसाइकिल रोककर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे पुलिस बल के सहयोग से दौड़ाकर पकड़ा गया। पकड़ाये गये व्यक्तियों में संतोष मुंडा पिता सीताराम मुंडा, ग्राम-गुरुडीह, थाना-कटकमसांडी के पास से 1 देशी पिस्टल, एक मैगजीन में 2 गोली लोड तथा मोबाईल फोन बरामद हुआ। वहीं दीनानाथ बेदिया उर्फ दिनेश बेदिया पिता दशरथ बेदिया, ग्राम डाड़, थाना-कटकमसांडी के पास से एक देशी कट्टा, 2 गोली 8 एमएम तथा एक की पैड मोबाईल, राहुल ठाकुर, पिता धनेश्वर ठाकुर, ग्राम-सरौनी, थाना-मुफस्सिल के पास टूटा हुआ स्मार्ट मोबाईल फोन और तुलेश्वर प्रजापति पिता बाढो प्रजापति ग्राम डाड़, थाना-कटकमसांडी सभी जिला हजारीबाग शामिल हैं। अभियान में एसडीपीओ बरही अजीत कुमार विमल, बरही थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुअनि दीपक कुमार, पुअनि रूपलाल यादव, हवलदार मनोज मंडल, हवलदार मिथलेश सिंह, आरक्षी/480 गंगा उरॉव, आरक्षी/1545 संजीत कुमार यादव के अलावा बरही थाना के गार्ड शामिल थे।

# पीएम किसान योजना के लिंक पर किया क्लिक और खाते से निकल गये सवा लाख

### साइबर ठगी का शिकार युवक थाने और एसपी कार्यालय का लगा रहा चक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। साइबर अपराधी आज के समय में अपना दायरा बढ़ाते जा रहे हैं। थोड़ी सी भी चूक हुई तो आप साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस सकते हैं। अनवांटेड लिंक टच करना किसी खतरा से कम नहीं है। अब तो आलम यह है कि पीएम किसान योजना का लालच दिखाकर भी साइबर अपराधी खाते से पैसा उड़ा ले जा रहे हैं। यह कोई नया मामला नहीं है इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे ही मामला हजारीबाग जिला में घटा है। जहां बरही के रहने वाले रईस यादव साइबर अपराधियों के चंगुल में ऐसा फंसा की उसका सवा लाख रुपया महज कुछ मिनट में ही खाता से गायब हो गया। उसने यही गलती की थी पीएम किसान योजना का लिंक व्हाट्सएप ग्रुप में क्लिक कर दिया था। जैसे ही उसने लिंक क्लिक किया उसका फोन हैक हो गया और पल भर में उसके खाते से लगभग सावा लाख रुपया हैकर ने गायब कर दिए। अब उसकी स्थिति ऐसी है कि वह कभी साइबर थाना तो कभी हजारीबाग एसपी के दफ्तर का चक्कर लगा रहा है। किसी तरह पैसा वापस करवा दीजिए, सभी जगह गुहार लगा रहा है। रईस छात्र है और पढ़ाई कर रहा है। ऐसे में उसके लिए यह मुसीबत बन गयी है कि वह पैसा कैसे वापस लायें। उसने बताया कि परिवार वालों ने खाता में पैसा रखने दिया था कि वक्त बेवक्त जब परिवार को काम आयेगा तो पैसा निकाल कर दे। अब पैसा साइबर अपराधियों के पास पहुंच गया है। यह पहला मामला नहीं है इसके पहले भी कई ऐसी घटना घट चुकी है। लेकिन पीएम किसान योजना के जरिये ठगी होना कहीं ना कहीं चिंता का भी विषय जरूर है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन भी कहते हैं कि अनवांटेड लिंक कभी भी टच न करें। अगर आप साइबर अपराधियों के चंगुल में फसेंगे तो आपका गढ़ी कमायी उड़ा ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण है आज के समय में सावधानी बरतना। जो व्यक्ति थोड़ा सा भी लापरवाह होगा तो उसे भारी खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। साथ ही कहा कि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत स्थानीय थाने या साइबर थाने से संपर्क करें, विभाग मदद के लिए तैयार है।

# मिड-डे मील के चावल में मिली सल्फास की गोली



आजाद सिपाही संवाददाता

चलकुशा। प्रखंड के अलगडीहा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भिखनाडीह में मंगलवार को मिड-डे मील के चावल में सल्फास की गोली मिलने का मामला सामने आया है। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। मामले की जानकारी मिलते ही अभिभावकों ने अपने बच्चों को विद्यालय भेजना बंद कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में बच्चों को पहले भी खराब भोजन परोसा गया है। कुछ दिनों पूर्व बच्चों को सड़े हुए अंडे दिये गये थे, जिसका विरोध करने पर अंडे को फेंक दिया गया था। प्रभारी प्रधानाध्यापिका पार्वती देवी ने बताया कि चावल खराब हो रहा था, इसलिए विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के कहने पर कीड़ा मारने की दवा (सल्फास) चावल में रखी गयी थी ताकि वह सुरक्षित रहे। इस पूरे मामले में चलकुशा बीडीओ अमृता सिंह ने कहा कि विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर प्रधानाध्यापिका पार्वती देवी ने पहले आवेदन दिया था। दो दिन पूर्व ही उस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। बैठक के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष गीता देवी ने बताया था कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति नहीं के बराबर है, जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई है। बीडीओ ने कहा कि हम पूरे मामले की जांच करायेंगे और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से आक्रोशित सहियाओं ने कार्यालय में जड़ा ताला



कोडरमा (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र झुमरीतिलैया के सहिया दीदी का 2020 से जेएसवाई, परिवार नियोजन-स्थायी और अस्थायी का प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से आक्रोशित सहियाओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोडरमा के ब्लॉक अकॉउंट मैनेजर कार्यालय में बुधवार को ताला जड़ दिया। ताला जड़ने के समय कार्यालय के अंदर ब्लॉक अकॉउंट मैनेजर सुशान्ति लकड़ा और सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सुनीता कुमारी अपने- अपने चैम्बर में मौजूद थी। करीब दो घंटे तक कार्यालय में ब्लॉक अकाउंट मैनेजर और एसटीएस बंद रहे। सहियाओं के आक्रोश की खबर एमओआइसी को दी गयी। इसके बाद आनन- फानन में वे कार्यालय पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद ताला बंद करने वाली सहियाओं ने वार्ता की पहल को स्वीकार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से वार्ता के दौरान ही करीब दो घंटे बाद कार्यालय का ताला खोला गया। सहियाओं का बकाया वाउचर और बकाया राशि को लेकर फाइल मंगाया गया। इसके बाद प्रभारी ने सहियाओं को बकाया राशि को लेकर आश्वस्त किया और 17 अक्टूबर तक राशि खाते में भेजने का भरोसा दिलाया। हालांकि मामले पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी मीडिया को बयान देने से साफ इंकार किया। उन्होंने कहा कि अपना घर का ही मामला है। सब कुछ ठीक कर लिया जायेगा। इधर सहियाओं ने कहा कि 17 अक्टूबर तक बकाया राशि नहीं मिली, तो प्रभारी कार्यालय में आकर आगे ताला जड़ देंगे। मौके पर सहिया साथी रिंकू देवी, कुमारी मंजू यादव, सहिया मधुबाला कुमारी, अनिता कुमारी, रानी देवी, सीमा कुमारी, कविता देवी, पूनम सिन्हा, कुसुम देवी, नीरा देवी, गीता देवी, संजू देवी, संतोषी देवी, नूतन राय, इंदु देवी, विनीता पांडेय, सुनीता देवी, संगीता विश्वास, रेखा देवी, उर्मिला देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, शीला देवी, गुड्डी देवी आदि मौजूद थी। क्या कहते हैं सिविल सर्जन सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार मामले में बताते हैं कि पाजी मरीजों का प्रोत्साहित राशि का भुगतान होगा। इसके बाद सहिया दीदी का होगा। मामले को गुरुवार को दिखवाते हैं, दोष किसका है।

# मनाई चौक से कालाद्वार तक की सड़क हुई जर्जर

### हजारों लोगों के आवागमन का है मुख्य मार्ग, राहगीर हो रहे परेशान

दीपक सिंह



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के इचाक प्रखंड के मनाई चौक से कालाद्वार तक की करीब पांच किलोमीटर लंबी सड़क जर्जर हो चुकी है। राहगीरों को इस सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। इस सड़क का निर्माण 2013-14 में हुआ था, जो अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आये दिन इस सड़क पर लोग गिर घायल होते हैं। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि इस सड़क की मरम्मत नहीं होने से पूरे इलाके की रफ्तार थम गयी है। यह सड़क मनाई, इसैल, फुफंदी और कालाद्वार समेत दर्जनों गांवों को जोड़ती है। इसी मार्ग से सैकड़ों ग्रामीण रोजाना अपने कामकाज, स्कूल और अस्पताल तक पहुंचते हैं। लेकिन अब यह मार्ग इतना जर्जर हो गया है कि लोगों को हर दिन जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हो गये हैं कि बरसात में यह तालाब का रूप ले लेती है।

यह क्षेत्र खेती-किसानी और व्यापार के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यही वह मुख्य मार्ग है जिससे होकर आलू और धनिया पत्ता की फसलें हजारीबाग और इचाक की मंडियों तक पहुंचती हैं। सीजन के समय दर्जनों गाड़ियां प्रतिदिन इन्हीं गांवों से गुजरती हैं, लेकिन सड़क खराब होने के कारण अब व्यापारी खेतों तक नहीं जाते। किसान अपनी उपज खुद ट्रॉली या टेंपो से मंडी तक लाने को मजबूर हैं।

इस मार्ग से करीब सात किलोमीटर की दूरी पर इचाक प्रखंड मुख्यालय स्थित अस्पताल है, जहां गर्भवती महिलाओं और बीमार बच्चों को इलाज के लिए लाया जाता है। जर्जर सड़क के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचाना बेहद कठिन हो गया है। मनाई चौक से कालाद्वार तक की यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की जीवनरेखा है। किसानों की फसल, बच्चों की पढ़ाई और बीमारों की जान इसी पर निर्भर है। लोग अब उम्मीद लगाये बैठे हैं कि प्रशासन उनकी इस दशकों पुरानी मांग पर ध्यान देगा और सड़क की मरम्मत कर राहत दिलायेगा। क्षेत्र के समाजसेवी बटेश्वर मेहता, ओमप्रकाश मेहता, अनिल मेहता समेत अन्य ने सरकार से संज्ञान लेते हुए जल्द इस सड़क के निर्माण कराने की मांग की है।

## डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा प्रखंड अंतर्गत कमैयडीह स्थित करीम मियां के आवास पर कांग्रेस ने बुधवार को भारत रत्न, मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनायी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने डॉ कलाम के चित्र पर माल्यार्पण उनके प्रेरणादायक जीवन पर विचार व्यक्त किया। इस दौरान गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। अध्यक्षता जयनगर प्रखंड अध्यक्ष मिसवाह उद्दीन और संचालन रामेश्वर यादव ने किया। सभा में वक्ताओं ने डॉ कलाम के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा और देशभक्ति के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। कार्यक्रम को पवन कुमार सिंह, कयुम उद्दीन, परमेश्वर यादव, किशुन पासवान, विकास सिंह, राजू पंडित, विनोद मोदी, सुनील शर्मा, सुनील मोदी, शकूर अहमद, सद्दाम अंसारी, साहिब खातून, बसवा देवी, मुस्तकीम मियां, बंशी दास, उस्मान अंसारी ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन असगर अली ने की।

## कोडरमा ब्लू ने कोडरमा रेड टीम को 127 रनों से हराया



कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे केडीसीए जूनियर टैलेंट सर्च क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को सीएच हाई स्कूल मैदान में कोडरमा ब्लू और कोडरमा रेड टीम के बीच मैच खेला गया। कोडरमा ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 205 रन बनाये। इसमें हसनैन राजा ने 70 रन, सनी ने 29 रन, अंकित ने 24 रन और तन्मय ने19 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा रेड की ओर से फरहान, अनुज, प्रणव और शुभम ने दो- दो विकेट, श्याम और शौर्य ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा रेड की टीम 19.4 ओवर में 78 रन पर ढेर हो गयी। कोडरमा रेड की ओर से शिवम ने 17 रन और श्याम ने 16 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा ब्लू की ओर से अंकित, अंश और हर्षित ने दो-दो विकेट लिए, जबकि तन्मय आदित्य पांडे और रोशन ने एक-एक विकेट लिये। बेहतर खेल के लिए हसनैन राजा को केडीसीए पदाधिकारी मनोज सहाय पिंकू और उमेश सिंह ने मैन ऑफ द मैच दिया गया। मैच को शुरू करते हुए सचिव दिनेश सिंह और उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि अनुशासन के साथ क्रिकेट खेलें और अपनी प्रतिभा को मैदान पर दिखाएं और आगे बढ़ें। मैच में अंपायर नमन सिंह, रोहित कुमार और स्कोरर सत्यम कुमार थे। मौके पर अमरजीत सिंह छाबड़ा, दिनेश सिंह, अनिल सिंह, उमेश सिंह, आलोक पांडे, कृष्णा बरहपुरिया, सोनू खान, धर्मेंद्र कौशिक, मुकेश प्रभाकर, सुरेंद्र प्रसाद, विशाल कुमार, ओम प्रकाश, अभिराज गौतम, सुनील कश्यप, अजय राणा, सुशांत वर्मा, रोहित भारती आदि मौजूद थे।

## घर से जेवरात और नगदी ले उड़े चोर

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पुलिस की लाख तत्परता के बावजूद चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रहा। दो दिनों में दो चोरी की घटना सामने आयी है। जिसमें चोरों ने काली बाड़ी रोड स्थित एक महिला पत्रकार के बंद घर से जेवरात और नगदी चोरी कर ली थी। घटना की जानकारी महिला पत्रकार अपराजिता पांडे को मंगलवार को हुई जब बंद घर को खोला। वहीं दूसरी घटना कानी बाजार न्यू कॉलोनी की है। दोनों मामले में सदर थाना में आवेदन दिया गया है। कानी बाजार निवासी आदित्य कुमार सिन्हा पिता स्व शिवनन्दन प्रसाद (शिक्षक) ने सदर थाना को आवेदन देकर बताया है कि बुधवार सुबह अपने घर से प्रावि सारुगारू कलां, थाना कटकमसांडी गया, अपने विद्यालय से लगभग 3:30 अपराहन अपने घर लौटा तो अचानक देखा कि मेरे घर के दरवाजे का सारा ताला (लॉक) टुटा हुआ था, तथा गोदरेज का लॉक भी टुटा हुआ था। जब मैं घर का सारा सामान की खोजबीन करने लगा तो पाया कि गोदरेज में रखा सभी सोने और चांदी के जेवरात और नगद 78,000 जो धनतेरस में बाइक लेने हेतु रखा था और गोदरेज में रखा अन्य कागजात भी चोरी कर के ले गया। घटना के समय आदित्य सिंहा की पत्नी व बच्चे अपने नानी के घर शिवपुरी हजारीबाग गये थे।

## सारूकुदर मुखिया ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सारूकुदर पंचायत के मुखिया उत्तम महतो ने सारूकुदर पंचायत में जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह को स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण को लेकर आवेदन पत्र सौंपा। दिये गये आवेदन पत्र में लिखा गया है कि विष्णुगढ़ प्रखंड में ग्राम सारूकुदर पंचायत हजारीबाग जिला के अंतिम छोर पर स्थित है, यहां से प्रखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 25 किलोमीटर पर है। स्वास्थ्य सेवा संबंधित किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है, जिसके कारण समय पर इलाज नहीं मिलने पर कई मरीजों को जाने गवानी पड़ रही है, इस संबंध में तत्कालीन विधायक और हजारीबाग सांसद के द्वारा पूर्व में भी अनुशंसा किया जा चुका है। पूर्व उपायुक्त से मिलकर भी इस समस्या से कई बार अवगत कराया है लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बता दे कि ग्राम पंचायत सारूकुदर पंचायत में कुल पांच मौजा है, साथ ही दो से तीन का सीमावर्ती पर है। स्वास्थ्य उपकेन्द्र के लिए जमीन की व्यवस्था कर लिया है। मुखिया उत्तम महतो ने उपायुक्त से इन समस्याओं को देखते हुए जल्द पहल करने की मांग की है। इस मौके पर चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, महमूद आलम आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत तीन घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बुधवार को कोडरमा थाना अंतर्गत चंद्रोडीह के समीप मिनी ट्रक के चपेट में आने से ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार ग्राम एकतारा गोविंदपुर बिहार निवासी 30 सुरेश तुरिया (पिता रामेश्वर तुरिया), 23 वर्षीया सबिता देवी (पति पिंटू तुरिया), 40 वर्षीय जालिम तुरिया (पिता बाढ़ो तुरिया) और 14 वर्षीय संदेश कुमार (पिता सुरेश तुरिया) ईंट भट्ठा से काम करने जयनगर की ओर से कोडरमा की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में चंद्रोडीह के समीप पीछे से आ रहे मिनी ट्रक में अपने चपेट में ले लिया जिसमें ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें सभी ऑटो सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान जालिम तुरिया की मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची कोडरमा पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


## उपायुक्त ने जिला पुस्तकालय निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कीर्तिश्री ने जिला मुख्यालय स्थित चतरा कॉलेज परिसर में कार्यकारी एजेंसी भवन निर्माण निगम द्वारा निमार्णाधीन जिला पुस्तकालय भवन का आज औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला पुस्तकालय का निर्माण कार्य एक महत्वपूर्ण और जनहित से जुड़ी योजना है, जिससे जिले के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आम नागरिकों को उच्च स्तरीय पुस्तकालय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उपायुक्त ने कार्यकारी एजेंसी को सख्त निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाये और जनवरी 2026 तक भवन निर्माण हर हाल में पूर्ण कर विभाग को हस्तांतरित किया जाये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया, ताकि कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा का पालन सुनिश्चित हो सके।

## सीसीएल सीएमडी ने तोपा और करमा कोलियरी का किया निरीक्षण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने बुधवार को तोपा व करमा कोलियरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनो कोलियरियों के खुली खदान के व्यू प्वाइंट से खदान का अवलोकन कर मौजूद अधिकारियों को उत्पादन और सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान रखने की बात कही। साथ ही, कोयला उत्पादन में सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कोयला कर्मियों के कार्य के दौरान होने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए अधिकारियों को विशेष निर्देश दिया। इससे पूर्व, सीसीएल कुजू जीएम आरके सिन्हा ने बुके भेंटकर सीएमडी का स्वागत किया। इस अवसर पर तोपा पीओ एमके सिंह, करमा पीओ रामेश्वर मुंडा, मैनेजर चंद्रवीर यादव, सेफ्टी मैनेजर अनिल कुमार दास, डीओ मैनेजर आशीष कुमार, निखिल कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

## संजीव बेदिया से झामुमो कार्यकर्ताओं ने की भेंट, समस्याओं पर हुई चर्चा




**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया से पार्टी के प्रतिनिधि मंडल हजारीबाग नगर अध्यक्ष आजाद अंसारी, नगर सचिव मोहम्मद महबूब, वार्ड संख्या 32 की पार्षद सुनीता देवी, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद फरीद समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने उरीमारी स्थित उनके आवास पर बुधवार को मुलाकात की। इस दौरान हजारीबाग नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। प्रतिनिधिमंडल ने श्री बेदिया को बुके भेंट कर मिठाई खिलाई और नागरिकों से जुड़ी प्राथमिक समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। वहीं कुछ समस्याएं का हल होने पर कार्यकताओं ने संतोष जताया। मौके पर संजीव बेदिया ने आश्वासन देते हुए कहा कि हम हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर हूं। जहां भी मेरी जरूरत पड़ेगी वहां खड़ा रहूंगा। इस मौके पर वारसी आलम, परवेज आलम, मुन्ना, सोनू, मीत कुमार, कुर्बान सर, ओम, रवि, हिमांशु, मोहम्मद निसार, मोहम्मद महमूद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीवीयूएनएल ने 11वां स्थापना दिवस मनाया




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड बुधवार को अपने 11वें स्थापना दिवस का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में बीते वर्ष के महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शीघ्र ही ट्रायल ऑपरेशन पूर्ण करने के लिए पूरा प्रयास जारी है और ऐश माउंड का कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। इस अवसर पर निदेशक (प्रोजेक्ट्स), के एस सुंदरम एनटीपीसी और अध्यक्ष, पीवीयूएनएल ने वर्चुअल माध्यम से पीवीयूएनएल परिवार को संबोधित किया और संस्था की निरंतर प्रगति पर सभी को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम के उपरांत कॉन्फ्रेंस हॉल में केक काटने का समारोह आयोजित किया गया, जिसके बाद कर्मचारियों को बीते एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित वीडियो दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) अनुपम मुखर्जी और महाप्रबंधक (टीएस) संगीता दास सहित सभी अधिकारी और कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में 600 फर्जी नाम जुड़ने का आरोप



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस पार्टी के पांडेपूरा मंडल अध्यक्ष कर्मेंद्र कुमार सिंह ने उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को फर्जी मतदाताओं के जांच को लेकर एक आवेदन दिया है। जिसमें खुटीकेवाल खुर्द पंचायत के 62, 63 और 64 मतदान केंद्र के मतदाता सूची में लगभग 600 फर्जी मतदाताओं का नाम जुड़े होने का आरोप लगाया है। आरोप है कि जो लोग यहां पर रहते भी नहीं है, वैसे मतदाताओं का भी नाम मतदाता सूची में दर्ज है। मंडल अध्यक्ष ने विस्तृत जांच कर फर्जी नामों को मतदाता सूची से हटाने और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए प्राथमिक दर्ज करने की मांग किया है। जांच प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधि और बी एल ओ को शामिल करने की मांग किया गया है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल कुमार, केसरी मनोज सिंह और अंकित कुमार के अलावा कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वॉलीबॉल के झगड़े में निकल गयी पिस्टल

# पांडे गिरोह के शूटर समेत दो गिरफ्तार

**देसी पिस्टल, गोली और आइफोन हुआ बरामद, 4 अपराधी फरार**



### आम बगीचा में योजना बनाते पकड़े गये अपराधी

छापेमारी के दौरान सांकूल गांव में आम बगीचा पहुंचकर पुलिस ने घेराबंदी की। इस दौरान दो व्यक्ति पकड़े गये। जिसमें पांडे गिरोह का शूटर पतरातू बस्ती दुर्गा मंडप निवासी इरफान उर्फ रेहान उर्फ छोटू और स्टेशन रोड निवासी राजेश साव उर्फ आर्यन शामिल हैं। छापेमारी के दौरान अंधेरे का लाभ उठाकर चार-पांच अपराधी फरार हो गये। इरफान के पास से 7.65 एमएम लोहे का लोडेड देशी पिस्तौल, एक गोली भी पुलिस ने जब्त किया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में वॉलीबॉल के खेल से शुरू हुआ झगड़ा खूनी संघर्ष में तब्दील होने जा रहा था। लेकिन पुलिस की सक्रियता से ना सिर्फ झगड़ा खत्म हुआ, बल्कि पांडे गिरोह के शूटर इरफान उर्फ रेहान उर्फ छोटू समेत दो अपराधी को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इस मामले की जानकारी बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पतरातू ब्लॉक परिसर में मंगलवार के शाम वॉलीबॉल का खेल चल रहा था। इस दौरान योगेश राम का बेटा विशाल राम और राजेश साव का भतीजा आकाश कुमार के बीच कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गयी।

**बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए बुलाया गया पांडे गिरोह का शूटर :** इस झगड़े के बाद आकाश के चाचा राजेश साव ने सीधे पांडे गिरोह से संपर्क कर लिया। उसने आकाश की पिटाई का बदला लेने के लिए विशाल राम और उसकी मां को पीटा। इसके बाद उन लोगों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनायी। मंगलवार की देर रात जैसे ही पुलिस को इस खूनी संघर्ष की जानकारी मिली तत्काल वे सक्रिय हो गये। एसपी ने पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया।

**इरफान का रहा है आपराधिक इतिहास :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि इरफान उर्फ रेहान उर्फ छोटू का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले भी बड़कागांव थाना क्षेत्र में रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज हुई है। वर्ष 2021 में उसके खिलाफ बरकाकाना रेलवे थाना का में भी कांड दर्ज हुआ है। पतरातू थाने में भी उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। यह पांडे गिरोह का सक्रिय सदस्य है।

छापामारी टीम में ये थे शामिल

छापामारी टीम में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, सब इंस्पेक्टर विक्रम तिग्गा, शेख अफजल हुसैन सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## भाजपा नेता पर लगा छेड़खानी का आरोप, प्राथमिकी दर्ज




**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना जोरी गांव निवासी भाजपा नेता विवेकानंद उपाध्याय उर्फ. बाबू उपाध्याय पर एक दलित महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। आवेदन में महिला ने उल्लेख किया है कि मंगलवार के दिन सुबह साढ़े नौ बजे वह घर में बैठी हुई थी। इस दौरान घर के सभी लोग खेत में काम करने गये थे। आरोपी अपाची बाइक से उसका घर पहुंचा और महिला से पूछा कि तुम्हारा पति घर पर है। महिला बोली खेत में काम करने गये हैं। इतना बोलकर महिला घर के अंदर जाने लगी। इसी बीच आरोपी भी उसके घर पर प्रवेश किया और दुष्कर्म के नियत से छेड़खानी की। पीड़ित महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी द्वारा केस नहीं करने का दबाव बनाया जा रहा था और केश करने पर बर्बाद करने की धमकी दिया जा रहा है। थानाप्रभारी ने बताया कि पुलिस मिले आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर लिया है। पुलिस अब मामले की जांच में जुट गयी है।

## सड़क हादसे में छात्र घायल

**चतरा(आजाद सिपाही)।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के होसिल गांव के समीप जोरी- प्रतापपुर मुख्य पथ पर दो बाइक के सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जानकारी के अनुसार घायल बच्चा अरुणोदय पब्लिक स्कूल जोरी में कक्षा यूकेजी का छात्र है। छात्र धीरज कुमार (7) अपने चाचा के साथ अपने घर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में होसिल गांव के समीप जोरी-प्रतापपुर मुख्य पथ पर प्रतापपुर की ओर से एक तेज रफ्तार बाइक सीधे बाइक में टक्कर मार दी। इसमें छात्र धीरज घायल हो गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-सीओएन-आरएनसी-केआईटीए-25-5, दिनांक: 14.10.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से सहायक विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834001 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को **दोपहर 12.00 बजे** बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में किता स्टेशन पर अप लूप लाइन के निर्माण कार्य के सम्बन्ध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत तथा रूपांतरण कार्य सहित एटी सम्बंधित कार्य। **कार्य का मूल्य:** ₹ 1,81,65,373.28। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,40,800। **पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **बंद होने की तारीख:** 10.11.2025। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** [E-Tender → Works (फोन नंबर के साथ लॉगइन) तथा ऊपर उल्लिखित निविदा संख्या के साथ सर्च] देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-725)

### वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

# सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करना मुख्य उद्देश्यः मनोज महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की जिला स्तरीय बैठक कुड़मी कुंबा में नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि संचालन अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने किया बैठक में आगामी 18 अक्टूबर को जिला मैदान से रामगढ़ कॉलेज मैदान तक होने वाली सोहराय चांचइर आर बरदखुंटा कार्यक्रम की सफलता को लेकर रणनीति बनायी गयी। सोहराय चांचइर आर बरदखुंटा कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी बैठक में वक्ताओं ने बताया कि सोहराय चांचइर आर बरदखुंटा कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण पर है, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में बैठक, पोस्टर, फ्लेक्स, प्रचार वाहन और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक पैमाने पर प्रचार- प्रसार किया जा रहा। वक्ताओं ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करना, स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ना है।

**सोहराय परब झारखंड की मिट्टी, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग हैः द्वारिका प्रसाद :** द्वारिका प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम की मूल भावना सोहराय परब झारखंड की मिट्टी, संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम में प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। जिसमें सोहराय परब से जुड़े गीत, नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्र, वस्त्र, पेंटिंग, हस्तशिल्प और व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से ओम प्रकाश महतो, अनिकेत ओहदार, जागेश्वर नागवंशी, संतोष बंसियार, पनेश्वर कुमार, हेमलाल महतो,आनंद केटियार, राजेश कुमार महतो, देवानंद महतो, गौतम कुमार महतो, गिरीशंकर महतो, महेश कुमार निगम, माथुर महतो, लीलावती कुमारी, सीता देवी, सोनी देवी, मुरारी महतो, सुधीर कुमार अकेला, सत्येंद्र कुमार, लिलेश्वर महतो, बासुदेव महतो, मुनीनाथ महतो, रवि कुमार महतो, कैलाश महतो, पिंटू कुमार, रविराज पटेल, खिरोधर महतो,भागीरथ महतो, डालचंद ओहदार,भीम महतो, रूपेश कुमार, नरेश महतो, अशोक कुमार चौधरी, सूरज कुमार, लक्ष्मण कुमार महतो, रूपलाल महतो, दीपेंद्र कुमार, भोला प्रसाद महतो, अमित ओहदार, शिव कुमार, सूरज महतो, प्रवीण कुमार, सुरेंद्र महतो, कुलदीप कुमार महतो, महावीर महतो, अजीत महतो नीतीश कुमार आदि लोग शामिल थे।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के राहम गांव में पारिवारिक कलह में 25 वर्षीय केशिया देवी की हत्या कर कुंआ में डाल देने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना मंगलवार दोपहर की है। इस बाबत मृतका का भाई बगरा के जबड़ा निवासी विकास कुमार ने थाना में आवेदन देकर हत्या कर कुंआ में डालने का आरोप लगया है। मिली जानकारी के अनुसार राहम निवासी बासुदेव यादव मंगलवार दोपहर एक बजे मृतिका के बहन हेवंती देवी को केशिया की मौत हो जाने की सुचना फोन पर दिया, जिसके बाद मृतका के मायके वाले शाम चार बजे राहम पहुंचे। जिसके बाद घटना की सुचना टंडवा पुलिस को दिया, पुलिस सुचना पाते ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर थाना ले गयी। इधर पुलिस आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दिया, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने कहा कि पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की खुलासा होगी, हलांकि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मृतका के तीन छोटे छोटे बच्चे हैं जिसमें दो पुत्री व एक पुत्र है। ग्रामीण सुत्रो की माने विकास यादव के इसके पहले दो और शादी हो चुकी थी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.: 3945 Dated :21/16/2025 I, **Dilip Kumar Ravidas** S/o Sukhlal Ravidas aged about 32 years, resident of village Chatrochatti, P.O. and P.S. Chatrochatti, District Bokaro (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declares as follows:-
1. That my nationality is Indian.
2. That in my Aadhar Card vide No. 9997 0403 5972 my name has been mentioned as **Dilip Kumar Ravidas.**
3. That in my Bank account of Bank of India, Gomia Branch vide A/c No. 48111011001373 3 my name has been mentioned as **Dilip Ravidas.**
4. That Dilip Kumar Ravidas and Dilip Ravidas is only one and same person i.e. myself.
5. That, I am swearing this affidavit to rectify my name **Dilip Kumar Ravidas** in place of **Dilip Ravidas** in my said Bank account.
6. That all the contents of this affidavit are true and correct and if any statement false or incorrect then I shall liable to be punished in the eye of law.

**AFFIDAVIT**



As per Affidavit No.:4344 Dated : 13/10/2025 I, Suveli Devi, w/o Suresh Kumar Singh, Date of birth 01-01-1960 by faith Hindu, by profession house wife, resident of village/P.O. Kadma, P.S. Katkamdag, Dist-Hazaribag (Jharkhand) 825301. dohereby solemnly affirm and declare as follows:-
1-That I my genuine and correct name is Suveli Devi which is mentioned in my Adhar No.-5839 9479 7304.
2-That previously my date of birth is mentioned in my above said Adhar as 01-02-1960 which is correct.
3-That after correcting of the above Adhar my name has mentioned as Suveli Devi and before correction of Adhar my name has been mentioned as Suman Devi.
4-That Suveli Devi and Suman Devi is same and one lady i.e. mine name. and I known by both names.
5-That the statements made above are true and correct.

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र क्र.सं.:1346 दिनांक: 10/10/2025 के अनुसार मैं, अंजलि कुमारी पिता रामधारी यादव, उम्र–14 वर्ष, धर्म –हिन्दू, जाति–ग्वाला, पेशा–विद्यार्थी, ग्राम –धनगीरी, पंचायत–सलैया, थाना–वशिष्ठनगर (जोरी), जिला–चतरा, शपथ पूर्वक बयान देती हूँ कि:–
1. यह कि मेरा पूर्व में आधार कार्ड में नाम प्रीती कुमारी था।
2. यह कि मैं अपना नाम प्रीती कुमारी हटाकर अंजलि कुमारी रखना चाहती हूँ।
3. यह कि मैं अंजलि कुमारी के नाम से नया आधार कार्ड बनवा ली हूँ।
4. यह कि आज के बाद मैं हमेशा अपना नाम अंजलि कुमारी ही रखूँगी।
5. यह कि इसके पूर्व के सारे कागजातों में मैं अपना नाम संशोधित करना चाहती हूँ।
6. यह कि इसके पूर्व प्रीती कुमारी के नाम पर यदि भविष्य में कोई कार्य करूंगी तो कानूनी रूप से गलत एवं दोषी समझी जाएगी, जिसकी सारी जवाबदेही मेरी खूद होगी।
7 यह कि यह शपथ पत्र इसी बावत् दे रही हूँ।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.: 1774 Dated : 08/10/2025 I, Birendra Oraon S/o Jagdish Oraon R/o Vill. Sangrampur. P.o: Boreya, P.S. Kanke, Dist. :Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly affirm as under:-
1. That my name is Birendra Oraon, which is mentioned in my Adhar card no. 5627 0732 3947.
2. That in policy no. 14586493 of ICICI Prudential Life Insurance my name is it Birendra Kumar
3. That Birendra Oraon and Birendra Kumar is the name of same and one person, which is myself.
4. That the statements made above are true and corect, If found wrong I am liable for be same.

## मीडिया चेयरमैन मुकेश यादव का इस्तीफा नामंजूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** नव मनोनीत रामगढ़ जिलाध्यक्ष ममता देवी को संगठन को सुचारू रूप से संचालित करने में किसी प्रकार की असहजता महसूस ना हो इसे देखते हुए रामगढ़ कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रभारी मुकेश यादव ने 5 अक्टूबर को इस्तीफा दे दिया था। लेकिन उनका इस्तीफा नामंजूर किया गया। उक्त मामले की जानकारी बुधवार को शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शांतनु मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मुकेश यादव का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। अतः वे अपने पद पर यथावत बने रहेंगे। वही, मुकेश यादव ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति हमेशा निष्ठावान रहूंगा। साथ ही एक सच्चे कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करता रहूंगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजकुमार यादव, तारिक अनवर, शहजाद खान, मुकेश यादव, संजय साव आदि उपस्थित थे।

### भुरकुंडा रोड सेल विवाद सुलझाने को लेकर त्रिपक्षीय वार्त्ता

# समन्वय बनाकर सेल संचालित करने पर बनी सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** लंबे समय से चल रहे भुरकुंडा रोड सेल विवाद को लेकर बुधवार को भुरकुंडा ओपी परिसर में प्रशासन की मध्यस्थता से त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गयी। बैठक में भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित प्रभावित रोड सेल समिति, रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा और सीसीएल प्रबंधन के प्रतिनिधियों के बीच आपसी सहमति बन गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रोड सेल तभी सुचारू रूप से संचालित हो सकता है जब सभी पक्ष आपसी समन्वय और सहयोग की भावना से आगे बढ़ें। बैठक में सीसीएल प्रबंधन की ओर से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, सेल्स मैनेजर अविनाश चंद्रा और पर्सनल ऑफिसर देवेन्दु भंडारी शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर भुरकुंडा कोलियरी विस्थापित प्रभावित रोड सेल समिति, रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा और झारखंडी बेरोजगार संघ के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में दुंदुवा और देवरिया के रैयत विस्थापितों ने पुराने रोड सेल को भंग कर नई संचालन समिति गठित करने की मांग की। विस्थापितों ने पूर्व हिस्सेदारी को अस्वीकार करते हुए नई बंटवारा नीति पर चर्चा की आवश्यकता बताई। वहीं पुराने रोड सेल समिति के सदस्यों ने कहा कि विवाद का समाधान आपसी बातचीत से किया जा सकता है, लेकिन मजदूरों के रोजगार पर असर नहीं पड़ना चाहिए। भुरकुंडा रोड सेल विवाद पर प्रशासन की मध्यस्थता से बनी सहमति ने राहत दी है। अब उम्मीद की जा रही है कि आपसी सहयोग और पारदर्शिता के साथ रोड सेल का संचालन शुरू होगा, जिससे स्थानीय मजदूरों के रोजगार की राह फिर से खुलेगी। लंबी चर्चाओं के बाद सभी पक्ष इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि आपसी सहमति व समन्वय के आधार पर रोड सेल का संचालन किया जायेगा। थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता ने स्पष्ट किया कि प्रशासन शांति व्यवस्था बनाये रखते हुए रोड सेल संचालन में सहयोग करेगा। पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी ने कहा कि आपसी स्वार्थ छोड़कर रोजगार हित में समन्वय बनायें। सीसीएल प्रबंधन आपके साथ है और चाहता है कि सेल मजदूरों के हित में संचालित हो। बैठक में गिरधारी गोप, प्रदीप मांझी, रंजीत बेसरा, विरेन्द्र मांझी, रमण शर्मा, योगेन्द्र यादव, फुलेश्वर तुरी, दर्शन गंझू, सरोज झा, राणा प्रताप सिंह, शनि बेसरा, अजय साहू, राजाराम प्रसाद, विजय मुंडा, संतोष मांझी, कैलाश प्रसाद साहु, उमेश बेदिया, राजेन्द्र मुंडा, रामदास बेदिया, शिव नारायण यादव, डॉ. आशिष, उदय अग्रवाल, किशुन नायक, श्रीनाथ करमाली, राजन करमाली, शिवशंकर पांडेय, संजय वर्मा सहित रोड सेल संबंधित समितियों के सभी प्रतिनिधि शामिल थे।

**स्वास्थ्य विभाग**
**कार्यालय अधीक्षक,**
**इटकी आरोग्यशाला इटकी, राँची**

**सूचना**

**PR 361940 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26**

इटकी आरोग्यशाला के मरीजों के लिए Group A दवा, केमिकल रसायन/उपकरण, Group B विविध सामग्री मशीन उपकरण, Group C विविध सामग्री, लेखन सामग्री, Group D खाद्य सामग्री एवं Group E दूध, फल, हरी सब्जी से संबंधित निविदा दिनांक 15.10.2025 तक निबंधित डाक से टंकित सील बन्द निविदा आमंत्रित की गई थी, एवं निविदा दिनांक 17.10.2025 को 12 बजे दिन में क्रय समिति के समक्ष इटकी आरोग्यशाला के कान्फ्रेन्स हॉल इटकी में खुलने वाला था।

अतः अपरिहार्य कारणों से निविदा स्थागित की जाती है।

PR 364171 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

अधीक्षक
इटकी आरोग्यशाला इटकी, राँची

# लापरवाह रवैया

देश में कुल जितनी आत्महत्या होती हैं, उनमें 7.6% हिस्सा स्टूडेंट्स का है। केवल साल 2022 में ही 13 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने अपनी जान दे दी थी। इसमें से 2248 मामले परीक्षा में फेल होने से जुड़े बताये गये। देश के टॉप संस्थान - आइआइटी, आइआइएम और एनआइटी भी इस अभिशाप से नहीं बचे हैं। 2018 से लेकर अभी तक आइआइटी के 39, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और एनआइटी के 25-25 स्टूडेंट्स जान दे चुके हैं। इसके बावजूद इन संस्थानों का इस मामले को गंभीरता से न लेना समझ से परे है।

**टास्क फोर्स :** स्टूडेंट्स में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस साल मार्च में एक नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया था। रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता वाली इस समिति को शैक्षणिक संस्थानों में सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करनी है। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट में बताया गया कि इंस्टीट्यूशंस सहयोग नहीं कर रहे। अभी तक केवल 3,500 संस्थानों ने जवाब दिया है, जबकि 57 हजार ने चुप्पी साध रखी है।

**चुप्पी अक्षम्य :** टास्क फोर्स की तरफ से इंस्टीट्यूशंस को चार बार रिमाइंडर भेजा गया, केंद्र की तरफ से निर्देश गये - इसके बाद भी यह चुप्पी अक्षम्य है। सुप्रीम कोर्ट को संस्थानों को चेतावनी देनी पड़ी है। जब शैक्षणिक संस्थान डांट-डपट से चलने लगें, तो उनसे कैसे उम्मीद की जाये कि वे देश निर्माण में योगदान देंगे। संस्थानों ने चाहे जिस भी वजह से सर्वे पर जवाब न दिया हो, उसे सही नहीं ठहराया जा सकता।

**सुप्रीम कोर्ट में बताया कि सर्वे के लिए इंस्टीट्यूशंस सहयोग नहीं कर रहे। अभी तक केवल 3,500 संस्थानों ने जवाब दिया है, जबकि 57 हजार ने चुप्पी साध रखी है। टास्क फोर्स की तरफ से इंस्टीट्यूशंस को चार बार रिमाइंडर भेजा गया। केंद्र की तरफ से निर्देश गये - इसके बाद भी यह चुप्पी अक्षम्य है**

**दबाव में बच्चे :** बच्चों पर आज चौतरफा दबाव है - पढ़ाई का प्रेशर, करियर में अच्छा करने की उम्मीदें और परिवार की आकांक्षाएं। इनसे उनकी मेंटल हेल्थ प्रभावित हो रही है। तमाम स्टूडेंट्स लगातार असफलता के डर से जूझते रहते हैं और झिझक की वजह से किसी से अपनी बात कह नहीं पाते। जब दबाव असहनीय हो जाता है, तो इन्हीं में से कई हिम्मत हारकर गलत कदम उठा लेते हैं। अगर उनकी समस्या को समझने और मदद का मैकेनिज्म मौजूद हो, तो कई जानें बचायी जा सकती हैं।

**गलती सुधारें संस्थान :** सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित टास्क फोर्स को स्टूडेंट्स की आत्महत्या के प्रमुख कारणों का पता लगाना है, मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य नीतियों व नियमों को परखना है और साथ ही सुधार के उपाय सुझाने है। लेकिन यह काम शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग बिना नहीं चल सकता। उनको तो बढ़-चढ़कर इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए और अपनी तरफ से सुझाव देने चाहिए।

**अभिमत आजाद सिपाही**

जेपी के बाद बिहार की तकरीबन हर जातियों में जिस राजनेता की व्यापक स्वीकृति रही, वे कर्पूरी ठाकुर हैं। दिलचस्प यह है कि आज के बिहार के सत्ता पक्ष और विपक्ष के बड़े नेता हैं, सब कर्पूरी ठाकुर का नाम ही जपते हैं। पिछले साल मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर बिहार की पिछड़ी राजनीति के इस शीर्ष पुरुष को सियासत के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया।

# सोच के स्तर पर बदल रही बिहारी राजनीति

उमेश कुमार सिंह




**बिहार** की राजनीति जाति और धर्म से कभी अलग नहीं रही। आजादी के फौरन बाद के चुनावों में जाति का असर कम रहा, क्योंकि तब स्वाधीनता संग्राम के दौरान अर्जित नैतिक मूल्यों की आभा और स्मृति बनी हुई थी। लेकिन बाद के दिनों में यह लगातार कम होता चला गया। जाति और धर्म की राजनीति तब भी होती थी, लेकिन उस पर स्वाधीन भारत को बनाने के लिए सर्वसमावेशी सोच का आवरण बना रहा। लेकिन मंडल आयोग की छाया में उभरी राजनीति के बाद जाति और धर्म का खुला-खेल शुरू हो गया। जातीय गोलबंदी खुलेआम होने लगी। बिहार के वैशाली स्थित लिच्छवी गणराज्य ने जब लोकतांत्रिक मॉडल को अपनाया था, तब शासन सौंपने वाले हाथों की योग्यता उनकी न्याय प्रियता, उनकी प्रशासनिक कुशलता और निष्पक्षता थी। इसे बिडंबना ही कहेंगे कि जिस बिहार की धरती ने छठी सदी ईसापूर्व यानी करीब ढाई हजार साल पहले शासन के बेहतरीन मॉडल को अपनाया, उसी धरती पर वैधानिकता के आधार पर लागू लोकतंत्र ने जाति, धर्म और क्षेत्रवाद को खुद में समाहित कर लिया। लेकिन इस बार के चुनावों में लोकतंत्र का जातीय और धार्मिक मॉडल को किंचित चोट पहुंचती दिख रही है।

**बिहार गर्व करते नहीं अघाता कि उसकी धरती पर लोकतंत्र का जन्म हुआ।**

बिहार गर्व करते नहीं अघाता कि उसकी धरती पर लोकतंत्र का जन्म हुआ। इसी लोकतंत्र की छांव में बिहार और प्रकारांतर से देश को आगे बढ़ाने का सपना जयप्रकाश नारायण ने देखा था। जब भारतीय लोकतंत्र पर आपातकाल की काली छाया पड़ी तो जेपी के नाम से विख्यात जयप्रकाश नारायण की अगुआई में बिहार की ही धरती ने बिगुल फूंक दिया। इस बिगुल ध्वनि को देश ने सुना और जेपी के पीछे हो लिया। जिसकी परिणति आपातकाल के काले दिनों के अंत और बाद में आपातकाल थोपने वाले हाथों यानी इंदिरा गांधी की लोकतांत्रिक हार के रूप में देश और दुनिया ने देखा। जेपी की राजनीति में जाति और धर्म का आधार नहीं था। जेपी के पीछे पहले बिहार और बाद में तकरीबन उत्तर भारत जब चल पड़ा, तब देश और धर्म की बातें पीछे छूट गई थीं। तब देश को बनाने और लोकतंत्र को बचाने के लिए हर धर्म, हर जाति और हर समूह ने अपने जातीय, धार्मिक और स्थानीय हितों को किनारे रख दिया और देश के लिए आगे चल पड़े थे। दुर्भाग्यवश उसी दौर में उभरे नेताओं ने जाति का सबसे बड़ा खेल खेला। बिहार की जातीय राजनीति को बढ़ावा देने में उसी दौर में उभरे नेताओं ने सबसे ज्यादा दिया। आज की बिहारी राजनीति के चमकते सितारे लालू यादव, नीतीश कुमार, शिवानंद तिवारी, नंद किशोर यादव, आदि उसी दौर में उभरे चेहरे हैं।

बाद के दौर में बिहार के चुनाव की चर्चा जाति और धर्म की बुनियाद को आधार बनाए असंभव मानी जाने लगी। वैसे यह रोग तकरीबन हर राज्य की राजनीति को लगा है। कहीं इसकी तासीर कम दिखती है तो कहीं कम, लेकिन यह हर जगह है। लेकिन बिहार के इस चुनाव में प्रशांत किशोर के जरिए कम से कम जातीय गोलबंदी की बात को लगाम पहुंची है। प्रशांत किशोर का चाहे सत्ता पक्ष या विपक्ष, जितना भी उपहास उड़ाने की कोशिश करे, उन्होंने बिहारी राजनीति को नया चेहरा जरूर दिया है। प्रशांत ब्राह्मण परिवार के बेटे हैं। उनकी राजनीतिक आभा से परेशान बिहार का सत्ता पक्ष भी है और विपक्ष भी। सत्ता पक्ष की बजाय विपक्ष की ओर से उन्हें ब्राह्मण बताने की कोशिश खूब हुई। लेकिन यह कार्ड चल नहीं पाया। दरअसल मंडलवाद की राजनीति के उभार के बाद सवर्णवाद की बात करने की हिम्मत भी दिखाना मुश्किल है। सवर्ण तबके की जातियां और उनके नेता अपनी जाति की बात कर लें तो उन पर जातिवादी ठप्पा लगाकर ट्रोल किया जाता रहा है। वैसे आज का जो विमर्श है, उसमें सवर्ण तबके की अपनी जाति की बात करना जातिवादी होना है और पिछड़े एवं दलित जातियों की बात करना उनका सशक्तीकरण एवं प्रगतिवाद का बेहतरीन उदाहरण माना जाता है।

जेपी के बाद बिहार की तकरीबन हर जातियों में जिस राजनेता की व्यापक स्वीकृति रही, वे कर्पूरी ठाकुर हैं। दिलचस्प यह है कि आज के बिहार के सत्ता पक्ष और विपक्ष के बड़े नेता हैं, सब कर्पूरी ठाकुर का नाम ही जपते हैं। यह बात और है कि कर्पूरी ठाकुर जैसी सादगी, उनके जैसी सर्वसमावेशी राजनीति की राह उनके चेलों ने नहीं अपनाई। बिहार की राजनीति के दोनों दिग्गज चेहरे जेपी और कर्पूरी की राजनीति में संकीर्णता का आधार नहीं नहीं था। वे जातीय गोलबंदी की बजाय सर्वसमावेशी राजनीति की बात करते थे। आज की राजनीति और सामाजिक संतुलन के लिए आरक्षण व्यवस्था की जरूरत को कर्पूरी ठाकुर स्वीकार करते थे, लेकिन उनकी आरक्षण व्यवस्था में किसी खास वर्ग को लक्षित करने और उस पर निशाना साधने का भाव नहीं था। उन्होंने आरक्षण का जो फॉर्मूला दिया था, उसमें पिछड़ा वर्ग को बारह प्रतिशत, अति पिछड़े वर्ग को आठ प्रतिशत, महिलाओं के लिए तीन प्रतिशत और गरीब सवर्णों के लिए तीन प्रतिशत का प्रावधान किया था। चाहे लोहिया की आरक्षण को लेकर सोच रही हो या फिर कर्पूरी का मॉडल, दोनों का मकसत सामाजिक विकास की दौड़ में पीछे रहे वर्ग को आगे रहे वर्गों के समकक्ष खड़ा करना और इस तरह बराबरी का बोध लाना था। यही वजह रही कि इन नेताओं के पीछे समाज का बड़ा हिस्सा खड़ा होता था, जहां जाति और धर्म की सीमाएं टूट जाया करती थीं। इसका यह मतलब नहीं था कि तब जातीय गोलबंदी खत्म हो चुकी थी। लेकिन यह जरूर है कि ऐसा करने वाली ताकतों को बढ़ावा नहीं मिलता था। लेकिन जेपी और कपूरी के बाद स्थितियां बदल गईं।

बिहार के मौजूदा चुनावों में प्रशांत किशोर के अभ्युदय ने जातीय गोलबंदी की इस रूढ़ि को तोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रशांत किशोर ने अपना दल बनाने के बाद एक गलती जरूर की। उन्होंने तब जरूर कहा था कि मुस्लिम समुदाय को तरजीह देंगे। ऐसा करके वे एक तरह से धार्मिक गोलबंदी की पारंपरिक अवधारणा को जरूर शह दे रहे थे। लेकिन शायद बाद में उन्हें इस गलती का अहसास हुआ और उन्होंने इस सोच का मुजाहिरा फिर नहीं किया।

इसका यह मतलब नहीं है कि प्रशांत किशोर के पीछे समूचा बिहार उठ खड़ा हुआ है। दकियानुसी की हद तक जाति और धर्म के खेमे में बंट चुकी बिहार की राजनीति की इस सोच में इस बार के चुनावों में खरोंच लगती दिख रही है। इस लिहाज से प्रशांत किशोर, जेपी और कपूरी ठाकुर की परंपरा में खड़े होते नजर आ रहे हैं। बिहार की सोच में बदलाव की यह बयार बनी रही तो तय मानिए, बिहार ही नहीं देश की राजनीति बदलने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# सिजुलता में बैंक ग्राहक सेवा केंद्र से 60 हजार की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजनगर।** राजनगर थाना क्षेत्र के सिजुलता गांव में दिनदहाड़े अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र से 60 हजार रुपये लूट लिए। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की और मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही राजनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा बरामद किया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। इससे सात दिन पूर्व इसी गांव में एक शिक्षक के घर से 17 लाख रुपये चोरी की घटना हुई थी। लगातार आपराधिक घटनाओं से इलाके के लोगों में भय और आक्रोश व्याप्त है। डीएसपी समीर कुमार सवैया ने बताया पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।उधर लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि स्थानीय लोग पुलिस गस्थी बढ़ाने और त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# मनोहरपुर में माओवादियों के बंद का दिखा असर, वाहनों की आवाजाही ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनोहरपुर।** भाकपा (माओवादी) का पुलिसिया दमन के विरोध में बुलाए गए झारखंड बंद का मनोहरपुर और आसपास के इलाकों में व्यापक असर देखा गया। बुधवार को बंद के दौरान बैंक, पेट्रोल पंप, बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे, जबकि लंबी दूरी की बसें और मालवाहक वाहन सड़कों से नदारद दिखे। आम यात्रियों को यातायात ठप होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंद के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी, वहीं केंद्रीय बलों और जिला पुलिस की संयुक्त गश्त पूरे दिन जारी रही। इस बीच नक्सलियों ने सारंडा के छोटानागरा थाना क्षेत्र स्थित कुदलीबाद में बीएसएनएल टावर के जेनसेट मशीन को आग के हवाले कर दिया। हालांकि इस घटना को छोड़कर बंद शांतिपूर्ण रहा। वही प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सभी सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा था। प्रभावित इलाकों में पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गयी।

# टाटा स्टील यूआइएसएल ने लगाये पांच हजार पौधे



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मेगा ट्री प्लांटेशन ड्राइव का आयोजन किया। इस दौरान करीब 2,500 वर्ग मीटर क्षेत्र में 5,000 पौधे लगाये गये। पौधारोपण में टाबेबुआ, बौहिनिया, टीक, बकुल समेत कई स्थानीय प्रजातियों के पेड़ शामिल किए गये। जो शहरी वनीकरण को बढ़ावा देंगे और क्षेत्र में हरित आवरण को सशक्त बनायेंगे। इस अवसर पर स्कूल के छात्र, एनसीसी कैडेट, उनके अभिभावक, कर्मचारी, टाटा स्टील और टाटा यूआईएसएल के अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल रहे। मौके पर चीफ टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एवं लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स टाटा स्टील वरुण बजाज और जनरल मैनेजर टाउन ऑपरेशंस एवं मेंटेनेंस टाटा स्टील यूआईएसएल रबिंदर कुमार सिंह मौजूद रहे। यह पहल टाटा स्टील यूआइएसएल की स्थिरता और हरित शहरी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही समुदाय के लिए स्वस्थ, स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दिसंबर में महर्षि पाणिनी उत्सव का होगा भव्य आयोजन, तैयारी शुरू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय ज्ञान परंपरा के श्लाका पुरुष महर्षि पाणिनी के जीवन और योगदान को समर्पित महर्षि पाणिनी उत्सव का आयोजन आगामी दिसंबर माह में जमशेदपुर में भव्य रूप से किया जायेगा। यह निर्णय पाणिनी उत्सव समिति, जमशेदपुर की ओर से बुधवार को आयोजित बैठक में लिया गया।बैठक पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी +2 विद्यालय में समिति के अध्यक्ष राजदेव सिन्हा की अध्यक्षता में हुई।मौके पर नगर के अनेक शिक्षाविदों, बौद्धिक जनों तथा विद्यालयों के निष्ठावान शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. रागिनी भूषण विशेष रूप से उपस्थित रहीं।समिति के सचिव चन्द्रदीप पाण्डेय ने बताया आगामी आयोजन में रांची, कोलकाता, देवघर और भागलपुर से आमंत्रित विद्वान महर्षि पाणिनी के जीवन चरित्र, उनके व्याकरणिक योगदान तथा आधुनिक विज्ञान और तकनीकी युग में उनकी प्रासंगिकता पर विशद चर्चा करेंगे।बैठक में आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से विचार किया गया और विभिन्न उपसमितियों का गठन भी किया गया। समिति ने बताया अगली बैठक 2 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी +2 विद्यालय, न्यू बाराद्वारी, जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी।समिति ने भारतीय ज्ञान परंपरा में आस्था रखने वाले सभी ज्ञानपिपासुओं से इस आगामी बैठक में सम्मिलित होने का आह्वान किया।

# छठ महापर्व में तैलिक साहू महासभा लगायेगी सेवा शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर चार दिवसीय सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम साकची एमजीएम अस्पताल के पास भामाशाह चौक पर 24 से 27 अक्टूबर तक चलेगा। बुधवार को साकची जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राकेश साहू की अध्यक्षता में महासभा की बैठक के दौरान निर्णय लिया गया। राकेश साहू ने बताया 24 अक्टूबर को निःशुल्क लौकी वितरण, 25 अक्टूबर को 201 सूप वितरण और 26 अक्टूबर को मानगो स्वर्णरेखा घाट पर पूजन सामग्री का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। 27 अक्टूबर की सुबह छठ व्रतधारियों के लिए चाय, बिस्कुट और दूध की व्यवस्था रहेगी। बैठक में सभी छठ घाटों की सफाई और जरूरतमंद व्रतधारियों को आर्थिक सहयोग देने का भी निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन शाह ने की। मौके पर रंजीत कुमार साव, पप्पू साहू, संतोष गुप्ता, अशोक साहू, कंचन देवी, मंटू साव, सागर साव, आयुष गुप्ता और शुभम गुप्ता सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आदित्यपुर में मिठाई दुकानों और होटलों का औचक निरीक्षण



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन ने त्योहारों को देखते हुए आदित्यपुर क्षेत्र के मिठाई दुकानों, होटलों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने स्वच्छता मानकों की जांच की और खाद्य नमूने संकलित किये। संचालकों को अज्ञात स्रोत के कच्चे माल से परहेज करने और स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये। स्ट्रीट फूड वेंडर्स को खाद्य सामग्री ढककर रखने और स्वच्छ पानी इस्तेमाल करने की सलाह दी गयी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने आम जनता से अस्वच्छ या मिलावटी खाद्य पदार्थों की सूचना देने का आग्रह किया।

# सेवाव्रती नील संघ क्लब का विजया सम्मेलन में तनुश्री बोस सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा स्थित सेवाव्रती नील संघ क्लब ने विजया सम्मेलन के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर कदमा निवासी और मिसेज इंडिया नेशनल ग्लैम प्राइड 2025 की प्रथम रनर-अप तनुश्री बोस को क्लब अध्यक्ष अमित माइती, महासचिव निशित गिरी, कोषाध्यक्ष सुबीर कुंडू और महिला सदस्यों ने शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत कर की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में निशित गिरी, विजय बनर्जी, संध्या बांगो, लीना दत्ता, पी. सी. दास और कोरोबी सिन्हा ने भावपूर्ण गीत और प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय बनर्जी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन टीटू दास ने प्रस्तुत की।इस आयोजन में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और यह सांस्कृतिक सौहार्द एवं समुदाय सहयोग का जीवंत उदाहरण साबित हुआ।

## रमना में सड़क हादसे में एक की मौत



**रमना (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दुदवनिया और चुंदी गांव की सीमा के समीप मंगलवार की रात ऑटो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में रमना चट्टनिया निवासी शिव प्रसाद बैठा (40) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार अनुज बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, शिव प्रसाद बैठा और अनुज बैठा सोमवार की रात डंडई की ओर से अपने घर रमना लौट रहे थे। इसी बीच दुधवनिया एवं चुंदी गांव के सीमा पर विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में शिव प्रसाद बैठा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के स्वजनों ने उचित मुआवजा की मांग को लेकर शव उठाने से मना कर दिया। बाद में थाना प्रभारी ने पीड़ित परिवार और मौके पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों से वार्ता कर न्यायोचित मुआवजा और सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ऑटो को जब्त कर लिया है। उधर, मृतक के पिता मोतीचंद बैठा ने ऑटो मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। वहीं, मृतक के बुधवार दोपहर बाद शव पहुंचते ही घरों में कोहराम मच गया। निधन के बाद कई लोग घर पहुंचकर शोक जताया। बताते चलें कि दो दिन पूर्व मुख्यालय निवासी संगीता सोनी की मौत हाइवे की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

## 'कॉफी विद एसडीएम': एसडीएम के साथ दवा व्यापारियों की हुई सार्थक बैठक

# दवा व्यवसाय जीवन रक्षा से जुड़ा हुआ है इसकी पवित्रता बनाये रखें : एसडीएम

**चिकित्सकों की लिखावट, डिस्काउंट पर गैर-मानक दवाओं की बिक्री और औषधि विभाग की कार्यप्रणाली के मुद्दे उठे**

### गैर-लाइसेंसी दवा दुकानों पर कार्रवाई हो : केमिस्ट एसोसिएशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार के नियमित कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के तहत बुधवार को ड्रगिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों और स्थानीय दवा व्यापारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें व्यापारियों ने अपने व्यवसाय से जुड़ी समस्याएं, सुझाव और जनहित के मुद्दे विस्तार से रखे। इस दौरान दवा व्यापारियों ने कहा कि वे जीवन-रक्षा से जुड़े पवित्र व्यवसाय से जुड़े हैं, लेकिन कई बार औषधि विभाग की अनावश्यक जांच, नयी-नयी गैर लाइसेंसी दुकानें खुलने और चिकित्सकों की अस्पष्ट लिखावट जैसी कई परेशानियां होती है। उन्होंने मांग की कि डॉक्टरों को प्रिंटेड या स्पष्ट अक्षरों में दवा लिखने का निर्देश जारी किया जाए, ताकि मरीजों और विक्रेताओं दोनों को सुविधा हो। कई व्यापारियों ने आरोप लगाया कि औषधि विभाग के कुछ अधिकारी निरीक्षण के दौरान अनुचित दबाव डालते हैं, जिससे सम्मानजनक व्यापारिक माहौल प्रभावित होता है। व्यापारियों ने गैर-मानक दवाओं की बिक्री और डिस्काउंट के नाम पर भ्रामक विज्ञापन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी की। वहीं, बैठक में रघुवीर प्रसाद कश्यप ने कहा कि कई बार दूरदराज क्षेत्रों में जीवनरक्षक परिस्थिति में बिना प्रिस्क्रिप्शन दवा देनी पड़ती है। ऐसे दुर्लभ मामलों में कठोर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। यह भी कहा कि कुछ दुकानों द्वारा मनमाना डिस्काउंट देकर कम गुणवत्ता की दवाएं बेची जाती हैं, जिससे न केवल मरीजों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि ईमानदार व्यापारियों की साख पर भी असर पड़ता है। वहीं, सुरेंद्र कश्यप ने कहा कि जनऔषधि केंद्रों में सिर्फ जनरिक दवाएं रखी जानी चाहिए, किंतु सरकारी अस्पताल स्थित केंद्रों में ब्रांडेड दवाओं की बिक्री की जा रही है। संतोष जायसवाल ने कहा कि लाइसेंस लेने से लेकर दुकान संचालन तक, दवा व्यवसायियों को कई स्तरों पर आर्थिक शोषण का सामना करना पड़ता है। इससे मुक्ति के लिए प्रशासनिक हस्तक्षेप की आवश्यकता बताई। इस पर एसडीएम ने सभी से लिखित शिकायत की मांग की। अशोक कुमार गुप्ता, दीपक तिवारी और संतोष दुबे ने भी विभिन्न समस्याओं से एसडीएम को अवगत कराया। उन लोगों ने गैर-लाइसेंसी दुकानों की संख्या लाइसेंस प्राप्त दुकानों से अधिक होने और उनपर शीघ्र रोक लगाने की मांग की। इस पर एसडीएम ने कहा कि गैर-लाइसेंसी दुकानों को दवा की आपूर्ति लाइसेंसधारी दुकानदारों द्वारा ही की जाती है। अतः पहले चरण में सभी लाइसेंसधारी विक्रेताओं को जागरूक होना होगा कि वे बिना लाइसेंस दुकानों को दवा न बेचें। अंत में एसडीएम ने कहा कि प्रशासन दवा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील है। चिकित्सकों द्वारा स्पष्ट लिखावट में दवा लिखने, स्थानीय औषधि विभाग की पारदर्शिता बढ़ाने और गैर-मानक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।



दवा व्यापारियों के साथ बैठक करते एसडीएम संजय कुमार।

## झामुमो महिला मोर्चा ने किया जिला कमेटी का विस्तार, महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झामुमो गढ़वा जिला महिला कमेटी का विस्तार बुधवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेखा चौबे ने की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर रेखा चौबे ने कहा कि झामुमो की महिला कमेटी महिलाओं की आवाज को सशक्त मंच देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कहा कि महिलाएं अगर संगठित हों, तो समाज और राजनीति में बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं। इस मौके पर विभिन्न प्रखंडों में नई कमिटियों का गठन किया गया। जिसमें बंशीधर नगर नगर पंचायत क्षेत्र से गीता देवी को अध्यक्ष, पूजा उरांव को सचिव और चंदना देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि, नगर उंटारी प्रखंड से ऊषा देवी अध्यक्ष, मेरीस्ट लकड़ा सचिव, मंजू देवी कोषाध्यक्ष बनीं, भवनाथपुर प्रखंड से संगीता देवी अध्यक्ष, सुशीला देवी सचिव, और चिंता देवी कोषाध्यक्ष मनोनीत की गई, धुरकी प्रखंड से संविदा कुमारी अध्यक्ष, संध्या देवी सचिव, और सीता देवी कोषाध्यक्ष बनीं, बिशुनपुरा प्रखंड से चंद्रा देवी, रीना देवी, और आरती देवी को क्रमशः अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। डंडई प्रखंड से उर्मिला देवी अध्यक्ष, सुमन देवी सचिव, और कमला देवी कोषाध्यक्ष नियुक्त की गईं। रमना प्रखंड से रिंकू देवी अध्यक्ष और रमापति देवी सचिव मनोनीत हुईं, खरौंधी प्रखंड से संगीता देवी अध्यक्ष, रूदा देवी सचिव, और सुनैना देवी कोषाध्यक्ष बनीं। वहीं, सगमा प्रखंड से संध्या देवी अध्यक्ष, शकुंतला देवी सचिव, और प्रियंका कुमारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। केतार प्रखंड से फूलकुमारी देवी अध्यक्ष, शारदा देवी सचिव, और जमीला बीबी कोषाध्यक्ष नियुक्त की गईं। अंत में रेखा चौबे ने कहा कि झामुमो महिला मोर्चा का लक्ष्य समाज में महिलाओं को आत्मनिर्भर, शिक्षित और निर्णय क्षमता से संपन्न बनाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन महिलाओं की समस्याओं को लेकर जिला से लेकर राज्य स्तर तक आवाज उठाएगा।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम की जयंती 'विश्व छात्र दिवस' के रूप में मनायी गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से संचालित आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा, मझिआंव, श्री बंशीधर नगर और हूर में बुधवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती एक विशेष प्रार्थना सभा में विभिन्न यादगार गतिविधियों के साथ मनाई गई। समारोह की शुरुआत में डॉ कलाम के चित्र पर सभी शाखा के प्रधानाचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ कलाम के करिश्माई जीवन का जश्न मनाने के लिए, आरके पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं के छात्र-छात्राओं ने चित्र कला प्रतियोगिता, भाषण और प्रश्नोत्तरी सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया। वहीं, अपने संबोधन में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने पूर्व राष्ट्रपति के गौरवशाली जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ कलाम का छात्रों के प्रति गहरा प्रेम और 'युवा मन को प्रेरित' करने के उनके मिशन के कारण ही उनकी जयंती को विश्व छात्र दिवस के रूप में मनायी जाती है। यह भी याद दिलाया कि देश के प्रति उनकी गहरी चिंता के कारण डॉ कलाम को सही मायने में 'जनता का राष्ट्रपति' माना जाता था। छात्रों को डॉ कलाम के प्रेरक जीवन से सीखने का आह्वान करते हुए, उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए 'बड़ा सपना देखने' के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि आरके पब्लिक स्कूल के सभी ब्रांचों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और विद्यार्थियों लिए सर्वांगीण विकास के माहौल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। उन्होंने छात्रों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी गतिविधियों के आयोजन के प्रयास के लिए सभी ब्रांचों के सभी प्रधानाचार्य केआर झा, संतोष पांडेय, अनूप पांडेय, पन्नालाल और नसरीन हक सहित शिक्षक की सराहना की।

## डिस्लेक्सिया पढ़ने की क्षमता को प्रभावित करता, समय पर ध्यान न दिया जाये, तो ले सकता है गंभीर रूप : दिलीप

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** 'वॉक फॉर डिस्लेक्सिया' कार्यक्रम के तहत रा प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा बुधवार को मौन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके शुरुआत में शिक्षक रोहित कुमार सिंह ने बताया कि डिस्लेक्सिया एक ऐसी अवस्था है जो बच्चों की पढ़ने, लिखने और शब्दों को समझने की क्षमता को प्रभावित करती है। इस बीमारी की समय पर पहचान और उचित उपचार से बच्चे सामान्य रूप से शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उधर, रैली में छात्र-छात्राएं विद्यालय से निकलकर खरौंधी मोड़ तक पहुंचे और वहां से पुनः विद्यालय लौटे।




पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने डिस्लेक्सिया के प्रति मौन प्रदर्शन किया। इस असर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय ने कहा कि डिस्लेक्सिया पढ़ने की क्षमता को प्रभावित करता है, और यदि समय पर ध्यान न दिया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को सहयोग, प्रोत्साहन और विशेष शिक्षण पद्धति की आवश्यकता होती है। इस जागरूकता अभियान में शिक्षक मोहम्मद मोकारिम, सुशील कुमार, टेरेसा बखला, अनिल कुमार गुप्ता, रोहित कुमार सिंह, उदित नारायण चौबे, विकास कुमार, अनामिका हैरेंज, अरविंद कुमार, सिद्धार्थ कुमार, दीपक तिवारी, रंजीत बरनवाल, प्रशांत कुमार तिवारी, डॉ. आनंद कुमार आदि उपस्थित थे।

## 12वीं की छात्रा की मौत के बाद जांच टीम का गठन

**अथवा/भंडरिया (आजाद सिपाही)।** बड़गड़ परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा दिव्या कुमारी गुप्ता की हुई मौत के मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच टीम ने बुधवार को विद्यालय पहुंचकर घटना से संबंधित सभी बिंदुओं की जांच की। छात्रा की मौत के मामले में परिजनों ने आरोप लगाया था कि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका द्रौपदी मिंज द्वारा 15 सितंबर को छात्रा दिव्या कुमारी गुप्ता बगैर जूता पहने विद्यालय गई थी जिसे लेकर प्रधानाध्यापिका ने छात्रा की पिटाई कर दी थी। इसके बाद से छात्र की तबियत लगातार बिगड़ती गई और 29वें दिन उसकी मौत रांची रिम्स अस्पताल में हो गई छात्रा की मौत से नाराज परिजन मंगलवार को बड़गड़ हनुमान मंदिर चौक पर छात्र के शव के साथ प्रधानाध्यापिका द्रौपती मिंज के खिलाफ सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया था। घटना की जानकारी मिलने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापिका को तत्काल प्रभाव से विद्यालय से हटाते हुए टीम गठित कर जांच करने और 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया था। बुधवार को जांच टीम विद्यालय पहुंची और मामले से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जांच की। जांच टीम ने विद्यालय के सभी शिक्षकों से बारी-बारी से मामले के संबंध में पूछताछ की। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य रूपांजलि जायसवाल और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक यादव से भी छात्रा की मौत मामले की जानकारी ली। पूछे जाने पर जांच टीम का नेतृत्व कर रही। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में छात्रा की पिटाई मामले को लेकर सभी बिंदुओं पर पूछताछ की गई। सभी से पूछताछ में मिली जानकारी का अवलोकन कर विस्तृत जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को आज ही सौंप दिया जाएगा।

## अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार, छह में से चार मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में बुधवार को सीओ शंभू राम और थाना प्रभारी रजनी रंजन की मौजूदगी में जनता दरबार लगाया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। इस दौरान कुछ छह आवेदन आए, जिनमें से चार आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष दो मामलों में आवेदकों के दोनों पक्षों को आवश्यक कागजात के साथ अगली तिथि को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाए। वहीं, सीओ ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। प्रत्येक माह की 15 तारीख को जनता दरबार लगाया जाएगा, ताकि लोगों को न्याय के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने भी लोगों को भरोसा दिलाया कि सभी विवादों को निष्पक्ष तरीके से सुलझाया जाएगा। इस मौके पर सीआई इंतखाब आलम, कर्मचारी मानस कुमार और अमित कुमार आदि उपस्थित थे।

## थाना दिवस पर आधा दर्जन से अधिक मामले का निष्पादन



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मझीआंव अंचल कार्यालय में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन हुआ। इस मौके पर नये क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाके के लोग अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित फरियाद लेकर पहुंचे हुए थे। इस दौरान विशेष कर जमीन विवादित कुल नौ मामले सूचीबद्ध किया गया। जहां अंचला प्रमोद कुमार के द्वारा आधा दर्जन मामले का मौके पर ही निपटारा किया गया। थाना दिवस के मौके पर नये क्षेत्र के बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरहे, सोनपुरवा सहित कई ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण फरियाद लेकर पहुंचे हुए थे। जिसमें विशेष कर जमीन विवाद, पुरहे पंचायत के दवनकारा गांव स्थित नाहर पर अतिक्रमण किया जाना, पारिवारिक झगड़े, मारपीट और भू स्वामियों का जमीन पर दबंगों के द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास से जुड़े मामले आए। इधर, अंचला ने जटिल भूमि विवादों को कागजात जांच के लिए अंचल कार्यालय भेजा। मौके पर थाना से आए एएसआई सलीब कुजूर उपस्थित थे। थाना दिवस में सोनपुरवा पंचायत के इम्तियाज अहमद खां, राहुल चंद्रवंशी, राम जीत रजवार, प्रदीप रजवार आदि लोग मौजूद थे। सीओ प्रमोद कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा कि छोटी-मोटी समस्या को आपस में ही मिल बैठकर सुलझाना ही सबसे बड़ा बड़प्पन है। कहा कि छोटी-मोटी समस्या को लेकर आपस में लड़ना झगड़ना मारपीट करना कानूनी प्रक्रिया के तहत कानून को हाथ में लेना सबसे बड़ी गलती है।

## टीडीएम कॉलेज में अनुदान को लेकर शैक्षणिक हड़ताल

**श्रीबंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य वित रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को टीडीएम इंटर कॉलेज में अनुदान में 75 प्रतिशत की वृद्धि, वित रहित शिक्षक-कर्मचारियों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने और 2024-25 के 12 प्रतिशत बकाए अनुदान राशि के भुगतान की मांग को लेकर एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल किया गया। इस दौरान शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने कॉलेज के मुख्य गेट पर धरना दिया और राज्य सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। शिक्षक कर्मचारियों ने अपना उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के पास अनुदान की राशि में 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी से संबंधित सारे दस्तावेज जमा हैं। उसमें संबंधित विभाग की अनुशंसा और आदेश भी संलग्न है। इसके बाद भी सरकार वित रहित संस्थानों के साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपना रही है। सरकार ने डिग्री महाविद्यालयों में 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि को लागू कर दिया है। जबकि शिक्षा का आधार स्तंभ माने जाने वाले इंटर और उच्च विद्यालयों को इस लाभ से वंचित रखा गया है। प्राचार्य धनंजय सिंह ने कहा कि यदि सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो मोर्चा के बैनर तले राज्य स्तर पर प्राचकारी आंदोलन किया जाएगा। मौके पर कमलेश कुमार, उमेश सिंह, राजीव रंजन आदि मौजूद रहे।

## बरदरी में अलग-अलग घटनाओं में चार की मौत

### प्रमिला देवी-रतन सिंह ने बंधाया ढांढस, सहयोग का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल अंतर्गत सदर प्रखंड के चुतरू पंचायत के ग्राम बरदरी में अलग-अलग घटनाओं में चार व्यक्तियों की मौत हो गई। सभी मृतकों के परिजनों से मिलकर रंका उत्तरी जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी एवं जिला परिषद प्रतिनिधि सह झामुमो प्रखंड सचिव रतन सिंह ने दुख की इस घड़ी में ढांढस बढ़ाया और यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। मरने वालों की पहचान बरदरी ग्राम के पेटफोरवा टोला निवासी अनिस्तोनी तिर्की (25), बरदरी मुख्य बस्ती की राधिका देवी (55), बरदरी चौक के पास श्याम बिहारी सिंह (38) और बरदरी कोरवा टोला निवासी बसंत कोरवा (23) के रूप में हुई है। इस तरह एक गांव में एक सप्ताह के अंदर चार लोगों की मौत होने से गांव में मायूसी छाई हुई है। मृतकों के परिजनों ने सरकार से मुआवजा देने एवं सहयोग करने की मांग की है। इस मौके पर समाजसेवी नसीम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



fssai
Eat Right India

**अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, चतरा।**
**(खाद्य सुरक्षा शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**खाद्य कारोबार कर्त्ता के लिए आम सूचना**

आगामी दिपावली एवं छठ त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारियों (मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट/ढाबा/होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं Fast Food विक्रेता इत्यादि) को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बिन्दुओं का शत-प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे :-

1. मिठाई बनाने वाले खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए आवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही Fssai द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक (100 ppm या 100mg/L) के अनुरूप ही करेंगे।
2. विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसेः-खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में आरारोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में ग्लूकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे।
3. मिठाई दुकान, होटल रेस्टुरेन्ट, ठेला आदि को सूचित किया जाता है कि मिठाई/नमकीन आदि बनाने के दौरान प्रयोग किये गये तेल को एक या दो से अधिक बार प्रयोग ना करें। साथ ही साथ खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सामग्री को बनाते समय जैसे-मिठाई, खोवा, पनीर, दूध, घी आदि में किसी तरह का मिलावट न करें।
4. सभी स्ट्रीट फूड वेंडर (मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थायी स्ट्रीट वेंडर सहित) बिक्री किए जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढ़क कर रखेंगे एवं वैद्य Fssai फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे।
5. तले भूने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे-समोसे, पकौड़े, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है।
6. Fast Food विक्रेता अजीनोमोटो एवं अरारोट का उपयोग तय मानक के अनुरूप ही करेंगे।
7. होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेष रूप से दूध, पनीर, खोवा/मावा, इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जप्त एवं नष्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।
8. सड़क/नाला किनारे एवं खुले में मुर्गा मीट एवं मछली दुकानों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही सभी मीट विक्रेता अपने खाद्य परिसर में ब्लैक (Black) शीशा लगा करके ही कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे।
9. सभी खाद्य पदार्थों को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे।
10. सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालकों द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियों का नियमाकुल स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखना आवश्यक है।
11. पैकेट बंद खाद्य पदार्थ बिना Fssai License No., बनने की तिथि, Expiry की तिथि, Batch no, Nutritional सूचना इत्यादि के क्रय-विक्रय करना FSS Act.- 2006 की धारा-52 के तहत दंडनीय अपराध है।
12. विभिन्न खाद्य पदार्थों का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/रेस्तरा/होटल/ढाबा में Handgloves, Hairnet (बाल ढ़कने का टोपी) एवं Mask आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।
13. अपने-अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में FSSAI License/Registration no. का प्रमाण-पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शाना सुनिश्चित करेंगे।
14. यदि किसी कारण वश अभी तक FSSAI License/Registration no नहीं लिया है अथवा Renewal नहीं कराया है, तो 7 दिनों के अन्दर www.foscos.Fssai.gov.in पर जाकर Online वार्षिक कारोबार के अनुसार (
15. ज्ञात हो कि बिना Valid Fssai License / Registration के खाद्य कारोबार करने पर FSS Act-2006 की धारा-63 के तहत अधिकतम 10 (दस) लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है।

उपरोक्त सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की सुसंगत धाराओं के तहत् विधि-सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

**Note:-** साथ ही उपभेक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटी, Expiry अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री दिया जाता है, तो इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय एवं Toll Free No-1800112100 तथा Food Safety Connect App पर अवश्य करें।

**इसे अति आवश्यक समझा जाय।**

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा।

अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 364193 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
08

## संदिग्ध स्थिति में मिला राजमिस्त्री का शव

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जमगाई पंचायत के बिटपी गांव में एक अधेड़ का शव संदिग्ध स्थिति में बरामद किया गया। मृतक की शिनाख्त बिटपी गांव निवासी इतवारू उरांव उम्र 43 वर्ष पिता स्वर्गीय नथुवा उरांव रूप में की गयी है। लोगों का कहना है कि उसकी हत्या हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रवि रंजन दलबल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल, पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ कर सभी बिन्दुओ से जांच में जुटी है। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था। पत्नी के अलावा उसे तीन संतान है। बुधवार की सुबह मृतक के परिजनों को सूचना मिली की इतवारू का शव बिटपी स्कूल के समीप मृतक के घर से कुछ दूर पड़ा हुआ है। परिजनों ने घटना स्थल पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हो रहा है की इतवारू की मौत मिर्गी के दौरा पड़ने से हुई है।

# पीवीटीजी परिवारों को मिले पीने का साफ पानी : केके सोन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कमल किशोर सोन, अपर सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, भारत सरकार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। बैठक में श्री सोन ने कहा कि जल जीवन मिशन की योजना केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। कोई भी परिवार स्वच्छ पानी की उपलब्धता से वंचित ना रहे। प्रत्येक परिवार को साफ पानी पीने का अधिकार है। आंगनावाड़ी केंद्रों और विद्यालयों को भी इस योजना से आच्छादित किया जा रहा है। पीवीटीजी परिवारों को भी साफ पीने का पानी उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी हम सभी की है। जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइपलाइन में जरिये पीने के पानी को परिवार तक पहुंचाया जाना है। अगर कोई पीवीटीजी परिवार पीने के साफ पानी से वंचित है तो योजना उन तक पहुंचाने के लिए प्रस्ताव बना कर दें। केंद्र सरकार जल स्त्रोत की पहचान व उसके सुदृढ़िकरण पर कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत अगले 20-25 वर्षों के लिए कार्ययोजना तैयार किया जाना है जिसमें भूगर्भ जल, चुआं, नदी इत्यादि का सुदृढ़िकरण किया जाना है ताकि लोगों को उस जलस्त्रोत से अगले 20-25 वर्ष पीने का साफ पानी प्राप्त हो सके। मनरेगा अंतर्गत भी जल से संबंधित योजनाओं पर ही अधिकतर कार्य किये जाने हैं जिसके लिए कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है। अपर सचिव एवं मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, भारत सरकार द्वारा बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित इंडीकेटर्स यथा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि और संबद्ध विभाग, आधारभूत संरचनाएं, वित्तीय समावेषण और कौशल विकास की बिंदुवार समीक्षा की गयी और निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा जिला में पीवीटीजी परिवारों के लिए पेयजल की योजनाएं, छूटे हुए परिवारों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादन, अवार्ड मनी से किये जान रहे कार्यों आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय तकनीकी और गैर-तकनीकी पदाधिकारीगण, आकांक्षी प्रखंड के पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।



### मेधावी बच्चों के लिए करें परीक्षाओं की तैयारी की व्यवस्था

श्री सोन ने कहा कि जिला के मेधावी बच्चे जो मेडिकल, इंजीनियरिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं या परीक्षा का एक चरण उन्होंने पूरा कर लिया है, वैसे छात्र-छात्राओं को फाइनल सेलेक्शन के लिए तैयारी की व्यवस्था दें। सरकार के आकांक्षा-40 कार्यक्रम से जुड़े शिक्षकों का एक पैनल बना कर उनका समय-समय पर लोहरदगा जिला में विशेष कक्षाएं आयोजित कराएं या वर्चुअल माध्यम से छात्र-छात्राओं के लिए पाठ्यक्रम पूरा करने की व्यवस्था दी जाये।

### पहुंच पथ विहीन स्कूलों की सूची भेजें

विद्यालय कनेक्टिविटी अंतर्गत जिन विद्यालयों के लिए पहुंच पथ नहीं है, उसके लिए अनुशंसा कर सूची भेजें। साथ ही उन पथों से अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्रों को भी आच्छादित किया जाये। एक बार पुनः सत्यापित कर लें कि कितने विद्यालयों में पहुंच पथ नहीं हैं।

### दूषित जल से होनेवाली बीमारियों की पहचान करें

बारिश के बाद या दूषित जल से जिला में कितनी तरह की बीमारियां लोगों को हो रही हैं इसकी पहचान करें। प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और पेजयल के अभियंता प्रखण्ड स्तर पर प्रत्येक 15 दिनों पर बैठक करें और इसकी समीक्षा करें। पानी की जांच का डेमोस्ट्रेशन लोगों के बीच किया जाये। आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती और धात्री महिलाओं के साथ-साथ विद्यालयों में छात्रों के बीच भी पानी की जांच का डेमोस्ट्रेशन किया जाये ताकि वे जागरूक हो सकें।

## थाना दिवस में छह मामलों का निष्पादन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के परिसर में बुधवार को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना दिवस कार्यकम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी लवकेश सिंह ने किया। जबकि थाना प्रभारी अनूप कुमार की देखरेख में थाना दिवस आयोजित किया गया। थाना दिवस में प्रखंड के मुर्गीडीह, पोखरी कला, अखरा समेत प्रखंड के दूसरे क्षेत्र से कुल 09 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 06 मामलों का निष्पादन मौके पर ही किया गया। सभी आवेदन भूमि विवाद से जुटे मामले शामिल थे। बाकी बचे तीन मामले का निष्पादन जल्द करने की बात कही गयी। मामले में अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए मामलों का निपटारा कर दिया। मौके पर थाना प्रभारी अनूप कुमार ने कहा कि थाना दिवस में लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी अपनी समस्याओं को रखे। जिससे मामले का तत्काल निष्पादन किया जा सके। कार्यक्रम में अधिकारियों के अलावा अंचल निरीक्षक अनिल कुमार, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल के प्रधान सहायक मनोज कुमार समेत फरियादी शामिल थे।

## लोहरदगा पुलिस ने ठकुराइन तालाब घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर पूरे जिले में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल बनने लगा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुधवार सुबह 8 बजे लोहरदगा पुलिस प्रशासन की ओर से गुदरी बाजार स्थित ठकुराइन तालाब छठ घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह पहल पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर की गयी, जिसकी निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्वयं की। अभियान में पुलिसकर्मियों ने घाट क्षेत्र की सफाई में सक्रिय भूमिका निभायी। तालाब किनारे फैले कचरे, जलकुंभी और गाद को हटाकर घाट को पूरी तरह स्वच्छ और आकर्षक बनाया गया। पुलिस बल के जवानों ने स्वयं झाड़ू लगायी और छठ व्रतियों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण तैयार किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर शेरु रंजन समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सार्जेंट मेजर शेरु रंजन ने बताया कि छठ पर्व आस्था और अनुशासन का पर्व है। पुलिस प्रशासन इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तत्पर है।

## छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे : वारिस हुसैन



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद और पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निदेर्शानुसार सेन्हा थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सीठियो कोयल नदी स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर बारिकी से जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी वारिस हुसैन के अनुसार छठ महापर्व पर छठ व्रतियों को सुरक्षा दृष्टिकोण से पूजा करने में हर तरफ की सुविधाएं मुहैया हो इसे लेकर तमाम प्रकार की वस्तु स्थिति से अवगत हुए। थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र में जितने भी छठ घाट है सभी जगहों पर छठ व्रतियों की सहुलियत हेतु सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद इंतजाम किए जायेंगे, इसे लेकर सेन्हा थाना पुलिस पूरी तरह से अभी से ही घाटों का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का मुआयना कर हर पहलू पर जानकारी प्राप्त कर पूरे वस्तु स्थिति से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पर व्रतियों को पूजा अर्चना करने में किसी तरह की समस्या या बाधा उत्पन्न न हो इसे लेकर हमारी पूरी टीम पूरी तरह से चौकन्ना है।

## वोट चोरी हमारे लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रही है : निशीथ जायसवाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत नगर प्रभारी निशीथ जायसवाल द्वारा वार्ड नंबर 22 में हस्ताक्षर अभियान सह जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर प्रभारी निशीथ जायसवाल ने कहा कि वोट चोरी एक गंभीर मुद्दा है जो हमारे लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहा है। हमें अपने वोट के अधिकार की रक्षा करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो। बीजेपी वोट चोरी कर सत्ता में आयी है और वोट चोरी कर सत्ता में बने रहना चाहती है, इसलिए हस्ताक्षर अभियान के द्वारा नगर क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जा रहा है और हस्ताक्षर अभियान में जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मौके पर युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, अनिस अहमद, जामिल अंसारी, मोजाहिर अंसारी, उदय नायक, प्रतिमा देवी, अनीता देवी, प्रभा देवी, सूचिता उरांव, बिना उरांव, जितु कुमार, अर्जुन उरांव, कैलाश कुमार, सोनू अंसारी, राजू महली, विपिन महली, संतोष कुमार, दिलशाद अंसारी, मनोज नायक, विनायक राम, विकास राम आदि उपस्थित थे।

## बरवा टोली में ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, तीन युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** मंगलवार की देर रात बरवा टोली चौक में एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार कॉलेज रोड की ओर से बरवा टोली चौक पहुंच रहे स्कूटी सवार आर्यन साहू, आकाश अग्रवाल और रूपेश साहू को गुमला रोड की ओर से आ रहा एक एलपी ट्रक अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक ने स्कूटी को करीब 25 से 30 फीट तक घसीटा, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी सदस्य अजय सोनी अस्पताल पहुंचकर उपचार में सहयोग किया।

घटना में गंभीर रूप से घायल आर्यन साहू एवं आकाश अग्रवाल, जो मधुबन निवासी बताये जा रहे हैं, की स्थिति नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया। अजय सोनी ने कहा कि लोहरदगा में आये दिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं लोगों के लिए चिंता का विषय बन गयी हैं। दिन तो दिन, रात में भी वाहन मानो हवाई जहाज की तरह सड़कों पर दौड़ते हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासन को ऐसे लापरवाह चालकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कि यदि प्रशासन ऐसे लोगों पर ठोस कार्रवाई करे तो निश्चित रूप से दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।



## विस्थापित रैयतों ने बारी में जमीन सुधार की लगायी गुहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में बनहरदी कोल ब्लॉक अंतर्गत विस्थापित रैयतों का एक प्रतिनिधिमंडल जिला परिषद सरोज देवी के अगुवाई में चंदवा अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा से मिल कर बारी पंचायत में जमीन गड़बड़ी को लेकर सुधार के लिए बात रखी। इस संबंध में अंचलाधिकारी द्वारा आश्वाशन दिया गया कि बहुत जल्द बारी पंचायत में जमीन से संबंधित शिविर का आयोजन कर त्रुटि जमीन का निष्पादित करने का प्रयास होगा। उनके द्वारा यह भी आश्वाशन दिया गया की जो भी मामला अंचल स्तर से कार्य होने वाला होगा। उसे अवश्य किया जायेगा हमारा प्राथमिकता है की कोई भी रैयत ज्यादा परेशान न हो कार्य का निष्पादन करना मेरा प्राथमिकता है। उन्होंने सभी प्रतिनिधिमंडल को भरोषा दिया की बहुत जल्द इन सब मामले में जमीनी स्तर पर कार्य दिखेगा। उन्होंने कहा की छठ पर्व के बाद एक आम सभा आप सबो के बिच आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर लाल जन्मज्य नाथ शाहदेव, बेलाल अहमद, ग्राम प्रधान रोबिन उरांव, पंचायत समिति अशोक उरांव, हाजी हाशिम, अहमद अंसारी छोटू उरांव मौजूद थे।

## हमर अधिकार मंच का गठन और रजिस्ट्रेशन



लोहरदगा। हमर अधिकार मंच (एचएएम) का विधिवत रूप से गठन और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जिला अवर निबंधक कार्यालय, रांची में संपन्न हुई, जिसमें राजधानी रांची सहित गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गिरिडीह, धनबाद, इत्यादि झारखंड के 24 जिलों से कुल 25 सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी, महासचिव उमाशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी और सचिव अंकित अग्रवाल सहित पूर्वी सिंहभूम से अनूप श्रीवास्तव सरायकेला-खरसावां से रश्मि भेंगरा लोहरदगा से शकील अख्तर और प्रदीप राणा, गिरिडीह से चंद्रदेव बरनवाल, गढ़वा से पवन कुमार केसरी पलामू से प्रिय ब्रत प्रसाद धनबाद से सूर्य प्रकाश लातेहार से नवल किशोर लाल रांची से मीना कुमारी जूही चौधरी दिलीप कुमार इत्यादि सदस्य उपस्थित हुए। हमर अधिकार मंच का गठन का मुख्य उद्देश्य नागरिक अधिकारों पर चर्चा, संवाद और जागरूकता प्रदान करना है यद्यपि नागरिक अधिकारों की सबसे प्राचीन दस्तावेज आज भी मैग्ना कार्टा शिलालेख पर अंकित है। जल्द ही 51 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन कर हमर अधिकार मंच का विस्तार किया जायेगा।

## लोहरदगा कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट ने 'लोकल पर वोकल, स्वदेशी अपनायें' अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट लोहरदगा झारखंड लोकल पर भोकल, स्वदेशी अपनाएं एक अभियान चलाया इसके तहत लगभग 85 लोग को एक सुंदर सा बैग में ट्रस्ट की ओर से उपहार स्वरूप दिया भेंट किया गया। लोगों से अपील की गयी अधिक से अधिक स्थानीय वस्तुऐ जो बने हुए है राष्ट्रीय हित में इसका उपयोग करें ट्रस्ट ऐसा आग्रह भारतवासी झारखंड में रहने वाले लोग एवं लोहरदगा वासी ट्रस्ट कर रही है इस कड़ी को बढ़ाते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष के नेतृत्व में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, उपायुक्त लोहरदगा डॉक्टर कुमार ताराचंद, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, खनन पदाधिकारी राजाराम पंडित, नगर पार्षद लोहरदगा के पदाधिकारी व जिला के सभी राजनीतिक दल के प्रमुख, धार्मिक संगठन के प्रमुख, समाजसेवियों जिले के प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी साथियों को उपहार स्वरूप दिया भेंट किया गया। छठ जैसे महान पर्व में अधिकतर सामान मिट्टी का उपयोग करते यह भी कुम्हार लोग बना रहे पूरे परिवार के लोग लगे हुए रहते और इसका व्यापार करेंगे। इस कड़ी में नगर प्रशासन से ट्रस्ट ने अपील किया है कि जो लोग मिट्टी के समान बाजार में लगाते हैं उससे टैक्स न लिया जाए।

कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष सरोज प्रजापति, सह सचिव प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद प्रजापति, संरक्षक वासुदेव महतो, संरक्षक राधेश्याम प्रजापति, राजू प्रजापति, दिलीप प्रजापति, रियांश प्रजापति, शिव प्रजापति, घनश्याम महतो एवं अन्य लोग शामिल थे। कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के अध्यक्ष ने यह अपील करते हुए कहा कि चीनी वस्तुओं का होलिका दहन करें एवं स्वदेशी वस्तुओं का जो स्थानीय स्तर पर बनी हुई वस्तु एवं कुम्हार के द्वारा निर्मित दिए का उपयोग अधिक से अधिक करें।

## गोवा में कोयला जांच पर ग्रामीणों का हंगामा

**ग्रामीणों ने कहा बिना किसी पूर्व सूचना और ग्रामसभा की अनुमति के बिना उनके जमीनों पर जबरन कोयला जांच कराया जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के गोवा गांव में कोयला जांच के लिए पहुंचे सीएमपीडीआइ कर्मियों को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकजुट हो गए और कोयला जांच कार्य को तत्काल रोक दिया। इस दौरान ग्रामीणों और जांच टीम के बीच तीखी बहस भी हुई। ग्रामीणों का आरोप था कि बिना किसी पूर्व सूचना और ग्रामसभा की अनुमति के उनके खेतों व जमीनों पर जबरन कोयला जांच कार्य कराया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में न तो ग्रामसभा आयोजित की गयी और न ही रैयतों को जांच कार्य के बारे में कोई जानकारी दी गयी। ग्रामीणों बाबूलाल उरांव, उमेश सिंह, चिपुर साव, बब्लू ठाकुर, सरेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, पंकज प्रसाद ने बताया कि सीएमपीडीआई कर्मी अचानक बोरिंग मशीन लेकर पहुंच जाते हैं और मनमाने ढंग से भूमि पर जांच शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के बिना चल रही है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस क्षेत्र में कोलियरी खोली गयी तो उन्हें विस्थापन की समस्या का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक ग्रामसभा आयोजित कर सभी रैयतों की सहमति नहीं ली जाती, तब तक किसी भी तरह की जांच या बोरिंग कार्य नहीं करने दिया जायेगा। मौके पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और जांच कार्य पर रोक लगाने की मांग की।

## चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा में आगामी दीपावली छठ पूजा काली पूजा को लेकर चंदवा थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें चंदवा के नागरिक गण एकत्रित हुए इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी और चंदवा थाना के सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार सरोज कुमार सिंह पूरन सिंह भावेश यादव उपस्थित रहे शांति समिति के बैठक में उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन के समक्ष दीपावली पूजा छठ पूजा और काली पूजा कहां कैसे और किस तरह से पूर्व में मनाया जाता है इसकी विस्तृत चर्चा की गयी। उसके बाद छठ पूजा को लेकर विशेष चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में विवेकानंद छठ पूजा के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार गुड्डू, चंद्रभूषण केसरी और मनु कुमार गुप्ता ने बतलाया कि बीते वर्ष देवनद नदी के तट पर ध्वनि विस्तारक यंत्र को लेकर काफी मतभेद हुआ था। उसको लेकर बातें रखी गयी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी और चंदवा थाना के सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार कहा कि जो भी समितियां सेवा का काम करती है। उनके साथ एक बैठक कर समन्वय स्थापित किया जायेगा।

## वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत बुधवार को कैरो प्रखंड के थाना मोड में कैरो प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने की। इस अवसर पर प्रखंड प्रभारी संतोष महतो ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। केंद्र की मोदी सरकार और चुनाव आयो की मिलीभगत से पूरे देश मे चुनाव आयोग की मिलीभगत से कर वोट चोरी की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में मतदाताओं के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जिससे आम जनता अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित हो रही है। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि वहां हजारों वोटरों के नाम बिना कारण डिलीट कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि जनता के मताधिकार, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुरक्षा की लड़ाई है। हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने हिस्सा लिया और अपने हस्ताक्षर कर आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान सभी पंचायत अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने पंचायत से कम से कम 500 लोगों के हस्ताक्षर कराकर दो दिनों के भीतर प्रखंड अध्यक्ष या मंडल अध्यक्ष को सौंपें।


**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–150/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक रामकुमार पासवान पिता–स्व0 देवनारायण पासवान, ग्राम–बड़का बालूमाथ, पो0+थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार द्वारा शकुन्तला देवी पति–श्री रामधनी राम, ग्राम+पो0– गणेशपुर, थाना–बालूमाथ, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
| --- | --- | --- | --- |
| तसतबार | 61 | 11 | 0.10 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 364155 (District) 25-26 (D)

## लंगरकोट मुरली पहाड़ी परिसर में शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत लंगरकोट गांव स्थित महाकालेश्वर शिव धाम मुरली पहाड़ी परिसर में आगामी शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा विराट महायज्ञ की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता श्री श्री 108 राघवेंद्र आचार्य फलहारी बाबा महाराज जी हरिद्वार ने की। उनके सहयोगी शीश श्री गोविंद आचार्य बाल योगी जी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। तय कार्यक्रम के अनुसार आगामी 18 फरवरी 2026 को जल यात्रा निकाली जायेगी। जबकि 19 फरवरी 2026 को पूजा-पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। 20 फरवरी 2026 को शिवलिंग स्थापना संपन्न होगी एवं 26 फरवरी 2026 को विराट यज्ञ का समापन किया जायेगा। बैठक में महंत विनय कुमार सिंह त्यागी, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता, दिनेश्वर चौधरी, वार्ड सदस्य अरविंद शर्मा, बब्लू पटेल, राजा सिंह, गुप्तेश्वर, अरुण, राहुल, भरदुल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में महिला मरीज के परिजनों ने कर्मियों से की मारपीट, स्वास्थ्यकर्मियों में रोष

**कर्मचारियों ने दी चेतावनी, शुक्रवार तक गिरफ्तारी नहीं हुई तो शनिवार से ठप करेंगे स्वास्थ्य सेवायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर के सदर अस्पताल में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब वार्ड में भर्ती एक महिला मरीज के परिजनों ने अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी दी। जानकारी के अनुसार, बैद्यनाथपुर निवासी इंदु देवी (पति स्व. उमेश प्रसाद सिंह) के परिजन महिला और पुरुष ने प्रयोगशाला में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के साथ हाथापाई की। बताया गया कि परिजन पिला राशन कार्ड के आधार पर निःशुल्क जांच सुविधा का लाभ लेना चाहते थे, लेकिन कार्ड की छाया प्रति मांगे जाने पर वे आक्रोशित हो गये और कर्मचारी का कॉलर पकड़कर गला दबाने लगे। जब ड्यूटी पर मौजूद गृह रक्षक और सफाईकर्मी ने बीच-बचाव किया, तो उनके साथ भी मारपीट की गयी।

घटना के बाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। इस पर कर्मचारियों में आक्रोश फैल गया।

कक्ष प्रभारी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में दर्जनों कर्मचारियों ने घटना की लिखित शिकायत उपाधीक्षक, सदर अस्पताल को सौंपी, जिसके आधार पर नगर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस घटना के विरोध में झारखंड चिकित्सा और जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सिविल सर्जन देवघर को पत्र लिखकर कहा है कि यदि शुक्रवार तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो शनिवार से जिलेभर की स्वास्थ्य सेवाएं ठप कर दी जायेंगी।

संघ ने कहा कि अस्पताल कर्मी सीमित संसाधनों और भारी भीड़ के बीच लगातार सेवा दे रहे हैं, लेकिन बार-बार होने वाली ऐसी घटनायें कर्मचारियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा रही हैं। संगठन ने इस पत्र की प्रतिलिपि उपायुक्त देवघर, आरक्षी अधीक्षक देवघर और नगर थाना प्रभारी को भी भेजी है।

## ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे ने किया फिलिप्स शोरूम का उद्घाटन

**झारखंड का तीसरा फिलिप्स शोरूम अब देवघर में, दिवाली पर आकर्षक ऑफर की घोषणा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने बुधवार को देवघर में फिलिप्स कंपनी के शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया। यह शोरूम बाजला चौक के समीप बाजला कॉलेज रोड में स्थित है। उद्घाटन अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुनाम संजय, अवधेश प्रजापति, साहित्य जगत के प्रतिनिधि और सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंत्री दीपिका पांडे ने इस अवसर पर कहा कि फिलिप्स कंपनी एक विश्वसनीय नाम है और इसके उत्पादों पर लोगों का अटूट विश्वास है। उन्होंने बताया कि झारखंड में फिलिप्स का यह तीसरा शोरूम है, जो देवघर के लोगों को बेहतर और विश्वस्तरीय इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद उपलब्ध करायेगा। शोरूम के स्वामी सिराज अंसारी ने बताया कि देवघर में खुला यह शोरूम आम उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य है कि मध्यम वर्गीय परिवार भी फिलिप्स के उच्च गुणवत्ता वाले सामान जैसे टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, झूमर, बल्ब और लाइट्स का लाभ उठा सकें।

उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहकों की सुविधा के लिए फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराई गई है तथा दिवाली के अवसर पर विशेष ऑफर भी दिये जा रहे हैं, जिससे त्योहारों में घरों को और अधिक जगमगाने का मौका मिलेगा।

## पांकी विस में मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक, आपूर्ति पदाधिकारी ने दिये निर्देश



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पांकी विधानसभा की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू की अध्यक्षता में बुधवार को जिला आपुर्ति कार्यालय कक्ष में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी और कंप्यूटर ऑपरेटर, मनातू, तरहसी, नीलांबर पितांबरपुर, सतबरवा एवं पांकी के साथ प्रशिक्षण सह समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में शामिल सभी लोगों को आयोग के द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण से संबंधित प्राप्त दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। श्रीमती किस्कू द्वारा बताया गया कि आयोग के निर्देश के आलोक में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सभी मतदाताओं को मतदाता सूची 2003 के आधार पर कैटेगरी A/B/C/D/E में विभेदित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसी भी मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए। बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षक हाउस टू हाउस सर्वे कर प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अपने स्तर से कार्यालय के सभी ऑपरेटर, वीएलई और पंचायत सचिव को निर्देशित कर कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी लापरवाही ना हो, यह सुनिश्चित करें।

## वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू के अध्यक्ष संदीप की माता का निधन



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति, पलामू जिला कमिटी के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य पीपरा प्रखंड प्रतिनिधि संदीप पासवान की माता जी का बुधवार को रांची में इलाज के दौरान निधन हो गया। उक्त जानकारी खुद संदीप पासवान ने दी है। उन्होंने बताया कि उनकी 58 वर्षीय माता दुर्गेश नंदिनी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं और उनका रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को सुबह 10 बजे पैतृक गांव पीपरा के पुनपुन घाट पर किया जायेगा। वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल, पलामू, गढ़वा, लातेहार जिला कमिटी, सभी प्रखंड व प्रकोष्ठ कमिटियों के पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## नाई समाज के लोगों ने जयशंकर के आश्रितों को 50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग की



**पांकी (पलामू)।** जिला नाई संघ के पदाधिकारीयों ने बैठक कर रणनीति बनायी की पाटन प्रखंड के उताकी निवासी जयशंकर ठाकुर के हत्यारों को सीबीआई जांच कराकर फांसी की सजा, सहित आश्रितों को 50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी, इनको विधवा आवास पेंशन तथा मृतक जयशंकर के परिजनों को सुरक्षा की गारंटी किया जाये। विभिन्न मांगों को लेकर नाई संघ के जिला अध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर, प्रमंडलीय अध्यक्ष विजय ठाकुर, सुरेश ठाकुर,सचिन ठाकुर नगर अध्यक्ष धनंजय ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, उपाध्याय मंजीत ठाकुर ने सरकार से मांग की है। गौरतलब है की पिछले 22 सितंबर को पाटन प्रखंड के उताकी ग्राम मे पिछले कई वर्षो से पहाड़ प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा ना बिकने वाली सामाजिक न्याय की योद्धा जयशंकर ठाकुर को उन्ही के गांव मे विभत्स तरीके से पत्थर माफीयाओं के गुर्गे ने मार डाला था। जिसे जिला अध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर और प्रमंडलीय अध्यक्ष विजय ठाकुर ने कहा कि अगर सरकार हमलोगों की मांग को नहीं पूरा करेंगी तो आंदोलन की कड़ी रूप रेखा तैयार कर आंदोलन किया जायेगा।

## डीडीसी ने किया सारठ प्रखंड का निरीक्षण योजनाओं में तेजी लाने का दिया निर्देश

**मनरेगा और अबुआ आवास योजनाओं का किया गया क्षेत्रीय निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर/सारठ।** उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने आज सारठ और पालोजोरी प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कैराबांक (सारठ) तथा बसहा एवं जमुआ (पालोजोरी) का भ्रमण कर मनरेगा और अबुआ आवास योजना के कार्यों की समीक्षा की। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से की गयी। इस जांच के क्रम में उन्होंने लंबित आवास योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पायी गयी त्रुटियों को शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश देते हुए उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करने का परामर्श दिया।

साथ ही, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रतिदिन एक पंचायत का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा की नयी भुगतान प्रणाली 'एसएनए स्पर्श' के तहत भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी बल दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने करौं प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मांझीडीह का भी दौरा किया, जहां बच्चों से पढ़ाई की स्थिति जानी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का निर्देश दिया। विद्यालय के पारा शिक्षक काली शंकर भोक्ता का शिक्षण एवं व्यवहार असंतोषजनक पाये जाने पर, उनके विरुद्ध कारण-पृच्छा करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तथा मनरेगा की जिलास्तरीय टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## उंटारी रोड़ में अवैध अफीम, पोस्ता और गांजा की खेती के रोकथाम के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



उंटारी रोड़(पलामू)। एसपी के निदेर्शानुसार जिले के उंटारी रोड़ थाना क्षेत्र के करकटा में बुधवार को पुलिस की ओर से अफीम व गांजा की खेती पर रोक लगाने तथा नशामुक्त समाज बनाने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान,बासुदेव राय, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, थाना प्रभारी संतोष गिरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को बताया गया कि पोस्ता, अफीम और गांजा की खेती पूरी तरह अवैध है, और इसकी जगह वैकल्पिक खेती जैसे धान, गेहूं, मूंग, मसूर, सूरजमुखी, तिल, काजू, राजमा आदि की खेती करने से बेहतर आमदनी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही लघु उद्योगों जैसे बांस से बने सामान, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, मछली पालन, बकरी पालन, डेयरी उत्पादन आदि के जरिये भी रोजगार के नये रास्ते खुल सकते हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की और शपथ दिलवाया कि वे नशे की खेती छोड़कर वैकल्पिक खेती और लघु उद्योग अपनायें।

## नवयुवक सांस्कृतिक समिति ने भंडारे का किया आयोजन

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। दुगार्पूजा के शुभ अवसर पर नवयुवक सांस्कृतिक समिति हरिहरगंज ने शहर के मेन बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों के बीच श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद गुप्ता, व्यवस्थापक भोला गुप्ता, राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष विश्वजीत कुमार, तुषार गुप्ता, संतोष प्रजापति, उपसचिव दिलीप, उदय, राहुल, उप कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता शामिल थे।

## छठ घाटों को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने की मांग, पूजा समिति ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**झील तालाब की व्यवस्था को लेकर 12 सूत्रीय मांगों का किया सबमिशन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** झील तालाब छठ पूजा सेवा समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार के समक्ष छठ पूजा से पहले घाटों और आस-पास के इलाके में बेहतर साफ-सफाई एवं व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए एक 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें झील के पानी की सफाई, चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, गहरे पानी वाले स्थानों पर ब्रैकेटिंग लगाना, घाटों के आस-पास के गड्ढों को भरवाना और घाटों का रंग-रोगन कराने जैसी मांगें शामिल हैं। समिति के संरक्षक संतोष शरण, अध्यक्ष शोनू गुप्ता, सचिव सुमन चौधरी और सह-कोषाध्यक्ष अंकित शरण के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने डालमिया कूप से छठ घाट तक पूर्ण सफाई, हटिया रोड स्थित मछली खटाल के पास कपड़े से घेराव, खराब सड़कों की मरम्मत, सुरक्षा के लिए पर्याप्त महिला व पुलिस बल की तैनाती और ड्रोन कैमरा से निगरानी की भी मांग रखी। समिति ने यह भी अनुरोध किया कि छठ पूजा के दौरान घाट पर किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहे, कोई राजनीतिक बैनर या पोस्टर न लगे तथा पूजा समाप्ति के बाद घाट की अच्छे से सफाई कराई जाये, जिसके बारे में अध्यक्ष शोनू गुप्ता ने कहा कि ये सभी तैयारियाँ छठ पूजा को एक भक्तिमय और स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

## डीएवी भंडारकोला में इंटर स्कूल संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बुधवार को सातर रोड स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में इंटर स्कूल संसदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल कोर्ट की जज, स्वाति उपाध्याय, विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा, देवघर सहोदया के अध्यक्ष, रामसेवक सिंह गुंजन, मुख्य विधिक सहायता रक्षा परिषद, साजन कुमार मिश्रा, आरडी बाजला कॉलेज के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ किशलय सिन्हा और डीएवी पब्लिक स्कूल कास्टर टाउन के प्राचार्य दिलीप सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने इस तरह के कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इससे भाषण कौशल में निखार आता है और डर तथा झिझक दूर होती है साथ ही साथ हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

इस प्रतियोगिता का विषय था विकास-समावेशी और अनन्य। इस प्रतियोगिता में कुल 14 विद्यालयों ने शिरकत किया। सत्ता पक्ष की ओर से विजेता सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस मातृ मंदिर स्कूल की साक्षी प्रिया बनी और विपक्ष की ओर से विजेता तक्षशिला विद्यापीठ की अंजली हेंब्रम बनी। सत्ता पक्ष की ओर से उपविजेता महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की तनुष्का सिंहा बनीं और विपक्ष की ओर से उपविजेता संत जेवियर्स हाई स्कूल की मौसमी बरियार बनी। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में

डॉ किशलय ने कहा कि इसमें भाग लेने से विद्यार्थियों को संसद के कार्यप्रणाली, लोकतंत्र और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ मिलती है।

## देवघर में रोजगार मेला का आयोजन, 17 युवाओं को ऑनस्पॉट ऑफर लेटर मिला

**371 स्थानीय युवाओं ने लिया भाग, 88 अभ्यर्थी हुए शॉर्टलिस्टेड**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, देवघर द्वारा बुधवार को एक दिवसीय रोजगार मेला का सफल आयोजन किया गया।

इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की 09 कंपनियों ने भाग लिया तथा 371 स्थानीय युवा-युवतियों ने रोजगार के अवसर हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नियोजकों द्वारा 88 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्टेड किया गया, जबकि 17 युवा-युवतियों को ऑनस्पॉट ऑफर लेटर प्रदान किया गया।

रोजगार मेला में प्रमुख रूप से निम्नलिखित कंपनियों ने भाग लिया रोजगार मेला में विभिन्न पदों के लिए चयन की प्रक्रिया संपन्न की गयी। आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी प्रीति कुमारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समीर जेवियर मरांडी, जेपी शरण (यंग प्रोफेशनल, ढ), प्रियव्रत मिश्रा (UNDP), चंदन कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर) और अन्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा। जिला नियोजनालय की ओर से बताया गया कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी नियमित रूप से रोजगार मेला एवं भर्ती कैंप का आयोजन किया जायेगा।

## मनायी गयी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती



**इंस्पायर क्लासेस में पुर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** शहर के भैरवा स्थित इंस्पायर क्लासेस में एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती समरोह पूर्वक मनायी गयी। इस अवसर बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षकों तथा बच्चों ने कलाम की तस्वीर पर मल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पण किया। मौके पर संस्थान के निदेशक भूमन्यु सौरव ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा की भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम केवल एक नाम नहीं हैं, बल्कि एक विचारधारा हैं - ऐसी विचारधारा जो हर युवा को यह सिखाती है कि सपना देखने से पहले खुद पर विश्वास करना जरूरी है। रामेश्वरम की एक साधारण गली से निकलकर देश के 'मिसाइल मैन' और फिर भारत के राष्ट्रपति बनने तक का उनका सफर इस बात का प्रमाण है कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से हर सपना पूरा किया जा सकता है।

डॉ. कलाम का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा आधार है। एपीजे अब्दुल कलाम रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दोनों में शीर्ष शोधकर्ता के रूप में में सेवा दे चुके हैं। कार्यक्रम में पुरी इंस्पायर टीम व दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## डॉ अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत : प्रधानाध्यापक



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में बुधवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षको व छात्रों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताये गये आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षको ने सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने अब्दुल कलाम के विचार से अवगत कराते हुए कहा कि जीवन में कैसी भी परिस्थितियां क्यों न हों, यदि व्यक्ति अपने सपनों को पूरा करने की ठान ले, तो वह उन्हें हासिल करके ही रहता है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक राजेश प्रसाद गुप्ता व मो जुबैर अंसारी ने बताया कि अब्दुल कलाम का विद्यार्थियों के साथ काफी गहरा रिश्ता था। इस कार्यक्रम में शिक्षक राजेश सिन्हा, कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता, शिक्षिका आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, रश्मि प्रकाश, बाल संसद के प्रधानमंत्री अमित कुमार, राजवीर कुमार, हिना कुमारी, सुरुचि कुमारी, वैष्णवी कुमारी समेत सैकड़ों की संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं और अन्य कर्मी मौजूद रहें।

## 280 राशन कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सौंपा शिकायत पत्र



**सिसई (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव के नेतृत्व में भूरसो गांव के 280 कार्डधारियों ने लिखित शिकायत को गुमला जिला आपूर्ति पदाधिकारी दिलीप भगत को सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि साल 2023 में अगस्त, सितंबर और अक्टूबर (तीन महीने) का सभी कार्डधारियों का राशन गबन करने के मामले में डीलर रंथु सिंह को निलंबित किया गया था। पर दो वर्ष गुजरने जाने के बाद भी विभाग की ओर से तीन माह के राशन को कार्डधारियों के बीच भरपाई नहीं की गयी है। वहीं, सीओ सह सिसई बीडीओ के विगत छह जुलाई 2024 के पत्रांक 548 में फर्जी जांच रिपोर्ट का हवाला देकर डीलर रंथु सिंह को निलंबन मुक्त किया गया है। उधर, आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान दिनेश उरांव ने कहा कि डीलर रंथु सिंह और अंचल अधिकारी नितेश रोशन खलखो की मिलीभगत से बिना ग्राम सभा किये ही फर्जी ग्राम सभा बनाकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को गुमराह किया गया है। ऐसे जालसाज व्यक्ति का लाईसेंस रद्द होना चाहिए। भुरसो की मुखिया रेखा देवी ने कहा कि रंथु सिंह डीलर की निलंबन मुक्त रिपोर्ट फर्जी है। जबकि कांग्रेस नेता सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव ने कहा कि राशन कार्डधारियों का तीन माह का राशन भरपाई हो एवं संबंधित निलंबन मुक्त फर्जी रिपोर्ट की जांच हो। साथ ही डीएसओ से खुद ग्राम स्थल आकर जांच करने का आग्रह किया गया है। इस संदर्भ में डीएसओ दिलीप भगत ने 25 अक्टूबर 2025 को खुद ग्राम सभा में आकर जांच करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर भूरसो की मुखिया रेखा देवी, ग्राम प्रधान दिनेश उरांव, अर्जुन सिंह, सुकरू उरांव, महाबीर उरांव, बिहारी भगत और शशिकांत साहू आदि उपस्थित थे।

## मंदिर की दानपेटी से 20 हजार की चोरी

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** राजा मैदान स्थित मां दशभुजा मंदिर से सटे मां लक्ष्मी-जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर की दानपेटी से चोरों ने करीब 20 हजार रुपये की चोरी कर ली है। इस बाबत मंदिर के पुजारी ने बताया कि प्रत्येक दिन संध्या आरती की जाती है। मंगलवार को भी संध्या आरती की गयी। सुबह जब मंदिर आये तो देखा कि मंदिर के बाहर रखे दान पेटी का ताला टूटा हुआ है। तब उन्होंने अपने राजा साहब को फोन कर चोरी की सूचना दी। इसके बाद प्रशासन को चोरी की सूचना देते हुए पालकोट में हो रहे चोरी की बढ़ती घटना पर अंकुश लगाने की बात कही। साथ ही पालकोट राजा गोविंद नाथ शहदेव ने धार्मिक स्थानों में हो रही इस तरह की घटना की घोर निंदा की।

## वन विभाग ने जब्त किया अवैध बॉक्साइट लदा ट्रक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी पठार से लोहरदगा की ओर अवैध बॉक्साइट लादकर जा रहे एक ट्रक को मंगलवार की रात वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर बनारी चेकपोस्ट पर कार्रवाई के लिये रोक लिया। हालांकि इस दौरान ट्रक चालक विभागीय टीम को चकमा देकर भागने की कोशिश करने लगा। पर अधिकारियों ने पीछा कर गाड़ी को रोका उसकी जांच की, तो खुलासा हुआ कि ट्रक बिना चालान के अवैध बॉक्साइट से लदा था। वन विभाग ने वाहन को जब्त कर लिया, पर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार, बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी और पश्चिमी पठार इलाकों में लोहरदगा और चंदवा के बॉक्साइट माफिया पूरी तरह सक्रिय हैं। जो जंगलों की गोद में लीज एरिया से बाहर अवैध खनन कर रहे है। बाद में अपने वैध लीज के चालान का इस्तेमाल कर अवैध बॉक्साइट को वैध ठहराने का धंधा खुलेआम कर रहे। जिस कारण जंगल उजड़ रहे और पहाड़ खोखले हो रहे हैं। पर्यावरण पर संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन और वन विभाग की मिलीभगत के बिना इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन संभव नहीं है। अगर समय रहते इन माफियाओं पर लगाम नहीं कसी गई, तो पश्चिमी पठार की हरियाली इतिहास बनकर रह जाएगी। इस संबंध में फॉरेस्टर किशोर राम ने बताया कि जांच में पता चला कि यह ट्रक बिशुनपुर प्रखंड के चपाटोली निवासी छोटू खान का है। ट्रक के साथ छोटू खान के ऊपर भी प्राथमिक दर्ज की जा रही है। बतातें चलें कि कुछ दिन पहले आदर चेक पोस्ट में छोटू खान एवं उसके भाई शेरु खान का एक-एक अवैध बॉक्साइट से लदा ट्रक पकड़ाया है, वहां भी दोनों भाई के ऊपर प्राथमिक दर्ज कर दोनों गाड़ी को जब्त किया गया है।

## सुवाली में परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया आदिवासी करमा पर्व



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के करनी पंचायत के सुवाली गांव में मंगलवार को आदिवासी समुदाय का प्रमुख प्रकृति पर्व करमा (करम) बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पूरे गांव में दिनभर उल्लास और रातभर नृत्य-गीत गूंजते रही। इससे पहले शाम को गांव के युवा-महिलाएं पारंपरिक वाद्य यंत्रों मंदार, नगाड़ा, घंट और करताल की थाप पर नाचते-गाते पास के पहाड़ से करम डाली लेकर पहुंचे। इस डाली (शाखा) को गांव के अखरा में पुजार मुखिया संजय उरांव ने विधिवत स्थापित किया। अखरा पूजा स्थल पर पुजार की अगुवाई में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पुजार ने करम धरम की पौराणिक कथा सुनाई, जिसमें भाई-बहन के प्रेम, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक एकता का संदेश को बताया गया। करम धरम कथा वाचन के बाद ग्रामीणों ने अपने पारंपरिक भेष-भूषा में समूह बनाकर अखरा में पूरी रात मंदार, घंट, नगाड़ा और करताल की थाप पर थिरकते हुए करमा गीत गाए। युवा, महिलाएं और बच्चे सभी ने मिलकर इस सामूहिक पर्व को प्रकृति और संस्कृति के प्रति समर्पण के रूप में मनाया। अगले दिन सुबह ग्रामीणों ने करम डाली को घर-घर घूमाकर आशीर्वाद स्वरूप प्रदक्षिणा की और उसे पास के तालाब में विधिवत विसर्जित किया गया। इसके साथ ही पर्व का समापन हुआ। पुजार संजय उरांव ने कहा कि करमा पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व आदिवासी समाज की सामूहिक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण की भावना को जीवित रखता है।

# माओवादी बंद का चैनपुर में व्यापक असर

## नहीं खुली दुकानें, बाजार भी सुनसान, जनजीवन प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में भाकपा (माओवादी) द्वारा बुलाए गए एक दिवसीय बंद का बुधवार को व्यापक असर दिखा। इस दिन चैनपुर मुख्यालय की सभी दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। वहीं, यात्री बसों के पहिए भी थमे रहे। बसें न चलने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चैनपुर बस स्टैंड पर यात्री घंटों बस के इंतजार में परेशान होते रहे।



माओवादियों के बंद के चलते बंद रही दुकानें।

कुछ यात्रियों ने छोटी निजी वाहनों से अपने गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश की, जबकि कई अन्य यात्री निराश होकर वापस अपने घर लौट गए। गौरतलब है कि भाकपा (माओवादी) ने प्रस्तावित विरोध सप्ताह (8 से 14 अक्टूबर) के बाद, बुधवार को बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में एकदिवसीय बंद की घोषणा की थी। इसी के तहत चैनपुर में भी बंद का असर दिखाई दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए चैनपुर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद और सक्रिय नजर आयी।

## 'वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान' को मिली रफ्तार



### गुमला प्रखंड कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को स्थानीय परिषद भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम सरवर ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गुमला जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजनील तिग्गा उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य देशभर में कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे 'वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान' को गति देना रहा। इसके तहत पार्टी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर आम जनता से हस्ताक्षर कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों और कथित चुनावी धांधली के खिलाफ जनता की आवाज को एकजुट किया जा सके। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि कांग्रेस का यह आंदोलन जनता की आवाज बन चुका है। अब समय आ गया है कि देश के हर कोने में लोग इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि गुमला सदर प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से कम-से-कम 500 हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके लिए सभी प्रखंड, मंडल, पंचायत और बूथ अध्यक्षों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आम जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने और आगामी चुनावों की तैयारी पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष गुलाम सरवर ने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अब गांव-गांव में जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का पदार्फाश करेगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष ब्रजकिशोर उरांव, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष नारायण उरांव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजा खड़िया, पंचायत अध्यक्ष रामकिशन बड़ाइक, विजय उरांव, आलोक उरांव, बासिल उरांव, ज्योति कुमारी, रोशन दयाल भगत, पूनम टोप्पो, रतु मोहन, शमा देवी, एजाज अहमद, बालेश्वर उरांव आदि मौजूद रहे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस नेता रोशन बरवा की पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंथा लौवाकेरा में विगत तीन माह से खराब ट्रांसफर को कांग्रेस नेता रोशन बरवा की पहल पर विद्युत विभाग ने नया ट्रांसफॉर्मर लगवा दिया है। बतातें चलें कि करीब तीन महीने से अधिक समय से बिजली नहीं रहने से पूरा गांव परेशान था। ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता रोशन बरवा को परेशानी से अवगत कराया, तो उन्होंने तुरंत अधीक्षण अभियंता को फोन पर संपर्क कर समस्या से अवगत करवाया और ट्रांसफार्मर लगवा दिया। जिसका उद्घाटन बसिया प्रखंड के समाजसेवी सुशील कुमार होता ने फीता काटकर किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता दिनेश साहू, मनोज ओहदार, करुणा दास, दीपक महतो, दीनू नायक, सुदेश्वर महतो, मधुसूदन बिनझिया आदि मौजूद थे।

## 125 से अधिक लोगों से वसूला गया 72 हजार रुपये का जुर्माना

### सिसई थाना के सामने चला वाहन जांच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र में तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से जिला एवं प्रखण्ड प्रशासन अब पूरी सख्ती के साथ मैदान में उतर आया है। 14 अक्टूबर को गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित और एसपी के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जयसवाल के नेतृत्व में सिसई थाना के सामने व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान, यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन करने वाले 125 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए उनसे कुल 72 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। डीटीओ ज्ञान शंकर जयसवाल अपनी टीम और पुलिस बल के साथ मुख्य मार्गों पर तैनात थे। इससे अचानक और सघन घेराबंदी से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट लगाने पर बल दिया गया। वहीं, चार पहिया वाहनों पर लगे काले शीशा लगाने वालों का शीशा उतारा गया और चालान काटा गया। डीटीओ ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए नियमों का निरंतर उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ा नियंत्रण आवश्यक है। इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य सिर्फ जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को शून्य पर लाना है। उन्होंने सभी चालकों को भविष्य में अनिवार्य रूप से नियमों का पालन करने की हिदायत दी। मौके पर गुमला मोटरयान निरीक्षक प्रदीप कुमार तिर्की, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभास कुमार एवं डीटीओ कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## डॉ कलाम का जीवन हर विद्यार्थी के लिए प्रेरणास्रोत : विजय

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** रन्हें स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी इंग्लिश मीडियम 10+2 स्कूल में बुधवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक विजय कुमार साहू ने किया। उन्होंने कहा कि डॉ कलाम का जीवन हर विद्यार्थी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। डॉ कलाम ने साधारण परिवार में जन्म लेकर अपनी मेहनत, लगन और निष्ठा से न केवल देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित किया, बल्कि विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भी डॉ कलाम के पदचिह्नों पर चलते हुए देश की प्रगति में योगदान दें। इस मौके पर प्राचार्य मीणा देवी, उप प्रधानाध्यापक रीना मिंज, शुभी मिश्रा, बृजेश कुमार, प्रेमचंद कुमार, अजीत कुमार, राहुल राम, मनीष उरांव, दिव्यांशी, रश्मि कुमारी, अनुप कुमार, आरती कुमारी, रेशमा आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान पर दीपावली-छठ तक रोक की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के मेन रोड में प्रशासन की ओर से बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाने के आलोक में गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेश सिंह की नेतृत्व में गुमला अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज से मिला। इस दौरान चलाए जा रहे अतिक्रमण के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही हैं की दुकानदार नाली के बाहर भी तंबू गाड़ देते हैं या सामान रखकर बिक्री करते हैं जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है। इस पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से निकलने के लिए अपनी बातों को रखा। बताया कि कुछ दुकानदार द्वारा ही ऐसा किया गया है। इसमें हम लोग चेंबर की तरफ से समझने का प्रयास करेंगें। काफी मंथन के बाद यह हुआ कि अभी दीपावली और आस्था के महापर्व छठ तक अतिक्रमण हटाओ को रोका जाए। चेंबर अध्यक्ष ने भी दुकानदारों से आह्वान किया है कि छठ पूजा के बाद दुकान का कोई भी सामान नाली से बाहर न रखें। ऐसा करने पर प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी ने भी लोगों से आग्रह किया के छठ के बाद सभी दुकानदार अपना सामान या तंबू नाली के अंदर कर ले। इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल, दिनेश अग्रवाल, कार्यकारिणी के पंकज खंडेलवाल, राहुल केसरी, विकास सिंह, पंकज सोनी, व्यापारी मुरली मनोहर प्रसाद और जोगेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### शहर में चला अतिक्रमण मुक्ति अभियान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में बुधवार को गुमला अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज के नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर परिषद एवं थाना प्रभारी की ओर से संयुक्त रूप से शहर के मेन रोड में अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसके तहत लगभग दो दर्जन दुकानों को क्षेत्र से बाहर सामान रखने के लिए नोटिस निर्गत किया गया। साथ ही मौके पर ही तीन हजार रुपये आर्थिक दंड वसूला गया। लगे हाथ दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी गई की शहर को अतिक्रमण मुक्त रखें।

## एएसआइ सुमन तिर्की को दी गयी अंतिम विदाई



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बीमारला बियार बरटोली गांव में बुधवार को एएसआई सुमन तिर्की को अश्रुपूर्ण विदाई दी गई। उनका पार्थिव शरीर छोटे भाई एनएसजी कमांडो जॉन आजाद तिर्की एवं परिजनों द्वारा राजगीर से पैतृक घर लाया गया। गांव पहुंचते ही मातम छा गया। क्रिश्चियन रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। सुमन तिर्की ने 2007 में अनुकंपा के आधार पर पुलिस सेवा शुरू की थी और मेहनत से एएसआई पद तक पहुंचे थे। उन्होंने डेढ़ वर्ष पूर्व प्रिया कश्यप से विवाह किया था। गांव के लोगों ने कहा कि सुमन शांत, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे। उनके असमय निधन से पूरा इलाका शोकाकुल है। बतातें चलें की एएसआई सुमन तिर्की राजगीर थाना में पदस्थापित थे। उन्होंने गत मंगलवार को अपने ही सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।


**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
**J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone:0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com**

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors for Constructions of Administrative cum Academic Block of D.I.E.T., Latehar and Simdega District of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 13.11.2025 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website https://jharkhand tenders.gov.in only.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/840/2023/3936 Ranchi, Date :- 14.10.2025

Sd/-
State Project Director ,
Jharkhand Education Project Council

PR 364160 Jharkhand Education Project Council(25-26).D


## घाघरा से बिशुनपुर तक 28 किमी मैराथन दौड़ का शुभारंभ

# खेल युवाओं में अनुशासन और संघर्ष की भावना जगाता है : पद्मश्री अशोक भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** बिशुनपुर विकास भारती के तत्वावधान में बुधवार की सुबह 9 बजे घाघरा हाई स्कूल मैदान में मैराथन दौड़ का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विकास भारती के सचिव सह पद्मश्री अशोक भगत, पूर्व सांसद समीर उरांव, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु सहित अन्य अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण करके संयुक्त रूप से किया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के सैकड़ों युवक-युवतियों ने भाग लिया। वहीं, मैराथन दौड़ घाघरा से बिशुनपुर प्रखंड के चिंगरी तक लगभग 28 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई संपन्न होगी। अतिथियों ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पद्मश्री अशोक भगत ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन और संघर्ष की भावना जगाता है। पूर्व सांसद समीर उरांव ने कहा कि विकास भारती वर्षों से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रही है। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने कहा कि युवा ही राष्ट्र की रीढ़ हैं। जब युवा फिट, जागरूक और देशभक्त होंगे, तभी भारत सशक्त बनेगा। खेल को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि मानसिक और शारीरिक रूप से सब मजबूत रहें। इस मौके पर महेंद्र भगत, भिखारी भगत, अरुण कुमार पांडे, विपिन बिहारी सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, कौशल सिंह, मनोज साहू, मनोज सिन्हा, श्याम किशोर पाठक, सुनील सिन्हा, संतोष गुप्ता, सुसित गोस्वामी, लाल साहू, सुदीप जयसवाल और अलका देवी आदि उपस्थित थे।


**कार्यालयः कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101**
**Office Email Id. Jppodtg2020@gmail.com**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**

सामयिक सूचना अंक–10/2025–26 पौधा संरक्षण, पलामू

**प्रेस विज्ञप्ति**

पलामू जिला अन्तर्गत सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के राज्यादेश सं0– 03/कृ0रा0यो0–07/2023–37/कृ0, दिनांक 23.07.2025 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता युक्त उत्पादकता को बढ़ाने हेतु फसल सुरक्षा योजना अन्तर्गत निम्नवत आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है:–

| क्रम | कार्य अवयव | लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रक्षेत्र प्रत्यक्षण | 77 हेक्टेयर (रबी एवं गरमा मौसम) | प्रत्यक्षण हेतु कद्दु वर्गीय, भिण्डी, टमाटर, मिर्च, चना, मटर गेहू एवं बैगन पर प्रत्यक्षण किया जाना है। |
| 2. | पंचायत स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण | संख्या– 34 ( रबी एवं गरमा मौसम) | पंचायत स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण हेतु प्रति प्रशिक्षण अधिकतम कृषक की संख्या – 30 है एवं कृषक की अधिकतम उम्र– 50 वर्ष होगी। |

योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन पंचायती राज संस्था के मुखिया/जनप्रतिनिधि/जिला परिषद् सदस्य से अनुशंसा कराकर आवश्यक कागजात यथा पहचान पत्र/आधार कार्ड/बैंक पासबुक विवरणी/मोबाईल नंबर/ जमीन का रकबा के साथ पूर्ण विवरणी संलग्न करते हुए आवेदन पत्र दिनांक– 25.10.2025 के संध्या 5.00 बजे तक कार्यालय कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू, योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू में जमा कर सकते है।

नोट :– इस योजना अंतर्गत केवल पौधा संरक्षण से संबंधित सहायता प्रदान की जाएगी, तथा बीज एवं खाद उपलब्ध नही कराया जाएगा।

अनुदान हेतु लाभुक का चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगा –

1. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ होगा।
2. आवेदन की प्रति मुखिया अथवा अन्य जन प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसित किया हुआ हो।
3. आवेदक द्वारा पूर्व के तीन वर्षो तक इस योजना कार्य अवयव का लाभ नही लिया हो।
4. आवेदक द्वारा स्वंय हस्ताक्षरित आवेदन ही स्वीकार्य होगा।
5. लाभुक के चयन में एफ0पी0ओ0/प्रगतिशील कृषकों/महिला स्वंय सहायता समूह/सिंचाई सुविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करना या रद्द करने का अधिकार कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू के पास सुरक्षित रहेगा, जिस पर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा। योजना की विस्तृत जानकारी कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**

PR 364176 District (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



# देवग्राम में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम और स्कूली बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार को सीएसआइआर सिंफर द्वारा बोकारो जिला के देवग्राम ग्राम पंचायत में प्रशासन नियंत्रक सिद्धार्थ दे के नेतृत्व में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मंच पर देवग्राम पंचायत के मुखिया मदन चन्द्र रजवार, पंचायत समिति सदस्य मधुसूदन रजवार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित हुए। उन्होनें भ्रष्टाचार की समस्या एवं उसके निवारण के उपायों पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। ग्राम की महिलाओं द्वारा भ्रष्टाचार विषय पर रखे गये विचार से सभी काफी प्रभावित हुए। मंच का संचालन करते हुए श्री राकेश कुमार, अनुभाग अधिकारी (सामान्य) ने भ्रष्टाचार की शिकायत कहा कि जा सकती है इस संबंध में विस्तार से ग्रामीणों को जानकारी प्रदान किया। प्रियम मुखर्जी, वित्त एवं लेखा अधिकारी द्वारा ग्रामीणों एवं बच्चों को भ्रष्टाचार की बुराई और उससे दूर रहने के संबंध में प्रभावशाली वक्तव्य दिया गया। सभा के अंत में संस्थान के प्रशासन नियंत्रक सिद्धार्थ डे द्वारा उपस्थित सभी लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवायी गयी। उक्त कार्यक्रम के साथ ही सिंफर टीम द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, देवग्राम के बच्चों के बीच सतर्कता जागरूकता हेतु सरल शब्दों में भ्रष्टाचार, इसके कारण और इसके निवारण के उपायों को बताया गया। साथ ही कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के बीच कक्षावार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं बच्चों के बीच पुरस्कार एवं मिष्ठान का भी वितरण किया गया।

# पोक्सो एक्ट का आरोपी आकाश मुंडा रिहा



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो के विशेष न्यायाधीश सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवेश कुमार त्रिपाठी की अदालत ने बुधवार को पोक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) के तहत दायर मामले पोक्सो 45/2024 में विचारण के पश्चात साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह फैसला पोक्सो एक्ट के विशेष कोर्ट ने सुनाया, जिसमें मुंडा के वरीय वकील रणजीत गिरि द्वारा पेश किये गये तर्कों को सही ठहराते हुए रिहा करने का आदेश दिया। आकाश मुंडा शिक्षक पर आरोप था कि एक नाबालिक लड़की को भागने का आरोप लगा था। घटना अप्रैल 2024 की है, जब बोकारो के एक आवासीय इलाके में एक नाबालिग लड़की ने आकाश मुंडा पर पोक्सो एक्ट की धारा 8 और 12 एवं 363/366ए आइपीसी के तहत सेक्टर 12 थाना कांड संख्या 48/24 शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने तुरंत मुंडा को गिरफ्तार कर लिया था और मामला विशेष अदालत में विचाराधीन था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटाये थे, लेकिन मुंडा के बचाव पक्ष के वकील रणजीत गिरि ने दावा किया कि मामला बनावटी था और भयादोहन करने के नियत से किया गया था। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में निर्दोष को सजा नहीं दी जा सकती। साक्ष्यों की समीक्षा के बाद रिहा कर दिया गया। इस फैसले के बाद आकाश मुंडा के परिवार ने खुशी जाहिर की। उनके भाई महेश मुंडा ने कहा कि हमारा भाई निर्दोष है। यह फैसला न्याय की जीत है।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी में एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद के पदेन उपाध्यक्ष सह एसडीएम धनबाद राजेश कुमार के द्वारा एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस वाहन न. जेएच 10 सीइ 6822 का नारियल फोड़कर एवं फीता विधिवत उद्घाटन किया गया। जिसका क्रमश: 26 रुपया प्रति किलो मीटर के चार्ज साथ कार्डियक एंबुलेंस के तौर पर सेवा बहाल की जायेगी। समिति के अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने कहा 4 वर्षों के बाद पुन: यह सेवा बहाल की गयी है ताकि कार्डियक अटैक के मरीज और ब्रेन हेमरेज के मरीज तत्काल सेवा से लाभान्वित हो सके। बाजार के एंबुलेंस से इस एंबुलेंस का चार्ज भी बहुत कम रखा गया है। कार्यक्रम में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, वाईस चेयरमैन धनेश्वर महतो, सचिव रविन्द्र नाथ ठाकुर, संयुक्त सचिव महोदय दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डाक्टर जिम्मी अभिषेक, नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार, अनिल भगत, नोडल पदाधिकारी ब्लड बेनजीर परवीन, आजीवन सदस्य लीला माजी, वाइस पैटरान एडवोकेट बिजेंद्र कुमार, दुर्गा सिंह एवं आजीवन सदस्य मीथलेश कुमार चालक उपलब्ध रहें।

# डिनोबिली स्कूल सिंदरी के बच्चों ने की जरूरतमंदों की मदद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार को डीनोबिली स्कूल, सिंदरी के बच्चों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी पॉकेट मनी से पैसे जमाकर दीपावली में सबके साथ हर्षोल्लास से त्योहार मनाने के लिए 15 अक्टूबर को राशन-चावल, दाल, आटा तेल, गुड़ चना बिस्किट, मिक्सी, इलेक्ट्रीक केतली बगैरह स्टील का छोटा ड्राम, पंखा, बाल्टी सामान इक्कट्ठा किये। विद्यार्थियों ने मदर टेरेसा अनाथालय, लालमणि वृद्धाश्रम, निर्मला कुष्ठ रोग संस्थान का भ्रमण किया। छात्रों की पहल इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि कैसे शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के साथ जीवन की मूल्यों का पाठ पढ़ाती है। समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाती है। बड़ों और असहाय के प्रति प्रेम और सम्मान के मूल्यों को स्थापित करती है। इन संस्थानों में रह रहे लोग बच्चों के आगमन से बहुत खुश हुए और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य एवं नेक इंसान बनने के लिए अपना स्नेह भरा आशिर्वाद दिया। वृद्धाश्रम में छात्रों ने घर से निर्वासित वृद्धों के साथ उनके अनेक अनुभवों को साझा किया। मधुर स्वर में गीत गाकर अपने स्नेह को प्रकट किया। आश्रम में आश्रित असहाय वृद्धों से मिलकर उनके साथ अपनत्व से भरे यादगार पल बिताया। प्राचार्य पृथा सोजेन एवं शिक्षक अनुप पाण्डेय, लॉरेन्स फ्रांसीस, अजय कुमार सिंह,सरस्वती बासु, मीना, निशा ,डॉ ज्योति बरनवाल के प्रयासों एवं सौजन्य से विद्यार्थियों का यह भ्रमण संभव हुआ। लालमणि वृद्धाश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, सचिव डॉक्टर देवेंद्र शरण, कोषाध्यक्ष ओंकार मिश्रा, कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर बरनवाल ने विद्यार्थियों द्वारा वृद्धजनों की सेवा की प्रेरणा देने के लिए प्राचार्य पृथा सोजेन का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

# 45 करोड़ के जीएसटी गबन के आरोप में व्यापारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो के एक करोड़पति व्यापारी को बुधवार को केंद्रीय सरकारी एजेंसी ने गिरफ्तार कर लिया है। इस व्यापारी पर 200 करोड़ के फर्जीवाड़े का आरोप है। एजेंसी 14 अक्टूबर की सुबह से ही इसके आवास सह कार्यालय में लगातार कागजातों की जांच कर रही थी। फर्जीवाड़े का सबूत हाथ आते ही इसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी है।

चास के मानसरोवर इनक्लेव में प्रदीप कलबेलिया के आवास सह कार्यालय में 14 अक्टूबर की सुबह जीएसटी की टीम ने भारी सुरक्षा व्यवस्था के तहत छापा डाला। लगातार कागजातों को खंगालने के बाद प्रदीप कलबेलिया को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी है। गिरफ्तार प्रदीप लोहा व्यापारी हैं। पटना स्थित डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी कार्यालय के अपर महानिदेशक के नेतृत्व में यह पूरा ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस टीम को लीड करने वाले अधिकारी ने बताया कि प्रदीप के दो सहयोगियों अवनीत और फैसल को 14 जुलाई को ही हिरासत में लिया जा चुका है। फर्जी कम्पनियों के द्वारा 200 करोड़ की इसने हेराफेरी कर करीबन 45 करोड़ रुपए जीएसटी का गबन किया है।

एजेंसी के सूत्रों की माने तो यह एक बड़ा घोटाला है और इसकी जांच में अभी और कई सफेदपोशों के चेहरों से नकाब हटेगा की उम्मीद जतायी जा रही है। बताया जा रहा है कि एजेंसी 16 अक्टूबर को प्रदीप कलबेलिया को न्यायालय हिरासत में हाजिर कर आगे पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की कोशिश भी करने वाली है।

# जांच अभियान में 14 वाहनों से 1.17 लाख जुर्माने की वसूली



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय राज्यमार्ग 32 पर चास प्रखंड अंतर्गत पुपुनकी टॉल प्लाजा पर जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा बुधवार को चलाये गये सघन वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 14 वाहनों से 1 लाख 17 हजार रुपए का जूमार्ना वसूला गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर इस जांच अभियान में मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 14 वाहन से 1 लाख 17 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में इस अभियान के तहत कुल 47 वाहनों की जांच की गयी। जिसमें फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग, इंश्योरेंस फेल एवं टैक्स फेल होने को लेकर 14 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला लिया गया। इस दौरान चास प्रखंड के जोधाडीह मोड़, आइटीआइ मोड़ सहित अन्य जगहों के चौक चौराहों पर दो पहिया वाहनों सहित चार पहिया वाहनों की जांच की गयी, जिसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच की। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के साथ चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया गया।

# डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के उपलक्ष्य में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के अंतर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा बुधवार 15 अक्टूबर को डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर 09 / ए, में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 70 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों सतर्कता, इमानदारी एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर अपने विचारों को रंगों के माध्यम से रचनात्मकता के साथ सुंदर और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बीएसएल के ज्ञानेश झा, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ, शनि रंजन, सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) के साथ सुनील कुमार, प्राचार्य एवं सतर्कता विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षकों ने इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों में नैतिक जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया। कार्यक्रम का आयोजन सतर्कता विभाग की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा।

# न्यू किड्स गार्डन के बच्चों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न प्राप्त महान वैज्ञानिक डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम आजाद के जन्मदिवस एवं विश्व छात्र दिवस के शुभ अवसर पर बुधवार को न्यू किड्स गार्डन स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में क्लास 4, 5 एवं 6 को ए ग्रुप और क्लास 7, 8 को बी ग्रुप में रखा गया। नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने अपने विभिन्न प्रकार के मॉडल को प्रदर्शित किया और अपने विचारों को रखा। विज्ञान प्रदर्शनी में क्लास 4 से शिवम शर्मा की टीम, क्लास 5 से सुमन कुमारी की टीम, क्लास सिक्स से शाहीद की टीम और क्लास सिक्स के फलक ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल प्रस्तुत किया। ग्रुप बी में क्लास 7 की माही वर्मा की टीम और व्यक्तिगत रूप से क्लास 7 के हनीफा फातिमा क्लास 8 के अनुकल्प की टीम, क्लास 8 की ही साक्षी ग्रुप एवं क्लास 8 की आरती ग्रुप ने अपने अपने मॉडल को प्रदर्शित किया। क्लास नाइन के इशिका की टीम और क्लास 10 की सुनैना और कृष्ण की टीम ने एक से बढ़कर एक विज्ञान के मॉडल को प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडली में एसएन गुप्ता, सतपाल सिंह, सीमा सिंह, शहनाज बानो, सुल्ताना परवीन, कंचन कुमारी, चंदन चक्रवर्ती और प्राचार्य विजय कुमार दुबे शामिल थे। प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाने के बच्चों के प्रयास की काफी सराहना की। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय हमेशा इस प्रकार के क्रिएटिव कार्यक्रमों को आयोजित करता है, ताकि बच्चों में विज्ञान की सोच विकसित हो सके और वे अपनी परिकल्पनाओं को मूर्त रूप दें सके।

# अंशकालिक अधिकरण इ-आक्शन में लागू हों पुराने प्रावधान : सीपी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने झारखंड के सात कोयला प्रभावित जिलों में अंशकालिक अधिकरण (पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल) की तत्काल स्थापना एवं आगे चलकर पूर्णकालिक अधिकरण (फुल टाइम ट्रिब्यूनल) गठित किए जाने की आवश्यकता को लेकर भारत सरकार के कोयला सचिव विक्रम देवदत्त से नई दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने कोयला सचिव को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड के कोयला परियोजनाओं से प्रभावित विस्थापितों और हितग्राहियों के हक की रक्षा हेतु 15 मार्च 2024 को एक प्रशासकीय आदेश जारी किया गया था, जिसके अनुसार सात जिलों में अधिकरण स्थापित किया जाना था। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई 2024 को इस विषय पर एक पत्र पहले भी भेजा गया था, किंतु अब तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गयी है। सांसद ने कहा कि यह अधिकरण विस्थापन, पुनर्वास, मुआवजा, पर्यावरणीय प्रभाव तथा सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# एल्युमिनियम के तार के साथ दो गिरफ्तार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कंपनी से अल्युमिनियम का एक्सटेंशन तार चार बंडल चोरी कर खपाने वाले दो चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। मामला इस तरह हुआ कि मंगलवार की रात्रि में सअनि इमानुएल मुर्मू सशस्त्र बल के साथ संध्या गश्ती में जरीडीह थाना अंतर्गत तुपकाडीह क्षेत्र में गशती कर रहे थे। उसी दौरान गुप्त सुचना प्राप्त हुई की खुंटरी गांव स्थित महाकाल पेट्रोल पंप के पास रोड से अंदर जंगल झाड़ी के तरफ एक पिकअप गाडी घुसा हुआ है जिससे कोई संदिग्ध कार्य होने की संभावना है। इस सूचना से थाना प्रभारी जरीडीह को अवगत कराया गया। तत्पश्चात थाना प्रभारी दल बल के साथ तुरंत महाकाल पेट्रोल पंप के पास पहुंचे एवं गश्ती दल के साथ मिल कर घटनास्थल पर घेराबंदी कर छापामारी किया गया। छापामारी दल द्वारा भीएसपीएल कंपनी के रखे हुए एल्युमिनियम का एक्सटेंशन तार चोरी कर रहे दो व्यक्ति बैजनाथ मुर्मू एवं महानन्द मांझी को विधिवत गिरफ्तार कर एक महिन्द्र पिकअप वाहन के डाला में लदे चोरी का चार बंडल एल्युमिनियम का एक्सटेंशन तार वजन 300 (तीन सौ) किग्रा लगभग जब्त किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी पुअनि बिपिन चंद्र महतो, पुअनि हितनारायम महतो, पुअनि विकास कुमार विश्वकर्मा, सअनि इमानुएल मुर्मू,सशस्त्र बल आदि शामिल थे।

# 'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर जागृति क्विज प्रतियोगिता



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत बी एस एल के कार्मिकों के लिए 'सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर जागृति क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी के साथ मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा तथा सतर्कता विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुल 32 टीमों के 64 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी और संबोधित किया। जागृति क्विज प्रतियोगिता में क्विज मास्टर के रूप में आनंद राज, सहायक महाप्रबंधक (अधिशासी निदेशक-संकार्य सचिवालय) तथा शुभम वर्मा, वरीय प्रबंधक (कॉन्ट्रैक्ट सेल-संकार्य) उपस्थित थे। क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के बीच संगठन की प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, शासन, आचरण नियम, साइबर सुरक्षा, क्रय, इस्पात ब्यवसाय, रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली, नैतिकता और सतर्कता संबंधी विषय पर जागरूकता का प्रसार करना था। क्विज प्रतियोगिता जागृति में शुभम, वरीय प्रबंधक (आरसीएल) और अमन कुमार मिश्रा, वरीय प्रबंधक (गैस यूटिलिटीज) की टीम को प्रथम, डी चौधरी, महाप्रबंधक (एचएसएम) और राजीव गौतम, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) की टीम को द्वितीय तथा सुश्री प्रेरणा कुमारी, वरीय प्रबंधक(सीओ और सीसी) और सुश्री जी स्नेहा राजू, वरीय प्रबंधक(सीओ और सीसी) की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सभी विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। क्विज प्रतियोगिता जागृति में कार्यक्रम का संचालन सौम्या खाटी, प्रबंधक (सतर्कता) तथा धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक (सतर्कता) चित्रा पराशर के द्वारा किया गया।


## कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, राँची।

—: आम सूचना: —

पत्रांक.................... राँची / दिनांक...............

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है, कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

**NON RENEWAL OF NATIONAL PERMIT OF YEAR 2018-19**

| Sr No. | Vehicle No. | Due Amount | Sr No. | Vehicle No. | Due Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01AC5071 | 62500 | 51 | JH01BQ5007 | 80000 |
| 2 | JH01AD1224 | 62500 | 52 | JH01BQ6544 | 45000 |
| 3 | JH01AE0546 | 80000 | 53 | JH01BQ6559 | 62500 |
| 4 | JH01AE1194 | 80000 | 54 | JH01BQ9707 | 44500 |
| 5 | JH01AE3852 | 80000 | 55 | JH01BR4750 | 62500 |
| 6 | JH01AE3914 | 80000 | 56 | JH01BR6232 | 62500 |
| 7 | JH01AE4767 | 62500 | 57 | JH01BS3470 | 44500 |
| 8 | JH01AE5043 | 62500 | 58 | JH01BS3940 | 62500 |
| 9 | JH01AE5763 | 62500 | 59 | JH01BT8427 | 25000 |
| 10 | JH01AE6432 | 44500 | 60 | JH01BV2554 | 45000 |
| 11 | JH01AE8124 | 62500 | 61 | JH01BV6559 | 45000 |
| 12 | JH01AF2105 | 80000 | 62 | JH01BX7030 | 45000 |
| 13 | JH01AF3805 | 44500 | 63 | JH01CC6258 | 62500 |
| 14 | JH01AF9681 | 80000 | 64 | JH01CC7041 | 45000 |
| 15 | JH01AF9686 | 43500 | 65 | JH01CE0901 | 45000 |
| 16 | JH01AG1285 | 80000 | 66 | JH01CF7185 | 45000 |
| 17 | JH01AG3037 | 80000 | 67 | JH01CL4198 | 45000 |
| 18 | JH01AH1002 | 62500 | 68 | JH01P 5555 | 62500 |
| 19 | JH01AH2198 | 45000 | 69 | JH01Q 2621 | 62500 |
| 20 | JH01AJ0778 | 62500 | 70 | JH01Q 4964 | 62500 |
| 21 | JH01AJ1079 | 62500 | 71 | JH01R 9105 | 24000 |
| 22 | JH01AK-8202 | 45000 | 72 | JH01S 0534 | 80000 |
| 23 | JH01AL-0171 | 45000 | 73 | JH01T 8139 | 62500 |
| 24 | JH01AL-4750 | 45000 | 74 | JH01T 8140 | 62500 |
| 25 | JH01AL-4798 | 45000 | 75 | JH01T 8976 | 43500 |
| 26 | JH01AL-5545 | 45000 | 76 | JH01U 3388 | 24500 |
| 27 | JH01AL-6478 | 62500 | 77 | JH01V 5061 | 62500 |
| 28 | JH01AM-2296 | 45000 | 78 | JH01X 3182 | 45000 |
| 29 | JH01AM-5584 | 62500 | 79 | JH01Y 1169 | 44000 |
| 30 | JH01AM-7171 | 62500 | 80 | JH01Z 1852 | 62500 |
| 31 | JH01AM-9818 | 62500 | 81 | JH07C 8478 | 80000 |
| 32 | JH01AN-0712 | 62500 | 82 | JH07C 8498 | 80000 |
| 33 | JH01AN-2772 | 62500 | 83 | JH07C 8818 | 80000 |
| 34 | JH01AP-1302 | 62500 | 84 | JH07C 8825 | 62500 |
| 35 | JH01AP-2971 | 62500 | 85 | JH07D 1746 | 62500 |
| 36 | JH01AP3015 | 43500 | 86 | JH07D 9544 | 62500 |
| 37 | JH01AP3228 | 45000 | 87 | JH07E 3260 | 80000 |
| 38 | JH01AQ1219 | 43000 | 88 | JH07F 0683 | 45000 |
| 39 | JH01AR1563 | 45000 | 89 | JH07F 3996 | 43000 |
| 40 | JH01AU3624 | 45000 | 90 | JH08B 1541 | 80000 |
| 41 | JH01AY9997 | 43000 | 91 | JH08B 2090 | 80000 |
| 42 | JH01AZ6977 | 45000 | 92 | JH08C 3694 | 62500 |
| 43 | JH01BA9784 | 80000 | 93 | JH20A 6530 | 62500 |
| 44 | JH01BF8770 | 45000 | 94 | JH20C 7147 | 45000 |
| 45 | JH01BG8256 | 45000 | | | |
| 46 | JH01BL7863 | 44500 | | | |
| 47 | JH01BM8934 | 62500 | | | |
| 48 | JH01BM9441 | 62500 | | | |
| 49 | JH01BP4921 | 62500 | | | |
| 50 | JH01BP9699 | 62500 | | | |

अत: उपरोक्त सभी वाहनों स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है ,वो अपना राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0प्राधिकार, राँची।

PR 364205 Transport(25-26)D

# समय के साथ बदलना नहीं चाहती सरकार: सुप्रीम कोर्ट

## फांसी की जगह सुई के विकल्प के विरोध पर केंद्र को फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फांसी की जगह मौत के लिए सुई (जहरीला इंजेक्शन) के विकल्प का विरोध करने पर जमकर फटकार लगायी है। कोर्ट ने कहा कि सरकार समय के साथ बदलने को तैयार नहीं है। यह टिप्पणी उस वक्त आयी, जब केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि मौत की सजा भुगत रहे कैदियों को फांसी के बजाय मौत की सुई का विकल्प देना बहुत संभव नहीं है। बता दें कि मामले में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा ने याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि सजा पाये कैदी को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वे फांसी या मौत की सुई में से किसे चुनना चाहते हैं।

**वरिष्ठ अधिवक्ता ने अमेरिका का दिया उदाहरण :** मामल में मल्होत्रा ने कहा कि अमेरिका के 50 राज्यों में से 49 ने मौत की सुई को अपनाया है, क्योंकि यह तरीका तेज, मानवीय और उचित है, जबकि फांसी क्रूर है, क्योंकि व्यक्ति की लाश रस्सी पर करीब 40 मिनट तक लटकी रहती है।

### केंद्र को प्रस्वात पर सलाह देने का सुझाव

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के वकील से कहा कि वे सरकार को मल्होत्रा के प्रस्ताव पर सलाह दें। केंद्र के वकील ने कहा कि सरकार के लिए यह विकल्प देना संभव नहीं है और यह एक नीतिगत निर्णय है। जस्टिस मेहता ने कहा कि समस्या यह है कि सरकार समय के साथ बदलने को तैयार नहीं है। समय के साथ चीजें बदल गयी हैं।

### समिति बनाने पर विचार कर रही सरकार

वहीं केंद्र की ओर से कहा गया कि सरकार इस मामले में एक समिति बनाने पर विचार कर रही है, जो मृत्यु दंड की प्रक्रिया की समीक्षा करे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को निर्धारित की है। बता दें कि 2017 में दायर इस याचिका में फांसी की जगह मौत की सुई, गोली, बिजली या गैस चैंबर जैसे कम दर्दनाक तरीके अपनाने की मांग की गयी थी। हालांकि, 2018 में केंद्र ने कहा था कि फांसी तेज और सरल तरीका है और अन्य तरीके कम दर्दनाक नहीं हैं। इस याचिका में 187वें विधि आयोग की रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया था, जिसमें वर्तमान फांसी के तरीके को हटाने की सिफारिश की गयी है।

# विशाखापत्तनम में गरजी भारत और इंडोनेशिया की नौसेना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया की नौसेना 'समुद्र शक्ति 2025' के तहत विशाखापत्तनम में द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कर रही है। इसका मकसद दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, आपसी समझ को मजबूत करना और सर्वोत्तम अभ्यास को साझा करना है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेना का यह अभ्यास 14 अक्टूबर से शुरू हुआ है, जो 17 अक्टूबर तक विशाखापत्तनम में चलेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इसमें भाग लेने वाली इकाइयों में पूर्वी नौसेना कमान (इएनसी) के तत्वावधान में पूर्वी बेड़े का एक पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आइएनएस कवरत्ती और एक हेलीकॉप्टर सहित इंडोनेशियाई नौसेना का एक युद्धपोत केआरआइ जॉन लाइ शामिल हैं, जिनका इएनसी ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अधिकारी ने कहा कि अभ्यास समुद्र शक्ति हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और शांति बनाये रखने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संयुक्त समुद्री अभ्यास दो चरणों में किया जा रहा है, जिसमें हेलीकॉप्टर ऑपरेशन, वायु रक्षा अभ्यास, हथियार फायरिंग ड्रिल जैसे सैन्य अभ्यास शामिल हैं। बंदरगाह चरण में सौहार्द और पेशेवर तालमेल बनाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां शामिल हैं, जिनमें क्रॉस-डेक दौरे, संयुक्त योग सत्र, मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम और पेशेवर विषय विशेषज्ञों का आदान-प्रदान शामिल है। वहीं सागर चरण में गतिशील और जटिल समुद्री अभियान शामिल होंगे, जिनका उद्देश्य सामरिक समन्वय को बढ़ाना है, जिसमें हेलीकॉप्टर संचालन, वायु रक्षा अभ्यास, हथियार फायरिंग अभ्यास और विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर (वीबीएसएस) अभ्यास शामिल हैं।

# ब्रिक्स के डर से ही टैरिफ लगाये: ट्रंप

एजेंसी



**वाशिंगटन।** भारत, रूस, चीन और ब्राजील जैसी दुनिया की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं का मंच ब्रिक्स हमेशा से अमेरिका के लिए टेंशन की वजह रहा है। इससे डोनाल्ड ट्रंप अब भी उबर नहीं पाये हैं और उन्होंने खुद इस बात की पुष्टि की है। उनका कहना है कि ब्रिक्स ब्लॉक डॉलर पर सीधा हमला है। इसीलिए उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ टैरिफ एक्शन लिया है। ह्वाइट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि अब एक्शन के बाद से ब्रिक्स के सदस्य देश ग्रुप ही छोड़कर भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश एक नयी व्यवस्था लाना चाहते थे, ताकि अमेरिकी डॉलर को बदला किया जा सके। ट्रंप ने कहा, मैं साफ कहा कि जो भी ब्रिक्स में शामिल होना चाहता है, कर ले, लेकिन हम उन पर टैरिफ लगाते रहेंगे। इसके डर से सारे निकल गये। अब वे लोग ब्रिक्स से बाहर निकल रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने जब यह टिप्पणी की, उस दौरान अर्जेंटीना के प्रधानमंत्री जैवियर मिलेई भी बैठे थे। उन्होंने कहा कि हम डॉलर के प्रति समर्पित हैं। जो भी डॉलर में डील करेगा, उसे वे फायदे मिलेंगे, जो दूसरे लोगों के पास नहीं होंगे। ब्रिक्स तो डॉलर पर सीधा हमला था। मैंने साफ किया कि यदि आप गेम खेलेंगे, तो मैं टैरिफ लगाऊंगा। उन सभी उत्पादों पर यह लगेगा, जो अमेरिका आते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि हम इससे निकल रहे हैं। अब वे ब्रिक्स के बारे में बात भी नहीं करते।

दरअसल ये चर्चाएं रही हैं कि ब्रिक्स देशों की ओर से डॉलर का एक विकल्प तैयार करने की कोशिशें हो रही हैं। इसी संदर्भ में डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान था और उनका कहना था कि ऐसी कोई भी कोशिश सीधे तौर पर डॉलर पर हमला है। ऐसा करना अमेरिका की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है, जो हम नहीं होने देंगे। ब्रिक्स में भारत, रूस, ब्राजील, चीन और साउथ अफ्रीका रहे हैं। इन पांच देशों की ही इसमें सहभागिता रही है, लेकिन अब इसका विस्तार हुआ है। बीते कुछ सालों में मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात भी इसका हिस्सा बने हैं। डोनाल्ड ट्रंप फिलहाल विदेश नीति में टैरिफ का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने चीन, भारत समेत दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ लादे हैं। यही नहीं, उनकी धमकी है कि यदि कोई ब्रिक्स का हिस्सा बनता है, तो उस पर 10 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। बता दें कि भारत ने स्पष्ट किया है कि डॉलर को कमजोर करने की कोई रणनीति नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि हमें डॉलर से कोई परेशानी नहीं है और हम उसके साथ हैं। ऐसी चर्चाएं बेबुनियाद हैं और ऐसा कोई प्रयास भी नहीं हुआ है।

# जुबीन गर्ग मौत मामला: आरोपियों को जेल ले जाते समय भीड़ ने किया पथराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** असम पुलिस को बुधवार को उस समय लाठीचार्ज करना पड़ा, जब मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार किये गये पांच आरोपियों को जेल ले जाते समय भीड़ ने उन पर पथराव कर दिया। यह घटना बाक्सा केंद्रीय जेल के बाहर हुई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हमले में कुछ लोग घायल हुए, जिनमें एक महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। पथराव से कई वाहनों के शीशे टूट गये और प्रदर्शन को कवर कर रहे कुछ मीडियाकर्मी भी इसकी चपेट में आ गये। यह घटना उस समय हुई, जब आरोपियों को जेल में रखा जाने वाला था। जैसे ही उनके वाहनों का काफिला मुसलपुर इलाके में स्थित जेल के गेट के पास पहुंचा, वहां बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने यहां तक मांग की कि आरोपियों को जनता के हवाले कर दिया जाये, ताकि जुबीन को न्याय मिल सके। पुलिस ने प्रयास किया कि यह वाहन सुरक्षित जेल के अंदर पहुंच जाये, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने जेल के गेट पर तैनात पुलिस से धक्का-मुक्की शुरू कर दी और अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे हटने के लिए कहा। लेकिन जब वे नहीं माने, तो हालात को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इसके बाद भी तनाव बना हुआ है। भीड़ थोड़ा पीछे हटी है लेकिन अब भी वहां से पूरी तरह नहीं हटी है। इलाके के हालात को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और जेल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इससे पहले दोपहर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनइआइएफ) के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंता, जुबीन के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा, उनके रिश्तेदार और पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग और उनके दो निजी सुरक्षा अधिकारी नंदेश्वर बोरा और प्रवीण बैश्य को कामरूप के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया था। पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कोर्ट ने उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदेश दिया कि उन्हें ऐसी जेल में भेजा जाये, जहां कम से कम कैदी हों। इसी वजह से उन्हें बाक्सा जिले की मुसलपुर जेल में स्थानांतरित किया गया। यह जेल दो महीने पहले शुरू हुई है और अभी वहां कोई अन्य कैदी नहीं है। गौरतलब है कि असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का निधन 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय हो गया था।

### शपथ-पत्र



मैं, संदीप कुमार, (आधार संख्या 9285 2362 5257), स्वर्गीय दिनेश नायक के पुत्र, निवासी 204 ए, स्काईडिल, भोसले गली, हरिहर सिंह रोड, बरियातू, रांची पोस्ट- बरियातू, थाना- बरियातू, जिला रांची, झारखंड -834009. पहले मेरी बेटी को ईशानी (आधार संख्या 7104 3522 5602) के नाम से जाना और पुकारा जाता था। अब मैं अपनी बेटी का नाम बदलकर तुलसी नायक रखना चाहता हूँ और अब मेरी उक्त बेटी को ईशानी के स्थान पर तुलसी नायक के नाम से जाना और पुकारा जाएगा। इस तिथि से, उसके सभी दस्तावेज और कार्य तुलसी नायक के नाम पर होंगे न कि ईशानी के नाम पर। शपथ पत्र संख्या 2472, दिनांक-07.10.2025 के अनुसार।

### AFFIDAVIT



मैं, संदीप कुमार, (आधार संख्या 9285 2362 5257), स्वर्गीय दिनेश नायक के पुत्र, निवासी 204 ए, स्काईडेल, भोसले गली, हरिहर सिंह रोड, बरियातू, रांची पोस्ट- बरियातू, थाना- बरियातू, जिला रांची, झारखंड- 834009. पहले मेरी बेटी को इरा नायक (आधार संख्या 7636 2781 0908) के नाम से जाना और पुकारा जाता था। अब मैं अपनी बेटी का नाम ऋचा नायक के रूप में बदलना चाहता हूं और अब मेरी उक्त बेटी को ईरा नायक के स्थान पर ऋचा नायक के नाम से जाना और पुकारा जाएगा। इस तिथि से, उसके सभी दस्तावेज और कार्य ऋचा नायक के नाम पर होंगे न कि ईरा नायक के नाम पर। शपथ पत्र संख्या 2473, दिनांक-07.10.2025 के अनुसार।













VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**